

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 154 | गुरुवार, 16 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### खैबर पख्तूनख्वा में मकान की छत गिरी, 11 की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी बारिश के दौरान एक कच्चे मकान की छत गिरने से महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई तथा 12 अन्य घायल हो गए। बचाव अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार देर रात कोहाट जिले के मालागिन गांव में हुई।

### दूरसंचार उपकरण चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मोबाइल टावरों से महंगे दूरसंचार उपकरण चोरी करने और उनकी हांगकांग में तस्करी करने में शामिल एक कथित अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े चार सदियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने लगभग 70 लाख रुपये मूल्य की चोरी की गई 43 रिमोट रेडियो इकाइयां (आरआरयू) बरामद की हैं।

### सोनम की जमानत पर सुनवाई अब 21 को

नई दिल्ली। इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या मामले में पत्नी सोनम की जमानत को चुनौती देने वाली मेघालय सरकार की याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 21 जुलाई निर्धारित की है। यह मामला मई 2025 में मेघालय में हनीमून के दौरान हुई हत्या से जुड़ा है, जिसने पूरे देश का ध्यान खींचा था।

### थोक महंगाई दर 44 महीने में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली। खुदरा के बाद थोक महंगाई में भी भारी वृद्धि देखी जा रही है। जून में थोक महंगाई बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह पिछले महीने 9.68 प्रतिशत पर थी। जून में महंगाई 44 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों में दी गई।

### हर वाहन की खराबी के लिए एथेनॉल जिम्मेदार नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर ई-20 पेट्रोल का बचाव करते हुए कहा कि देश में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी वाहन में तकनीकी खराबी आने पर उसका कारण स्वतः एथेनॉल को नहीं माना जाना चाहिए। गडकरी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब यूट्यूबर और व्लॉगर सौरभ जोशी ने अपनी मर्सिडीज-बेंज एसयूवी की माइलेज कम होने का कारण पहले ई-20 पेट्रोल को बताया था। हालांकि बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि वाहन की माइलेज में गिरावट की वजह वास्तव में इंजन से जुड़ी समस्या थी।

### गिरफ्तार अमेरिकी बार-बार बदल रहा है अपना बयान

नई दिल्ली। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक अमेरिकी नागरिक को संदिग्ध स्थिति में हिरासत में लिया है। कैलिफोर्निया निवासी जॉर्डन ब्राउन को उत्तर प्रदेश के सोनौली सीमा में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने पकड़ा। वह स्वयं को अमेरिका की स्पेशल फोर्स का पूर्व सैनिक बता रहा था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, ब्राउन बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के नेपाल में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था।

### पैरामाउंट और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी विलय को चुनौती

वाशिंगटन। अमेरिका में मीडिया उद्योग की सबसे बड़ी प्रस्तावित डीलों में शामिल पैरामाउंट द्वारा वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के 110 अरब डॉलर के अधिग्रहण को अब बड़ा कानूनी झटका लगा है। कैलिफोर्निया की अगुवाई में 12 राज्यों ने इस विलय को रोकने के लिए अदालत में दरवाजा खटखटाया है। राज्यों का आरोप है कि यदि यह सौदा पूरा हो गया तो मनोरंजन उद्योग में प्रतिस्पर्धा गंभीर रूप से प्रभावित होगी और नई संयुक्त कंपनी का बाजार पर अत्यधिक नियंत्रण हो जाएगा। दायर मुकदमे में कहा गया है कि इस विलय के बाद फिल्म वितरण, स्ट्रिमिंग कारोबार और टेलीविजन चैनलों के क्षेत्र में एक ही कंपनी का दबदबा बढ़ जाएगा।

# वांगचुक के अनशन के बीच केजरीवाल की एंट्री, आज जंतर-मंतर पहुंचकर करेंगे मुलाकात

## युवाओं के भविष्य और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर 17 दिन से जारी है आंदोलन, विपक्षी समर्थन से बढ़ा दबाव

» अरविंद केजरीवाल आज जंतर-मंतर पहुंचकर सोनम वांगचुक से करेंगे मुलाकात
» सोनम वांगचुक परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और युवाओं के अधिकारों को लेकर कर रहे हैं अनशन
» दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र और दिल्ली सरकार से मांगा जवाब



केजरीवाल की मुलाकात को लेकर बढ़ी राजनीतिक हलचल

■ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का जारी अनिश्चितकालीन अनशन अब राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर चर्चा का केंद्र बन गया है। युवाओं के भविष्य, परीक्षा व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता की मांग को लेकर पिछले 17 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज गुरुवार को मुलाकात करेंगे। आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जंतर-मंतर पहुंचकर सोनम वांगचुक से बातचीत करेंगे और उनके आंदोलन को लेकर अपना बात रखेंगे। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे युवाओं से जुड़े इस मुद्दे को समझें और शांतिपूर्ण प्रदर्शन का हिस्सा बनें। सोनम वांगचुक का कहना है कि देश की परीक्षा व्यवस्था में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिसमें मेहनत करने वाले छात्रों के साथ अन्याय न हो। उनका आरोप है कि परीक्षा प्रक्रिया में कई स्तरों पर अनियमितताओं के कारण युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसी को लेकर वह सरकार से सुधार की मांग कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने सोनम वांगचुक के आंदोलन को युवाओं और छात्रों से जुड़ा मुद्दा बताया है। पार्टी विधायक संजीव झा ने कहा कि वांगचुक किसी निजी हित के लिए आंदोलन नहीं कर रहे हैं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। उनके सामने सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष होगी या नहीं। संजीव झा ने सोनम वांगचुक को समर्पित समाजसेवी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के लिए काम करते हुए बिताया है। लद्दाख में जल संरक्षण और पहाड़ी क्षेत्रों के विकास को लेकर भी उनके प्रयासों की सराहना की जाती है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय तक भूख हड़ताल करने से वांगचुक के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद वह युवाओं की मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। सोनम वांगचुक के अनशन का मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय तक पहुंच चुका है। इस संबंध में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है, जिसमें उनके स्वास्थ्य और लंबे समय से चल रहे अनशन को लेकर चिंता जताई गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों सरकारों से मामले पर जवाब मांगा है। अदालत की ओर से जवाब मांग जाने के बाद अब सरकार की अगली कार्रवाई पर सभी की नजर है। सोनम वांगचुक का आंदोलन अब केवल एक प्रदर्शन नहीं रह गया है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य से जुड़े बड़े सवालों को सामने ला रहा है। सरकार के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ युवाओं की चिंताओं का समाधान निकालना है, वहीं दूसरी ओर लंबे समय से चल रहे अनशन के कारण वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर भी कदम उठाने होंगे। कई विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार समय की जरूरत है। तकनीक और नई व्यवस्थाओं के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही भी जरूरी है।

अरविंद केजरीवाल का जंतर-मंतर पहुंचना इस आंदोलन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विपक्षी दल पहले से ही सरकार पर युवाओं और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। केजरीवाल की मुलाकात के बाद आंदोलन को राजनीतिक समर्थन मिलने की संभावना बढ़ सकती है। हालांकि आम आदमी पार्टी ने इसे केवल युवाओं के अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताया है। इससे पहले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी सोनम वांगचुक के समर्थन में पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने वांगचुक से अपील की थी कि वह अपना अनशन समाप्त करें क्योंकि आंदोलन ने पहले ही देश का ध्यान आकर्षित कर लिया है। थरूर ने कहा था कि युवाओं के मुद्दों को अब संसद में मजबूती से उठाने की जरूरत है।

### लंबे अनशन से स्वास्थ्य को लेकर चिंता

सोनम वांगचुक की लगातार जारी भूख हड़ताल को लेकर उनके स्वास्थ्य पर चिंता जताई जा रही है। आम आदमी पार्टी नेताओं ने भी कहा है कि इतने लंबे समय तक अनशन करना स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद समर्थक लगातार वांगचुक का समर्थन कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर गंभीर बातचीत नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि लंबे समय से चल रहे अनशन को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं की ओर से वांगचुक से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील भी की जा रही है।

### युवाओं के भविष्य को लेकर आंदोलन

सोनम वांगचुक लंबे समय से शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों पर आवाज उठाते रहे हैं। इस बार उनका आंदोलन मुख्य रूप से परीक्षा व्यवस्था में सुधार और युवाओं को निष्पक्ष अवसर दिलाने की मांग को लेकर है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश में लाखों युवा सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वे कई वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा प्रक्रिया में होने वाली गड़बड़ियों के कारण उनकी मेहनत पर असर पड़ता है। वांगचुक का कहना है कि युवाओं को ऐसी व्यवस्था मिलनी चाहिए जिसमें परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष हो, परिणाम समय पर आएं और चयन प्रक्रिया में किसी तरह की अनिश्चितता न रहे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि परीक्षा प्रणाली को मजबूत बनाया जाए और ऐसी व्यवस्था तैयार की जाए जिससे छात्रों का विश्वास दोबारा कायम हो सके।

# सीबीएसई के ओएसएम मार्किंग सिस्टम पर सुप्रीम कोर्ट कठोर, छात्रों के मानसिक तनाव को लेकर जताई चिंता

■ नई दिल्ली



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली ऑन-स्क्रीन मार्किंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने कहा कि परीक्षा मूल्यांकन की इस नई व्यवस्था से यदि छात्रों में मानसिक तनाव, निराशा और असंतोष बढ़ रहा है तो इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीएसई से इस व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और छात्र हित में बनाने की दिशा में कदम उठाने को कहा है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सहयोग मांगा है। अदालत ने कहा कि बच्चों के भविष्य से जुड़े इस विषय पर केवल तकनीकी व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसमें छात्रों की भावनात्मक और मानसिक स्थिति को भी ध्यान में रखना होगा। सीबीएसई ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में तेजी और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू किया है। इस प्रणाली के तहत छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर डिजिटल माध्यम से परीक्षकों तक पहुंचाया जाता है। शिक्षक कंप्यूटर स्क्रीन पर छात्रों की कॉपियां देखकर उनका मूल्यांकन करते हैं। सीबीएसई का मानना है कि इस प्रक्रिया से मूल्यांकन में तेजी आती है, गलतियों की संभावना कम होती है और उत्तर पुस्तिकाओं की निगरानी बेहतर तरीके से की जा सकती है। हालांकि, कुछ छात्रों और अभिभावकों ने इस प्रणाली को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि डिजिटल मूल्यांकन में कई बार उत्तरों का सही मूल्यांकन नहीं हो पाता और छात्रों को अपेक्षित अंक नहीं मिलते। कई छात्रों ने मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और पुनर्मूल्यांकन के दौरान आने वाली परेशानियों को लेकर शिकायतें दर्ज कराई हैं। इसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सहयोग करने को कहा है। अदालत चाहती है कि केंद्र सरकार, सीबीएसई और विशेषज्ञ मिलकर ऐसी व्यवस्था तैयार करें जिससे डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में छात्रों के हितों की बेहतर सुरक्षा हो सके।

### बच्चों की हताशा और मानसिक तनाव को देखिए

सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने छात्रों की परेशानियों पर संवेदनशील रुख अपनाया। पीठ में जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि बच्चों के भविष्य से जुड़े मामलों में केवल तकनीकी पहलुओं को नहीं देखा जा सकता। छात्रों पर परीक्षा परिणामों का मानसिक दबाव होता है और यदि मूल्यांकन प्रक्रिया से उनमें निराशा पैदा हो रही है तो इसे गंभीरता से समझना होगा। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, "जरा इन छोटे बच्चों की हताशा और मानसिक तनाव के स्तर को देखिए।" अदालत की यह टिप्पणी इस बात को दर्शाती है कि परीक्षा प्रणाली में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया जाना चाहिए।

# शशि थरूर ने सोनम वांगचुक से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील

■ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नाम खुला पत्र लिखकर उनसे जंतर-मंतर पर चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त करने की अपील की है। थरूर ने कहा कि वांगचुक का आंदोलन पहले ही देश का ध्यान आकर्षित कर चुका है और अब छात्रों व युवाओं से जुड़े मुद्दों को संसद के माध्यम से आगे बढ़ाई जानी चाहिए। सोनम वांगचुक पिछले 18 दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ कई प्रदर्शनकारी भी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। आंदोलन के दौरान वांगचुक ने अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी। थरूर ने वांगचुक से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भूख हड़ताल समाप्त करें। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक अनशन करना स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है और आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए नेतृत्व का स्वस्थ रहना जरूरी है।

### थरूर बोले- आंदोलन ने जगाई देश की अंतरात्मा

अपने पत्र में शशि थरूर ने सोनम वांगचुक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके शांतिपूर्ण आंदोलन ने देशभर में लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने लिखा कि इस प्रदर्शन ने पहले ही देश की अंतरात्मा को जगा दिया है और अब इन मुद्दों को लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से उठाने का समय है।

# आजम की जौहर विवि पर मंडराए बादल, 38 भवनों पर होगी ध्वस्तीकरण कार्रवाई

■ जागरण मोर्चा, कार्यालय

## 28 जून को रामपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जौहर विवि प्रबंधन को दिया गया था नोटिस

रामपुर। सपा नेता आजम खां की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब जौहर विवि में बिना मानचित्र के बनाए गए 38 अवैध भवनों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। विवि में 40 भवन बने है, जिसमें 38 ऐसे भवन है जोकि रामपुर विकास प्राधिकरण के बिना स्वीकृति के बने हुए हैं। जांच रिपोर्ट में यह तय पाया गया है कि 38 भवनों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी रामपुर विकास प्राधिकरण अजय कुमार द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा-27 के अंतर्गत मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट एवं जौहर अली विश्वविद्यालय से संबंधित प्रकरण में सुनवाई, अभिलेखों के परीक्षण तथा विधिक प्रावधानों के अध्ययन के बाद आदेश पारित करते हुए 38 अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। प्राधिकरण द्वारा क्षेत्रीय अवर अभियंता की आख्या के आधार पर प्रकरण दर्ज कर 28 जून को नोटिस जारी किया गया था। इसके उपरांत 29 जून को सचिव, मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट तथा रजिस्ट्रार, जौहर अली विश्वविद्यालय को नोटिस भेजकर अपना पक्ष रखने को कहा। 8 जुलाई को संयुक्त रूप से अपना लिखित उत्तर प्रस्तुत किया गया। लिखित उत्तर प्राप्त होने के पश्चात रामपुर विकास प्राधिकरण ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए प्रतिवादी को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया। इसके लिए 15 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई, जिसमें प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तथ्यों, प्रतिवादी के लिखित उत्तर, जिला पंचायत से प्राप्त अभिलेखों तथा उपलब्ध समस्त दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया गया। इस संबंध में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई आख्या में स्पष्ट किया गया कि इस परिसर में स्थित कुल 40 भवनों में से केवल दो भवनों के मानचित्र तत्कालीन जिला पंचायत से विधिवत स्वीकृत कराए गए थे। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी भवन के लिए जिला पंचायत अथवा किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृति अथवा निर्माण अनुमति प्राप्त होने का कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं पाया गया।





# हिसार हवाई अड्डे पर हादसा टला बंद रन-वे पर उतरा जहाज

■ चंडीगढ़

हरियाणा के हिसार हवाई अड्डे पर मंगलवार को उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब एक प्राइवेट चार्टर प्लेन बंद पड़े रन वे पर लैंड कर गया। हवाई अड्डा अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं, लेकिन इस बारे में अभी तक आधिकारिक बयान नहीं दिया गया। नंद किशोर गोयनका का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया था। वे 96 वर्ष के थे और पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। हिसार एयरपोर्ट पर जो चार्टर्ड प्लेन हादसे का शिकार हुआ, उसमें पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा की पत्नी सुशीला और परिवार के 6 अन्य लोग सवार थे। वह पिता नंदकिशोर गोयनका के पार्थिव शरीर को मुंबई से हिसार ला रहे थे। खुद सुभाष चंद्रा एयरपोर्ट पर मौजूद थे। जानकारी के अनुसार हरियाणा के पूर्व सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता नंदकिशोर गोयनका के पार्थिव शरीर को मुंबई से हिसार लाते हुए चार्टर्ड प्लेन मंगलवार को कैट आई रिफ्लेक्टर से टकरा गया।

पोलैंड के उप-विदेश मंत्री बारतोशेव्स्की ने कहा-

# रूस-यूक्रेन संघर्ष खत्म करने में सहायता कर सकते हैं मोदी

■ वारसा

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच तनाव कम करने के प्रयासों में भारत की भूमिका की पोलैंड ने सराहना की है। उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव तेओफिल बारतोशेव्स्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को गंभीरता से सुनते हैं और भारत उन चुनिंदा देशों में है, जो मॉस्को पर प्रभाव डालने में सक्षम है। अपने एक साक्षात्कार में पोलैंड के उप-विदेश मंत्री बारतोशेव्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व स्तर पर सम्मानित नेता बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं। सोवियत संघ के समय से ही भारत ने गुटनिरपेक्ष देश के रूप में रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखे हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन बेहद महत्व देते हैं।

### परमाणु हथियारों से दूरी में निभाई अहम भूमिका



पोलैंड के उप विदेश मंत्री ने वर्ष 2022 के अंत की घटनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने रूस को युद्ध के दौरान टैक्टिकल परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से दूर रहने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बारतोशेव्स्की ने कहा भारत अपनी इस स्थिति का उपयोग कर रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को समाप्त करने में योगदान दे सकता है।

# दिव्यांगों पर टिप्पणी: समय रैना सहित 5 पर 3-3 लाख जुर्माना



नई दिल्ली। फूहड़ कॉमेडी करने वाले स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना समेत 5 लोगों विपुल गोयल, बलराज घई, सोनाली ठक्कर और निशांत तंवर पर सर्वोच्च न्यायालय ने 3-3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ये कार्रवाई दिव्यांग लोगों पर किए गए असंवेदनशील टिप्पणियों से जुड़े एक मामले में की गई है। न्यायालय ने इन लोगों को गलती सुधारने का मौका देते हुए अपने कार्यक्रम में दिव्यांग लोगों को बुलाने का आदेश दिया था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि सभी लोग 2 सप्ताह के भीतर जुर्माना जमा करें। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि अगर उसके आदेशों का पालन नहीं किया हुआ, तो जुर्माना बढ़ा कर 30 लाख कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि 'क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन' नाम की संस्था ने रैना और दूसरे कॉमेडियनों पर दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाकर न्यायालय में याचिका दाखिल की थी।

[ आसमान से निगरानी ] 20 किलोमीटर से अधिक ऊंचाई से खुफिया जानकारी जुटाने की योजना

# 15000 करोड़ से अधिक लागत से भारत विकसित करेगा स्वदेशी स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप

■ नई दिल्ली

भारत ने लगातार निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने में सक्षम स्वदेशी स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। लगभग 15000 करोड़ की इस अत्याधुनिक रक्षा परियोजना में निजी क्षेत्र की कंपनियां भी भाग लेने की दौड़ में शामिल हैं। परियोजना का संचालन वायुसेना (आईएएफ) के डायरेक्टरेट ऑफ ऑपरेशंस (रिमोट) द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के तहत चयनित निजी कंपनियों को सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, ताकि वे एक ऐसा प्रोटोटाइप एयरशिप विकसित कर सकें जो 20 किमी से अधिक ऊंचाई पर उड़ान भर सके। यह एयरशिप ऑप्टिकल निगरानी, इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी जुटाने और लंबी दूरी तक संचार जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने में सक्षम होगा। इसका उद्देश्य निगरानी और सुरक्षा को और मजबूत बनाना है। इस परियोजना को फरवरी में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से मंजूरी मिल चुकी है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 15,000 करोड़ तय की गई है, जिसमें विकास कार्य और आवश्यक प्रणालियों की खरीद दोनों शामिल हैं। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय समानांतर रूप से फिक्स्ड विंग हाई एल्टीट्यूड प्सूडो सैटेलाइट (एचएपीएस) विकसित करने की योजना पर भी काम कर रहा है। यह प्रणाली जमीन से उड़ान भरकर लंबी दूरी के मिशनों को अंजाम देने में सक्षम होगी। फिलहाल भारत की किसी निजी कंपनी ने इस तकनीक का सफल प्रदर्शन नहीं किया है।

### सरकार करेगी 70 प्रतिशत वित्तपोषण

यह परियोजना एयरशिप आधारित हाई एल्टीट्यूड प्सूडो सैटेलाइट (एएस-एचएपीएस) के नाम से विकसित की जा रही है और इसे रक्षा खरीद की मेक-1 प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है। इस व्यवस्था में सरकार अनुसंधान एवं विकास की लागत का 70 प्रतिशत तक वित्तपोषण कर सकती है।



### 20 किमी ऊपर ड्रोन और पृथ्वी की निचली कक्षा के बीच प्लेटफॉर्म के रूप में करेगा काम

20 किलोमीटर से अधिक ऊंचाई पर संचालित होने वाला एएस-एचएपीएस उच्च ऊंचाई वाले ड्रोन और लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) उपग्रहों के बीच एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। जहां सामान्य हाई एल्टीट्यूड ड्रोन लगभग 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ते हैं, वहीं लो-अर्थ ऑर्बिट उपग्रह 500 से 2,000 किलोमीटर की ऊंचाई पर मौजूद रहते हैं। यह प्रणाली जमीन आधारित संचार नेटवर्क से उपग्रहों तक डेटा पहुंचाने में भी मदद करेगी। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि यह लगातार कई महीनों तक हवा में रहकर निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने का कार्य कर सकेगी। एयरशिप में लंबी दूरी की निगरानी के लिए अत्याधुनिक रडार, ऑप्टिकल सेंसर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाए जाएंगे। सरकार इन सेंसरों को भी स्वदेशी तकनीक से विकसित करने पर विशेष जोर दे रही है। साथ ही उड़ान के दौरान इस एयरशिप को नियंत्रित कर जरूरत के अनुसार किसी भी क्षेत्र की ओर मोड़ा जा सकेगा।

### 21 जुलाई को होगी एनडीए संसदीय दल की बैठक

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के एक दिन बाद 21 जुलाई को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक होगी। यह बैठक सुबह 9:30 बजे संसद पुस्तकालय भवन स्थित जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। इसमें लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के सभी सांसद शामिल होंगे। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। ऐसे में सरकार के विधायी एजेंडे को देखते हुए एनडीए नेताओं की यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सरकार ने 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक सुबह 11 बजे शुरू होने की संभावना है। इसमें सरकार अपने विधायी एजेंडे की रूपरेखा पेश कर सकती है, जबकि विपक्ष उन मुद्दों को सामने रख सकता है जिन्हें वह मानसून सत्र के दौरान उठाना चाहता है।

**एक नजर**

### जमीन के विवाद में सेल्स मैनेजर ने निगला सल्फास

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में जमीन को लेकर चल रहे विवाद से मानसिक रूप से परेशान एक सेल्स मैनेजर ने सल्फास पाउडर खाकर जान देने की कोशिश कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। शास्त्री नगर निवासी संजीव शंखधार, जो एक चाय पत्ती कंपनी में सेल्स मैनेजर हैं, का आरोप है कि फरीदपुर क्षेत्र के शाहपुर गांव के पूर्व प्रधान ने उनके छोटे भाई की पत्नी के साथ मिलकर उनकी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। उनका कहना है कि आरोपी प्रभावशाली होने के कारण गांव में कोई भी उसके खिलाफ खुलकर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। संजीव का यह भी आरोप है कि उनकी शास्त्री नगर स्थित संपत्ति पर भी कब्जे की नीयत से दीवार खड़ी कर दी गई। लंबे समय से चल रहे विवाद और लगातार बढ़ते मानसिक दबाव के चलते उन्होंने घर पर सल्फास पाउडर खा लिया।

## उत्तराखंड की एनएच हाईवे पर स्ट्रीट लाइट मरम्मत के दौरान कर्मचारी की मौत, पत्नी ने कंपनी प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

### उत्तराखंड हादसे में 13 तारीख की शाम बरेली को डॉक्टर ने किया था रेफर इलाज को लाते समय हुई थी मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तराखंड के एनएच हाईवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के दौरान हुई दर्दनाक दुर्घटना में कर्मचारी की मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक की पत्नी ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इसे हादसा नहीं बल्कि जिम्मेदारों की गंभीर चूक बताया है।

जानकारी के अनुसार, काशीपुर-सितारगंज हाईवे प्रा. लि. की ओर से भोजीपुरा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि 13 जुलाई की शाम बगवाड़ा के पास एनएच-74 पर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत का कार्य चल रहा था। कंपनी का इलेक्ट्रिशियन शिवंज कुमार तमांग हाइड्रा वाहन




की बकेट पर चढ़कर सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य कर रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार टाटा गाड़ी ने हाइड्रा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शिवंज कुमार ऊंचाई से सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले उत्तराखंड के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज, बरेली रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक की पत्नी ज्योति ने रोते हुए आरोप लगाया कि उनके पति को कंपनी की ओर से आवश्यक सेफ्टी बेल्ट (फॉल प्रोटेक्शन हार्नेस) नहीं पहनाई गई थी। यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। उन्होंने एनएच हाईवे के मैनेजर, कंपनी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। ज्योति ने बताया कि वर्ष 2024 में उनकी शादी हुई थी। दोनों खुशहाल जीवन बिता रहे थे और पति नौकरी कर परिवार का सहारा थे। लेकिन महज दो वर्ष में ही उनका सुहाग उजड़ गया। पति की मौत के बाद से वह सदमे में हैं और दो दिनों से ठीक से खाना तक नहीं खा सकी हैं। बिलखते हुए उन्होंने कहा, "मेरे पति की मौत का आखिर जिम्मेदार कौन है?" वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर और सभी पहलुओं की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अनुसूचित जाति की महिला से तमंचे के बल पर गैंगरेप, दो आरोपी हिरासत में

**बहेड़ी।** तहसील के एक गांव की अनुसूचित जाति की गरीब महिला गैस एजेंसी के मालिक के घर कनेक्शन की बात करने के लिए गई। वहां मौजूद तीन लोगों ने उसे पकड़ कर उसके साथ तमंचे की नोक पर गैंगरेप किया। उसकी वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की बात भी कहीं। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गैंगरेप, वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देना, जान से मारने की धमकी देना तथा एससी एचटी एक्ट में मुकदमा कायम किया है। पुलिस रे दो लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। तहसील के गांव की अनुसूचित जाति की महिला ने पुलिस को बताया कि 6 जुलाई की दोपहर 2:30 बजे उसका पति मजदूरी करने बाहर गया था। उसने बताया कि पति गूंगा और बहरा है।

## सिंचाई बंधु की बैठक में अफसर नदारद एमएलसी बहोरन लाल मौर्य नाराज होकर लौटे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फरीदपुर स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित सिंचाई बंधु की बैठक में विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भाजपा एमएलसी बहोरन लाल मौर्य भड़क गए। निर्धारित समय सुबह 11 बजे से पहले ही बैठक स्थल पहुंचने के बावजूद उन्हें करीब आधे घंटे तक अधिकारियों का इंतजार करना पड़ा। काफी देर बाद केवल एक सहायक अभियंता (एई) और एक अवर अभियंता (जेई) पहुंचे, जबकि कोई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद नहीं था। इससे नाराज एमएलसी बिना बैठक किए ही लौट गए।

एमएलसी ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह और प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव से फोन पर शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले को शासन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बैठक बाढ़ से बचाव की तैयारियों और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए बुलाई गई थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से जनहित प्रभावित हो रहा है।

वहीं रुहेलखंड नहर खंड के अधिशासी अभियंता सर्वेश सिन्हा ने बताया कि वह विभागीय कार्य से लखनऊ गए थे और उन्होंने सहायक अभियंता को बैठक में शामिल होने के लिए अधिकृत किया था। दूसरी ओर प्रभारी सीडीओ ने माना कि वरिष्ठ अधिकारी की अनुपस्थिति में नामित अधिकारी को समय से बैठक में मौजूद रहना चाहिए था। लगातार जनप्रतिनिधियों की बैठकों में अधिकारियों की गैरमौजूदगी से विभागीय जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## बरेली पोस्टमार्टम हाउस की बिजली कटी, गर्मी में मृतकों के परिजन और कर्मचारी परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भीषण गर्मी के बीच जिला पोस्टमार्टम हाउस में मूलभूत सुविधाओं का संकट गहरा गया है। बुधवार तड़के विद्युत विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम हाउस का बिजली कनेक्शन काट दिया, जिससे पूरे परिसर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली न होने से पोस्टमार्टम कार्य प्रभावित हो रहा है और वहां तैनात डॉक्टरों व कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण पोस्टमार्टम के लिए आने वाले मृतकों के परिजनों को भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। परिसर में पंखे बंद होने से लोगों को उमस भरी गर्मी में इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, पीने के पानी के लिए लगा सरकारी हैंडपंप भी कई



महीनों से खराब पड़ा है, जिससे पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने बिजली, पेयजल और अन्य समस्याओं को लेकर कई बार अपने उच्च अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। बिजली कटने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। पोस्टमार्टम हाउस में लावारिस शवों को रखने वाला फ्रीजर भी सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि इससे दुर्गंध फैलने के साथ संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। हालांकि, बिजली कनेक्शन काटे जाने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चर्चा है कि बकाया बिजली बिल के चलते यह कार्रवाई की गई हो सकती है। फिलहाल बिजली आपूर्ति ठप रहने से पोस्टमार्टम हाउस का कामकाज प्रभावित है। कर्मचारी और मृतकों के परिजन जल्द से जल्द बिजली बहाल करने तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं।

## जुलाई में सर्पदंश के बढ़े मामले, बरतें सावधानी

**बरेली।** बरसात में सर्पदंश के मामले बढ़ने लगे हैं। बरेली के जिला अस्पताल में जनवरी से अब तक 56 सर्पदंश पीड़ित इलाज के लिए पहुंचे। इनमें से 28 मामले जुलाई के हैं। समय पर एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) लगने से 27 मरीजों की जान बच गई। देर से पहुंचे एक मरीज की मौत हुई। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में जिले में सर्पदंश के 136 मामले स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचे। इनमें से 11 लोगों की मौत हुई थी। इस वर्ष अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। दो मृतकों के आश्रितों को दैवीय आपदा राहत मद के तहत चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह के मुताबिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम निशुल्क लगती है। सर्पदंश के बाद शुरुआती एक से तीन घंटे में अस्पताल पहुंचना जरूरी होता है।

## फ्री ट्रेड समझौते के विरोध में किसानों का हुंकार राष्ट्रपति नहीं प्रधानमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते के विरोध में किसान एकता संघ ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. रवि नागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर समझौते को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई।



डॉ. रवि नागर ने कहा कि देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर किसान इस समझौते का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना था कि यदि यह समझौता लागू हुआ तो इसका सबसे अधिक असर देश के किसानों, खेतिहर मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों पर पड़ेगा। इसके साथ ही भारतीय कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समझौता देश की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए भी चुनौती बन सकता है।

ज्ञापन में किसानों ने केंद्र सरकार से मांग की कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते से पहले किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों को सर्वोच्च

**▸ किसान एकता संघ बोला–विदेशी व्यापार नीति से खेती, पशुपालन और छोटे कारोबार पर पड़ेगा प्रतिकूल असर**

प्राथमिकता दी जाए। साथ ही प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। डॉ. रवि नागर ने कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो देश बचाओ मोर्चा चरणबद्ध तरीके से राष्ट्रव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह संवैधानिक दायरे में होगा और इसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की नीतियों पर होगी।

### विभिन्न मांगो को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**बहेड़ी।** किसानों के लिए यूरिया तथा डीए पी खाद की किल्लत, आवास पशुओं से होने वाली घटनाओं से लेकर अयोध्या में श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी समेत कई गंभीर मुद्दों को लेकर भाकियू ( अराजनैतिक) की तहसील इकाई की ओर से राष्टपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम इशिता किशोर को सौंपा गया। ज्ञापन में केसर शुगर मिल पर चल रहे बकाया भुगतान, अमेरिकी ट्रेड डील से देश के किसानों को होने वाले नुकसान का जिक्र करते हुए प्रयागराज में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पर एक ही दिन में 11 मुकदमे थोप दिए जाने का आरोप लगाया गया है। नकली खाद तथा बीज की अवेध बिक्री पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग के साथ कहा गया है कि श्रीराम मंदिर में जमा होने वाली चंदे की रकम को देश भर की गौशालाओं में पल रहे गौवंश पर खर्च किया जाए।


जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्द्पुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


## सीबीगंज की शराब फैक्ट्री में कर्मचारी की संदिग्ध मौत, दूसरे ही दिन गई जान बॉयलर पर था तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज स्थित सुपीरियर शराब फैक्ट्री में बुधवार शाम करीब 5:30 बजे एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में हड़कंप मच गया, जबकि सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग फैक्ट्री गेट पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। हालात को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मृतक की पहचान बिसारतगंज थाना क्षेत्र के धीरपुर निवासी सत्यपाल पुत्र रामलाल के रूप में हुई है। वह फैक्ट्री में बॉयलर पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि सत्यपाल ने एक दिन पहले ही फैक्ट्री में नौकरी शुरू की थी और बुधवार को उनकी ड्यूटी का दूसरा दिन था। सुबह वह सामान्य रूप से काम पर पहुंचे थे, लेकिन शाम को




उनकी मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं, फैक्ट्री परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। प्रबंधन ने किसी भी मीडियाकर्मी को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया, जिससे घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल पुलिस फैक्ट्री के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बिथरी थाने में युवक से मारपीट का मामला गरमाया, इंस्पेक्टर की मौजूदगी पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाने में युवक के साथ कथित मारपीट के मामले में जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मामले में थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा के उस दावे की भी पड़ताल शुरू कर दी गई है, जिसमें उन्होंने घटना के समय थाने में मौजूद न होने की बात कही है। पुलिस अब उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह सत्यापित करने में जुटी है कि घटना के वक्त उनकी वास्तविक लोकेशन क्या थी। सूत्रों के अनुसार जांच टीम थाने की जनरल डायरी (जीडी), सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन का मिलान कर रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि यदि थाना प्रभारी थाने से बाहर गए थे तो उसकी विधिवत एंट्री जीडी में दर्ज की गई थी या नहीं। दूसरी ओर घायल अनिल के परिजनों का आरोप है कि उसे थाने के ऐसे कमरे में ले जाकर



पीटा गया, जहां निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। इस बिंदु को भी जांच में शामिल किया गया है। उधर, अस्पताल में भर्ती अनिल के हाथ का मंगलवार को दूसरा ऑपरेशन किया गया। परिजनों के मुताबिक सर्जरी करीब ढाई घंटे तक चली। चिकित्सकों ने बताया है कि चोट गंभीर होने के कारण हाथ के पूरी तरह स्वस्थ होने में एक से दो वर्ष तक का समय लग सकता है। फिलहाल उसका इलाज जारी है और हालत में सुधार होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी देने पर विचार किया जाएगा। घायल की मां ने बेटे के इलाज में आ रहे खर्च को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। लंबे उपचार के कारण घर की स्थिति और कठिन हो गई है तथा छोटे बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी परिवार के सामने बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी साक्ष्यों का निष्पक्ष परीक्षण किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।






## 'सीवाई-वज्र' अभियान में साइबर अपराधियों पर बड़ी चोट, बरेली परिक्षेत्र में 91 आरोपी गिरफ्तार

### 83 मुकदमे दर्ज, 26.76 लाख नकद, 72 मोबाइल, 31 एटीएम कार्ड और 940 USDT क्रिप्टोकरेंसी बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष 'सीवाई-वज्र' अभियान में बरेली परिक्षेत्र पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में संयुक्त कार्रवाई करते हुए 91 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 83 मुकदमे दर्ज किए गए और लाखों रुपये की नकदी सहित बड़ी मात्रा में डिजिटल साक्ष्य और उपकरण बरामद किए गए। अभियान में साइबर सेल, साइबर थाना, एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल सर्विलांस और बैंकिंग डाटा के आधार




पर कार्रवाई की। पुलिस ने विभिन्न राज्यों से जुड़े साइबर गिरोहों और किराये पर बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 'म्यूल अकाउंट' धारकों को भी गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान 26,76,740 नकद, 72 मोबाइल फोन, 31 एटीएम कार्ड, तीन फर्जी आधार कार्ड, एक पेटीएम स्कैनर, 940 USDT (क्रिप्टोकरेंसी) और एक सीड क्रिप्टो डिवाइस बरामद की गई।

**झारखंड से जुड़ा अंतरराज्यीय गिरोह बेनकाब :** बरेली साइबर थाना की कार्रवाई में ऐसे गिरोह का खुलासा हुआ, जिसके सदस्य झारखंड से आकर रेलवे स्टेशन और भीड़भाड़ वाले बाजारों में मोबाइल चोरी करते थे। चोरी के मोबाइल जामताड़ा और नाला स्थित साइबर अपराधियों तक पहुंचाए जाते थे, जहां उनमें मौजूद बैंकिंग जानकारी का दुरुपयोग कर ऑनलाइन ठगी की जाती थी। गिरोह मोबाइल चोरी के लिए एक नाबालिग का भी इस्तेमाल करता था।

**APK इंस्टॉल कर उड़ाते थे बैंक खातों की रकम**

शाहजहांपुर के कांट क्षेत्र में पकड़े गए आरोपी लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके मोबाइल में फर्जी APK फाइल इंस्टॉल कराते थे। इसके जरिए बैंक खातों से जुड़े ओटीपी और अन्य संवेदनशील जानकारी हासिल कर खातों से रुपये निकाल लेते थे। ठगी से मिलने वाला कमीशन उन्हें USDT क्रिप्टोकरेंसी के रूप में मिलता था।

**साइबर ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत**

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी का शिकार होने पर बिना देरी किए 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस के अनुसार, शुरुआती 30 मिनट के भीतर शिकायत मिलने पर ठगी की रकम को फ्रीज कर वापस दिलाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साथ ही जनपद की साइबर सेल, साइबर थाना और साइबर हेल्पडेस्क से भी तत्काल संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर–** 7906815587, 9758444242


# लकड़ी कारोबारी के घर-फैक्ट्री पर इनकम टैक्स का छापा, मचा हड़कंप

## पुराने गंज स्थित आवास, भमरौआ फैक्ट्री में जांच जारी, टीम ने की दस्तावेजों की जांच



लकड़ी कारोबारी के निवास पर खड़ी अधिकारियों की कार।



लकड़ी कारोबारी के घर के गेट में खड़ी बाइक।




भमरौआ रोड स्थित फैक्टरी पर लगा बोर्ड।



फैक्ट्री के बाहर टीम में शामिल अधिकारियों की खड़ी कार।

### खरीद-बिक्री का मांगा रिकॉर्ड

फैक्ट्री में अधिकारियों ने कारोबारी से खरीद–बिक्री के रिकॉर्ड, जीएसटी रिटर्न, वित्तीय अभिलेखों और अन्य व्यावसायिक दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, टीम ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर उनका सत्यापन भी शुरू कर दिया है। जांच के दौरान कर संबंधी विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे गए।

### मोबाइल, लैपटाप भी किए जब्त

मेरठ से आई केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर सीजीएसटी की टीम ने लकड़ी कारोबारी जकी उल्लाह खां से मोबाइल और लैपटाप जब्त कर लिया। साथ ही घर और फैक्टरी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। टीम द्वारा छापेमारी करने से शहर के अन्य लकड़ी कारोबारियों में खलबली मच गई। मालूम हो कि पिछले दिनों शहर के नामचीन लकड़ी कारोबारी मुन्न–बब्लू के यहां भी कई दिन तक छापेमारी हुई थी।

### सपा नेता आजम खां के घर पर हो चुकी हैं आईटी की छापेमारी

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के घर पर करीब तीन साल पहले आईटी आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। आजम खां के घर पर लगातार तीन दिन तक छापेमारी जांच जारी रही थी। कुछ माह बाद माला रोड स्थित पूर्व सभासद फरहत अली खां के घर पर छापेमारी हुई। यहां पर टीम की कई दिन तक छापेमारी जारी रही थी। वर्ष 2026 के मार्च माह में लकड़ी कारोबारी मुन्नन खां बब्लू के घर, फैक्ट्री पर छापेमारी की। इसके बाद बुधवार को लकड़ी कारोबारी जकी उल्लाह खां के घर पुराना गंज स्थित घेर इनायत उल्लाह खां टीम पहुंची। यहां से टीम भमरौआ रोड स्थित फैक्ट्री पहुंची। जहां टीम ने खरीद–फरोख्त के बारे में जानकारी ली। टीम के आने की लगातार छापेमारी से लकड़ी कारोबारियों में खलबली मची रही। जकी उल्लाह खां के घर पर छापेमारी के दौरान सात सदस्यीय टीम शामिल है।

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) मेरठ की टीम ने बुधवार सुबह लकड़ी कारोबारी जकीउल्लाह खान के आवास और फैक्ट्री पर छापा मारा। यह कार्रवाई पुराना गंज स्थित उनके निवास और थाना सिविल लाइन क्षेत्र के भमरौआ रोड लकड़ी फैक्ट्री पर की गई। सुबह करीब सात बजे सीजीएसटी टीम दो वाहनों में पुलिस बल के साथ कारोबारी के घर पहुंची। टीम ने घर के सभी कमरों की तलाशी ली। परिवार की एक महिला ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तलाशी के दौरान क्या मिला, इसकी जानकारी अधिकारियों ने नहीं दी। घर पर तलाशी पूरी होने के बाद, सुबह करीब साढ़े दस बजे टीम कारोबारी जकीउल्लाह खान को अपने साथ भमरौआ स्थित लकड़ी फैक्ट्री ले गई। वहां पहुंचते ही अधिकारियों ने दस्तावेजों की गहन जांच की।

**अंदर या बाहर आने-जाने की नहीं दी अनुमति**

बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे तक फैक्ट्री का मुख्य गेट बंद रहा। अंदर या बाहर किसी को भी आने-जाने की अनुमति नहीं थी। मीडिया ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने जांच पूरी होने तक कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। कारोबारी जकीउल्लाह खान की ओर से भी इस कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सीजीएसटी अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही आवश्यक जानकारी साझा की जाएगी।

## एक नजर

### शाहबाद में हुए सड़क हादसे में कई घायल

**शाहबाद।** बुधवार को 11 शाहबाद–आवला मार्ग पर नवनिर्मित इस्लामिया स्कूल भवन के सामने वाहन चेकिंग अभियान चल रहा था। इसी दौरान एक बाइक सवार चेकिंग टीम को देखकर घबरा गया और उसकी बाइक पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन से टकरा गई, जिसमें




वह घायल हो गया।मित्तरपुर निवासी अजमुद्दीन अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बाइक पर शाहाबाद की ओर से जा रहे थे। सामने वाहन चेकिंग टीम को देखते ही वह घबरा गए और अचानक बाइक मोड़ दी। इसी बीच पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक टकरा गई, जिससे अजमुद्दीन घायल हो गए। गनीमत रही कि साथ सवार पत्नी और बच्चे सुरक्षित बच गए।हादसे की जानकारी मिलते ही चेकिंग टीम में तैनात सिपाहियों ने तत्परता दिखाते हुए उसी चार पहिया वाहन से घायल अजमुद्दीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रामपुर के लिए रेफर कर दिया।

### डीएम से आज मिलेगा कमेटी का प्रतिनिधिमंडल

**रामपुर।** मोहल्ला चीनी गिरान में बनी मस्जिद–मजार को लेकर दिए गए लोक निर्माण विभाग द्वारा नोटिस को लेकर जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी और उलेमाओं के साथ 16 जुलाई सुबह 10 :30 बजे जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे। यह जानकारी सचिव मुकर्रम रजा इनायती ने दी।

# दो बच्चों के साथ खुदकुशी करने पहुंची महिला, हंगामा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**सैदनगर।** लालपुर कोसी बैराज पर दो बच्चों के साथ महिला खुदकुशी को पहुंची तो हंगामा हो गया। पुल से कूदते समय राहगीरों ने महिला को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को परिजनों के हवाले कर दिया है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के लालपुर कोसी डैम का है। थाना टांडा के युसूफ नगर गांव निवासी मेहराज की पत्नी शाइस्ता गांव में आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर तैनात है। महिला का अपने पति और ससुराल वालों से काफी समय से विवाद चल रहा है। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर ससुराल वाले महिला को प्रताड़ित करते रहते थे। बुधवार समय करीब 11बजे महिला अपने बेटे आहिल 4 वर्ष और बेटी फातिमा 6 वर्ष के साथ लालपुर कोसी बैराज पर पहुंच गई। महिला नें दोनों बच्चों को अपने कमर से बांध पुल से नीचे कूदने लगी। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने महिला का हाथ पकड़ लिया। शोर मचाने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर आ गए। इस दौरान चौकी इंचार्ज चंद्र विक्रम सिंह की घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने महिला के परिजनों को भी मौके पर बुला लिया। महिला का आप हाथ पति और ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते रहते हैं। जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर महिला और बच्चों को उसके हवाले कर दिया।



लिस से वार्तालाप करती महिला।

## सार संक्षेप



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। –जागरण मोर्चा

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया नवागत जिलाध्यक्ष का स्वागत, स्वार ब्लॉक सभागार में हुई पंचायत

**स्वार।** स्वार ब्लॉक सभागार में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक आवश्यक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नवागत जिला अध्यक्ष दरबलीलाल शर्मा का कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाएं पहनाकर और बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें क्षेत्र का बिजली संकट मुख्य मुद्दा रहा।स्वागत समारोह और पंचायत के बाद यूनियन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में छाए गंभीर बिजली संकट को लेकर रोष व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती और लो–वोल्टेज के कारण फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। इस समस्या के समाधान के लिए तहसीलदार के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार सतीश चंद को सौंपा गया और जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की मांग की।नवागत जिलाध्यक्ष (भाकियू) दरबलीलाल शर्मा ने कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिजली की समस्या का समाधान यदि जल्द नहीं हुआ, तो भारतीय किसान यूनियन सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।इस मौके पर भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष लखविंदर सिंह गिल, जिला सलाहकार सलामत जान, जाजबीर सिंह, मजहर अली लाला, अमीर अहमद और प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान और यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवपदोन्नत आईएएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन में नवपदोन्नत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित, सुशासन, पारदर्शिता एवं संवेदनशील प्रशासन की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।शिष्टाचार भेंट के दौरान रामपुर के अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान सहित नवपदोन्नत आईएएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प दोहराया।



मुख्यमंत्री को सम्मानित करते आईएएस डॉ. नितिन मदान।

### नवाब जुल्फिकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक जारी खेल कैलेंडर एवं जनपदीय क्रीड़ा प्रभारी अरविन्द कुमार भास्कर दिशा अनुसार नवाब जुल्फिकार स्टोटर्फ स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपदीय अंडर 16, 17 बालिका वर्ग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। नेहरु हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ ओलंपियन आरएस रावत, सुभाष चन्द्र प्रधानाचार्य राजकीय बाकर इण्टर कॉलेज ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। अंडर 15 बालिका वर्ग में कन्या इण्टर कॉलेज खारी कुआं की सिर्फ एक ही टीम ने प्रतिभाग किया। जबकि अंडर 15, एवं अंडर 17 बालक वर्ग में राजकीय बाकर इण्टर कॉलेज की टीम ने प्रतिभाग किया। जनपद स्तर से मण्डल स्तरीय पर चयन कर लिया गया। अब ये तीनों ही टीमें 18 जुलाई को होने वाले मण्डल स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता जोकि बिजनौर के नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगी। जिसमें मुरादाबाद मण्डल के पांचों जनपदों की टीमें रामपुर, सम्भल, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर मनोज कुमार, शमी उर रहमान सूरी, प्रभु दयाल, ममता देवी मौजूद रहे। ओलंपियन आरएस रावत, राशिद मियां, हॉकी कोच फरहत अली, हीराकली आदि उपस्थित रहे।



नवाब जुल्फिकार स्टोटर्फ स्पोर्ट्स स्टेडियम में खड़े प्रतिभागी। –जागरण मोर्चा

# मजार-मस्जिद को लेकर कमेटी ने दिया नोटिस का जवाब

- **लोनिवि अफसरों से मिले शंहशांह मस्जिद कमेटी के सज्जादनशीन-लोग**

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** चीनी गिरान में बनी मजार-मस्जिद को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा दिए गए नोटिस का जवाब कमेटी ने बुधवार को दे दिया है। जिसमें कमेटी ने आला अधिकारियों को मजार-मस्जिद के कागजात, वक्फ बोर्ड में पंजीकरण होने का हवाले दिया। कहा कि यहां पर 150 साल पुरानी मस्जिद-मजार विस्थापित है। इसके बाद सारे कागजात दिखाए गए। दिए गए नोटिस में इस बात का हवाला देते हुए कि मजार-मस्जिद में बाहरी लोगों को आवागमन के कारण परिसर में बने विभागीय आवासों में अध्यासित सरकारी, कर्मचारियों और परिवारों की सुरक्षा के लिए दीवार बनवा ली जाए। साथ ही मस्जिद, मजार के बाहर कमेटी की ओर से दीवार बनाकर एक गेट निकाला लिया जाएगा। एक्सईएन ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना। इस पर जिलाधिकारी के समक्ष मामला रखने की बात कही।



मोहल्ला चीनी गिरान में बनी शंहशांह मस्जिद। –जागरण मोर्चा

10 जुलाई को नोटिस में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता स्टोर की ओर से जारी नोटिस के अनुसार मौजूदा मजार व मस्जिद शहर के मोहल्ला चिरान स्थित प्रांतीय खंड के खंडीय भंडार परिसर स्थित सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के बनाई गई है।

> बुधवार को कमेटी ने विभाग द्वारा दिए नोटिस का जवाब दाखिल किया है। कमेटी ने दीवार बनाए जाने की बात रखी है। यह मामला जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा
> – इं.केवी सिंह, एक्सईएन लोनिवि।

विभाग का कहना है कि इस अवैध कब्जे के कारण निर्माण सामग्री के रखरखाव, सरकारी वाहनों के आवागमन और विभागीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। मजार व मस्जिद पर बाहरी लोगों की आवाजाही के चलते परिसर में बने विभागीय आवासों में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा, निजता और शांति व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। इसलिए कमेटी को नोटिस जारी कर 7 दिन का समय दिया गया। जिस पर बुधवार को कमेटी के सज्जादनशीन समेत अन्य लोगों ने नोटिस का जवाब दाखिल किया।

### बारिश से बचने के लिए छत से उतरते समय फिसली वृद्धा, दर्दनाक मौत

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के चकरपुर कदीम गांव में बीती रात छत पर सो रही वृद्धा की छत से गिरने से मौत हो गई। बताते चले कि चकरपुर कदीम गांव के हेमराज की पत्नी कलावती देवी(60) बीती रात छत पर सो रही थी, तभी अचानक बारिश आ गई। बारिश से बचने के चक्कर में छत से नीचे उतरते समय कलावती अपना संतुलन खो बैठी और छत से नीचे आ गिरी। छत से गिरने के कारण वृद्धा के गंभीर चोट आई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वृद्धा की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे चार बेटे और दो बेटियां छोड़ गई हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। बुधवार को गमगीन माहौल में परिजनों ने वृद्धा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस दुखद हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है।



### आजम खां की सजा अपील पर 18 को आएगा फैसला

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी–एमएलए सेशन में बुधवार को आजम खां की सजा के खिलाफ अपील पर अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई है अब 18 जुलाई को अदालत फैसला सुनाएगी। जबकि हाईकोर्ट ने आजम खां, अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में अपील पर न्यायालय ने पूर्व विधायक नवेद मियां, शहर विधायक आकाश सक्सेना और राज्य सरकार को नोटिस जारी जवाब मांगा था। इस मामले में बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया था। जिस पर न्यायालय ने सुनवाई के लिए 6 अगस्त मुकर्रर की है। सेशन कोर्ट में बुधवार को मजिस्ट्रेट फैसले के खिलाफ आजम खां द्वारा दायर की गई अपील पर अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई। 16 मई को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अफसरों के खिलाफ बोले गए अपशब्द मामले में दोषी पाते हुए आजम खां को दो साल की सजा और जुर्माना डाला था। यह मुकदमा वर्ष 2019 में लोक सभा चुनाव के दौरान तत्कालीन डीएम, वर्तमान मंडलायुक्त के खिलाफ बोलने पर थाना भोट में दर्ज किया गया था। अब 18 जुलाई को अदालत फैसला सुनाएगी। आजम खां अपने बेटे अब्दुल्ला के साथ 17 नवंबर 2025 से जिला कारागार में बंद हैं।

# लोनिवि ने जौहर विवि में गेट के बाहर लगवाया बोर्ड

- **विभाग की 3.5 किलोमीटर की सड़क है जौहर विवि में गिरफ्त में**

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में लोक निर्माण विभाग ने 3.5 किलोमीटर की सड़क पर बोर्ड लगवा दिया है। जिस पर साफ लिखा है कि यह आम रास्ता है। विभागीय अफसरों ने मौके पर पहुंचकर बोर्ड लगवाया। बोर्ड लगवाने की कई दिनों से विभाग की ओर से तैयारियां आरंभ थी।

सपा नेता आजम खां ने गांव सींगनखेड़ा में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विवि का निर्माण इस तरह से कराया कि विवि के मैन गेट पर लोनिवि की सड़क पर गेट बना दिया गया। वर्ष 2003-04 में मुलायम सिंह के मुख्यमंत्री रहने के दौरान आजम खां ने जौहर विवि के प्रस्तावित मानचित्र में मौजूद मुख्य द्वार से होते हुए लोनिवि की साढ़े तीन किलोमीटर की सड़क का निर्माण करा लिया। इस मामले में तत्कालीन डीएम आंजेनय कुमार सिंह ने नौ सदस्यीय टीम गठित कर इसकी जांच कराई तो धीरे-धीरे विवि पर सरकारी बजट लगाने के रिकॉर्ड सामने आए। जांच के दौरान पिछले दिनों आला अधिकारियों ने इसकी रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांगी थी। उन्होंने इसकी रिपोर्ट सौंपी।




जौहर विवि के गेट पर बाहर बोर्ड लगवाते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

> लोक निर्माण विभाग की साढ़े तीन किलोमीटर की सड़क की रिपोर्ट प्रशासन अधिकारियों ने मांगी। बुधवार को बोर्ड लगवा दिया गया है जिस पर लिखा है कि आम रास्ता है। –
> इ.केवी सिंह, एक्सईएन, प्रांतीय खंड लोनिवि।

बुधवार को जौहर विवि के गेट के बाहर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बोर्ड लगवा दिया है।

**जागरूक** | जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बना सभागार में हुआ शिविर का आयोजन

# संक्रमित व्यक्ति को लगाई गई सुई से फैलता है एचआईवी संक्रमण: सीएमओ

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** जिला चिकित्सालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के हितार्थ एआरटी केंद्रों द्वारा सामाजिक सुरक्षा एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एचआईवी से संबंधित जानकारी दी गयी। पैथोलोजिस्ट डॉ. प्रद्योत सिंह ने बताया कि किन कारणों से एचआईवी का संक्रमण फैलता है, साथ ही कौन कौन सी जांच उपलब्ध हैं जोकि संक्रमण फैलने पर कराईं जाती हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि एचआईवी मुख्यतौर पर असुरक्षित यौन संबंध , संक्रमित व्यक्ति को लगायी गयी सुई से अन्य लोगों को वही सुई लगाने से एवं मान्यता ना प्राप्त लैब से ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराने से फैलता है। कहा कि सुरक्षा ही एचआईवी से बचाव की कुंजी है। इस मौके पर एचआईवी सेंटर में दवा प्राप्त कर रहे मरीजों द्वारा भी अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शहजाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर एआरटी सेंटर के एमओ, डॉ सिराज अहमद ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे सभी कर्मियों, मरीजों, आम नागरिकों का प्रतिभाग करने पर आभार जताया।




जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में बोलते पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रद्योत सिंह। –जागरण मोर्चा



# किसान फार्मर रजिस्ट्री के साथ बनवाएं फैमिली आईडी: रामकिशन

## विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस


विकास भवन के सभागार में आयोजित किसान दिवस में शामिल अधिकारी-पदाधिकारी।

### जर्जर मार्ग की भी रखी गई मांग

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल सचिव जुवैद आलम ने ग्राम पंचायत अजीतपुर से मदैयां बल्लू सहित अन्य गांवों को जोड़ने वाले मार्ग की मरम्मत कराने की मांग उठाई। बैठक में किसानों द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने गन्ने की बुवाई से संबंधित आंकड़ों तथा बाढ़ चौकियों की व्यवस्था के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में बुधवार को उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गत माह आयोजित किसान दिवस में किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं उनके निस्तारण की प्रगति से किसानों को बताया गया। साथ ही उपस्थित किसानों की नई समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए।

बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग 16 जुलाई से प्रारंभ होगी। उन्होंने किसानों से समय पर बुकिंग कर कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है, वे अपनी फैमिली आईडी भी अवश्य बनवा लें, ताकि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने किसानों को जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा विकसित 'फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' मोबाइल ऐप के माध्यम से किसान घर बैठे अपनी फार्मर आईडी अथवा आधार संख्या से लॉगिन कर नजदीकी उर्वरक विक्रेता से अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के बाद ऐप पर प्राप्त क्यूआर कोड एवं बुकिंग आईडी दिखाकर संबंधित विक्रेता से आसानी से उर्वरक प्राप्त किया जा सकता है।

# भाजपा नेता रोहित सैनी ने अभद्र व्यवहार की शिकायत की

जागरण मोर्चा कार्यालय




**टांडा।** पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी मंत्री सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों से की गई शिकायत में कहा गया है कि कोतवाली टाण्डा में तैनात एक उपनिरीक्षक का आचरण पूरी तरह जनविरोधी है।

11 जुलाई की रात्रि करीब 9: 45 बजे जब वह स्वयं सैदनगर क्षेत्र के एक झगड़े के सम्बन्ध में पीड़ित परिवार की सूचना पर कोतवाली पहुंचे तथा वहां उन लोगो से वार्तालाप कर रहा था तभी वहां शराब के नशे में धुत उपनिरीक्षक आये तथा पीड़ित लोगो को धमका कर बाहर भगाने लगे। आरोप है कि जब नगर अध्यक्ष ने उनसे ऐसा करने से मना किया तब उन्होने उन्हें भी धक्का देकर कहा कि अपनी नेतागर्दी भाजपा वालो पर चलाना मुझे मत सिखा। भाजपा नेता ने उनका विरोध किया तथा शिकायत तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक से की तब उक्त उपनिरीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक के सामने उनके ही कक्ष में भाजपा नेता के साथ अभ्रद भाषा का प्रयोग किया तथा धमकाया कि यहा से चला जा नही तो अजांम बुरा होगा।

भाजपा नगर अध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि उपनिरीक्षक के अभद्र व्यवहार से मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात लगा है तथा मानसिक रूप से बहुत परेशान है। उपनिरीक्षक के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई है। ताकि जन सामान्य का पुलिस पर विश्वास बना रहे।

## सार संक्षेप


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

### कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में क्षेत्र के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रखरता से उठाया। पंचायत के बाद किसानों ने नायब तहसीलदार को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार ने किसानों की सभी जायज समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने का ठोस आश्वासन दिया है। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों को खाद संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाए, साथ ही साथ आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजा जाए। इसके अलावा कई अन्य मांगे भी ज्ञापन में शामिल रही। इस दौरान प्रमुख सचिव सुनील कुमार, युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह आदि रहे।


बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता को अंगवस्त्र उड़ाते बीजेपी कार्यकर्ता।

### भाजपाइयों ने सुरेश बाबू गुप्ता का किया स्वागत

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 38 विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के लिए विधानसभा संयोजक एवं जिला संयोजक की घोषणा की गई है।इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता को 38 विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का विधानसभा संयोजक तथा जिला महामंत्री जगपाल सिंह यादव को जिला संयोजक नियुक्त किया है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं को अंगवस्त्र उड़ाकर एवं माला पहना कर बधाई एवं शुभ कामनाएं भी दी। कार्य कर्ताओं ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई यह जिम्मेदारी संगठन को और मजबूत करेगी। वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और मार्गदर्शन से बूथ स्तर तक पार्टी का काम और गति पकड़ेगा।इस मौके पर सुरेश बाबू गुप्ता, जगपाल सिंह यादव, मनीष शर्मा, अनुभव शर्मा, वेद प्रकाश चंद्रवंशी आदि रहे।

### नलकूपों के संयोजन का कार्य अंतिम चरण

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी में पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए तेजी से कार्य कराया जा रहा है और 17 जुलाई से पूर्व की भांति नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में भूजल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण पुराने नलकूपों की मोटरें पर्याप्त पानी नहीं उठा पा रही हैं। वहीं एक नलकूप पूरी तरह पेयजल लाइन में पानी देने में असफल हो गया है, जिससे जलापूर्ति प्रभावित हुई है। बताया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए कुछ माह पूर्व निर्मित नए नलकूपों को मुख्य पेयजल लाइन से जोड़ने का कार्य पिछले तीन दिनों से युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। 16 जुलाई तक सभी नए नलकूपों का संयोजन मुख्य लाइन से पूरा कर लिया जाएगा।नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगरवासियों से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि 17 जुलाई से नगर में पूर्व की तरह नियमित एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। साथ ही उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# हजरत अब्बास की याद में शहर में निकला अलम का जुलूस

- **शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ इमामबाड़ा किला पहुंचा जुलूस**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** हजरत की अब्बास में याद में बुधवार को सैयद फैसल हुसैन की देखरेख अलम का जुलूस इमामबाड़ा मो.जफर अली बेग से शुरू हुआ जोकि बजरिया मुल्ला जरीफ किला पश्चिमी गेट होता हुआ इमामबाड़ा किला मर्दाना में पहुंचकर देर रात सम्पन्न हुआ।

जुलूस में मुरादाबाद, रामपुर, इलाहाबाद, बरेली और सिरसी से आई तंजीमों ने नोहाख्वानी की। सुरक्षा के मद्देनजर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनात रही। जुलूस में कोयला वाली मस्जिद के पास छुर्रियों का मातम हुआ। जुलूस से पहले मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने मजलिस को खिताब किया। जुलूस में आई अंजुमन गुंचए मेंहदिया ने नोहा पढ़ा। कि नोके सिना पर रोते थे सरवर, मेरी बहन बेपर्दा है। जुलूस में आग पर मातम किया। इस दौरान वसीम हैदर जैदी, डॉ.अली गाजी जैदी, सलीम हैदर जैदी, हिलाल, बिलाल, प्रिंस, रिंकू, मुजतबा अली बेग, नदीम अकबर, कमल रिजवी, कायम मेंहदी, सैयद अली मोहम्मद जैदी, अदीब रिजवी आदि मौजूद रहे।


मोहल्ला लाल कबर में जुलूस के दौरान मातम करते अजादार। -जागरण मोर्चा

# मदरसा जमीयत उल अंसार के मुतवल्ली के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

- **रात में गिलेन्डर से काटी थी दुकान, नगदी भी कर दी गायब**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** न्यायालय के आदेश पर मदरसा जमीयत उल अंसार के मुतवल्ली सआदत अली और उसके दो हकीकी भाई पप्पू और फसाहत पुत्रगण सलामत जान और चचेरा भाई काशिफ पुत्र मुकद्दस निवासीगण अली हाउस पाखड़ वाला थाना के खिलाफ समीर पुत्र ताहिर अली की तहरीर पर थाना गंज में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

समीर का कहना है 30 वर्षों से मदरसा जमीयत उल अंसार की बिल्डिंग में उसकी दुकान है जिसे उसके पिता चलते थे जिनका बीते दिनों निधन हो गया था। उसके पिता ताहिर अली हर महीने किराया भी देते थे मगर 8 जनवरी 2026 को जब समीर अपनी दुकान आया तो दुकान में बाहर से नए ताले लगे हुए थे और शटर अंदर से बंद था, दुकान खोली तो दुकान के पीछे दीवार टूटी थी। पता चला कि मदरसे का मुतवल्ली सआदत अली, पप्पू, फसाहत और काशिफ ने रात में दुकान अंदर से गिलेन्डर से काट दी थी। जहां डेढ़ लाख रुपए का समान और दुकान का 70 हजार का गल्ला रखा था जिसे लूट लिया गया और लगातार मुतवल्ली के द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। दुकान वक्फ संपत्ति है उसे अनैतिक व गैर कानूनी तरीके से खाली करने का दबाव बनाया जा रहा था। जब के मदरसे का मामला लखनऊ उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है। जिसकी आड़ में यह सभी काम हो रहा है। गलत तरीके से दबाव बनाकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।



अस्तबल रोड स्थित मदरसा जमीयत उल अंसार।

इस सिलसिले में उस ने थाना गंज पुलिस में तहरीर दी मगर थाने में बिठाकर उस पर समझोते का दबाव बनाया जा रहा था। इस संबंध में 12 जनवरी को पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया गया तब भी कुछ नहीं हो सका। समीर ने कोर्ट का सहारा लिया तब इस मामले में थाना गंज पुलिस में मुतवल्ली सआदत अली, उसके भाई पप्पू, फसाहत और काशिफ के खिलाफ धारा 331(3) /305 (ए)/ 351 (2) यानी विशिष्ट स्थान में चोरी और अपराधिक धमकियां देने जैसी संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में समीर द्वारा अपने अधिवक्ता सय्यद अराफात आरिश के माध्यम से न्यायालय में मुकदमा दर्ज करने की अर्जी दी थी जिस पर अदालत ने तथ्य सुनकर 4 जुलाई को थाना गंज पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। जिसमें थाना गंज पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। ज्ञात हो हाल में ही उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंटर वक़्फ़ बोर्ड ने सआदत अली की कमेटी को बरखास्त कर मो.उस्मान की अध्यक्षता की कमेटी को बहाल कर दिया है।

# बाग कटान प्रकरण में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के रामपुर मार्ग पर स्थित बाग कटान के मामले में वन विभाग की ओर से बाग स्वामी सहित एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर विधिवत जांच शुरू कर दी गयी है।उधर मंगलवार की देर रात तहसीलदार,प्रभारी निरीक्षक और वन विभाग के हल्का प्रभारी ने बाग में पहुंचकर मौका मुआयना किया।

गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला नज्जूपुरा निवासी शाहनवाज खां का रामपुर रोड पर प्रथमा बैंक के पास आम का बाग है।जिसमें करीब 250 आम के हरे भरे पेड़ लगे हैं।सोमवार की रात लगभग 150 पेड़ों की मोटी शाखाओं को काटकर ठूंठ बना दिये गए।इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से हड़कंप मच गया। उच्च अधिकारियों की सूचना के बाद पुलिस और वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। बाग स्वामी का उद्देश्य यह था कि पहले पेड़ों को ठूंठ बना दिया जाए और बाद में इन्हें जड़ से काट दिया जाएगा।मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान और चर्चा में आने के बाद वन विभाग की ओर से बाग स्वामी सहित दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उधर मंगलवार की देर शाम तहसीलदार निश्चय कुमार,थाना प्रभारी और वन विभाग की टीम ने बाग में पहुंचकर मौका मुआयना किया।


मौके पर पहुंचकर जांच करते तहसीलदार निश्चय कुमार वन विभाग की टीम।

# आवारा कुत्तों को पकड़वाए पालिका प्रशासन: रागिब

- **शहर में आए दिन हो रही घटनाएं, कुत्ते हो रहे हमलावर**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों से शहरवासियों का जीना दूभर कर दिया है कुत्ते लोगों पर हमलावर हो रहे है जिससे लोग चोटिल हो रहे है, लेकिन जिम्मेदार इनको पकड़वाने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के जिला प्रभारी रागिब खान ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों को लेकर घटनाएं दिन ब दिन हो रही है। कभी कोई बुजुर्ग, तो किसी की बहन या फिर बच्चों को शिकार बनाया जा रहा है। कहा कि पालिका प्रशासन को चाहिए कि इन आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारी चुप नहीं बैठेंगे। एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए वरना हर एक अधिकारी को अपने खून से पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को भेजेंगे।




जायजा | ग्रामीणों को राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की दी जानकारी

# एडीएम ने शाहबाद क्षेत्र के संवेदनशील गांवों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

- **शाहबाद में नदी का निरीक्षण करते एडीएम**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में संभावित बाढ़ की तैयारियों को लेकर लगातार निगरानी और समीक्षा की जा रही है। बुधवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आनन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी शाहबाद, जिला आपदा विशेषज्ञ एवं आपदा सहायक ने तहसील शाहाबाद के ग्राम मदारपुर एवं कूप का निरीक्षण कर संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय परिस्थितियों का आकलन करते हुए बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तटबंधों की स्थिति, जल निकासी व्यवस्था तथा अन्य बाढ़ सुरक्षा कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए समयबद्ध ढंग से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का पूर्व आकलन कर समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम रखा जा सके।निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को बाढ़ की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों एवं बाढ़ राहत शिविरों में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां पका हुआ भोजन, सूखा राशन, स्वच्छ पेयजल, बिस्तर, चिकित्सा सुविधा, शौचालय सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें।जनपद प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किए जा सकें।


शाहबाद में नदी का निरीक्षण करते एडीएम। -जागरण मोर्चा

# प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी का किया विस्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) ने महिला संगठन को नई मजबूती दी है। जिसमें नसीमा जिलाध्यक्ष व नसीम जहां को नगर अध्यक्ष बनाया है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) ने संगठन विस्तार करते हुए महिला प्रकोष्ठ में महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने नसीमा निवासी बरादरी महमूद खां को महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष तथा नसीम जहां को महिला प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है।

यह नियुक्तियां जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद आलिम, जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद तथा जिला महासचिव जावेद मियां की संस्तुति पर की गईं। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि जिले में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। प्रदेश संगठन मंत्री एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी सलीम मलिक ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) उत्तर प्रदेश में पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी।

पार्टी जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।कहा कि रामपुर में पार्टी का संगठन तेजी से विस्तार कर रहा है। जल्द ही हजारों नए कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ेंगे।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नसीम एवं नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नसीम जहां ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे जिले में महिलाओं को बड़ी संख्या में पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत करेंगी। पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएंगी।

इस अवसर पर डॉ. निजात, सादाब खां, रोजी, जिया कौसर, जावेद मियां सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने पार्टी नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले रामपुर में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) का संगठन और अधिक मजबूत होगा।


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत, मजदूर झुलसा, परिजनों में मचा कोहराम

**गणेश कालोनी गली नंबर 10 में पाड़ बांधते समय हुआ हादसा, परिजनों व पुलिस के बीच काफी देर तक नोक-झोंक**


घटनास्थल पर राजमिस्त्री के शव पर विलाप करते परिजन।


घटनास्थल से पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन।


घटना के बाद परिजनों को समझाते प्रभारी निरीक्षक।


झुलसे मजदूर को सीएचसी ले जाते स्वास्थ्य कर्मी।


मृतक महेंद्र का फाइल फोटो।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गणेश कालोनी गली नंबर 10 में मकान की तीसरी मंजिल पर पाड़ बांधने को लोहे का पाइप डाल रहे राजमिस्त्री व मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। हादसे में राजमिस्त्री की मौके पर मौत हो गई। जबकि मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन व पुलिस मौके पहुंच गई। परिजन राजमिस्त्री के शव पर विलाप करने लगे। ब मुश्किल पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम को भेजा है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गणेश कालोनी गली नंबर 10 निवासी श्रीनिवास यादव के मकान पर पिछले 5-6 दिन से कार्य चल रहा है। जिसमें राजमिस्त्री महेंद्र 35 वर्ष पुत्र बद्री प्रसाद निवासी कैथल का मझरा नवाबपुरा व मजदूर भूदेव पुत्र महेंद्र पाल निवासी रायपुर कला थाना बहजोई कार्य कर रहे थे। श्रीनिवास यादव बुधवार को डायलिसिस कराने बरेली गए थे। घर पर अन्य परिजन थे। बुधवार की सुबह रोजाना की तरह राजमिस्त्री व मजदूर कार्य पर पहुंचे। सुबह 11.30 बजे दोनों तीसरी मंजिल पर दीवार पर प्लास्तर करने को पाड़ बनाने की तैयारी कर रहे थे। जबकि घर से सटकर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। जैसे ही दोनों ने दीवार में लोहे का पाइप डाला, तभी हाईटेंशन ने चपेट में ले लिया है और दोनों को करंट ने दूर फेक दिया। घटना से मोहल्ले में दहशत फैल गई और लोग मिस्त्री व मजदूर की मदद करने को मौके पर पहुंचे। देखा तो मौक पर राजमिस्त्री महेंद्र की मौत हो गई थी जबकि मजदूर भूदेव 50 से 60 प्रतिशत झुलस गया। घटना की सूचना पर राजमिस्त्री के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गए और शव पर विलाप करने लगे। परिजन मकान स्वामी पर राजमिस्त्री की हत्या करने का आरोप लगा रहे थे तथा परिजनों व पुलिस के बीच काफी देर नोक-झोंक भी हुई। कोतवाल संत कुमार ने परिजनों को समझा-बुझा कर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के भेजा। जबकि घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। राजमिस्त्री अपने पीछे पत्नी प्रेमलता व दो बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

**घटना के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन**

गणेश कालोनी में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत व मजदूर के घायल होने की घटना से आसपास के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और विद्युत विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। लोगों ने बताया कि कई बार हाईटेंशन लाइन हटाने को विद्युत विभाग, समाधान दिवस व मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी विद्युत लाइन को आबादी के ऊपर से नहीं हटाया जा रहा है। घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन आगे भी ऐसी घटना हो सकती है। इसलिए हाईटेंशन लाइन को हटाया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में विनोद सक्सेना, बंटी ठाकुर, सत्यपाल सिंह, धीरेंद्र यादव, मेराज यादव, ममता चौधरी, रतनेश यादव, पप्पू शर्मा, मोनू सक्सेना, सोनू गुप्ता, अरविंद शर्मा, गेंदन लाल यादव आदि मौजूद रहे।

**बच्चियों के कहने पर डीएम ने हटवाई थी हाईटेंशन लाइन**

गणेश कालोनी में कई स्थानों पर मकानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। पिछले एक वर्ष पहले गणेश कालोनी की दो बच्चियों ने सोशल मीडिया में वीडियो जारी कर हाईटेंशन लाइन हटाने की गुहार लगाई थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर डीएम ने संज्ञान लिया और दो से तीन दिन में हाईटेंशन लाइन को हटवा दिया था।


प्रदर्शन करते लोग।

## कार की चपेट में आने से बालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में बुधवार की सुबह 9 बजे कार की चपेट में आने से ढाई वर्षीय बालक की मौत हो गई। कार सरकारी विद्यालय की शिक्षिका की थी। दोनों पक्षों में समझौता हो गया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया।

गांव रीठ में बुधवार की सुबह 9 बजे गांव का ढाई वर्षीय अभियांश पुत्र किशन पाल गांव में हनुमान मूर्ति के पास कार की चपेट में आ गया। कार गांव के सरकारी विद्यालय में शिक्षिका को छोड़कर वापस जा रही थी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने कार को रोकने का प्रयास किया। मगर शीशे बंद होने पर चालक आवाज नहीं सुन सका। हादसे के ग्रामीण बालक को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही बालक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक-शिक्षिका व बालक के परिजनों के बीच काफी देर तक वार्ता हुई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। घटना के बाद बालक की मां सीमा देवी व पिता किशन पाल का रो-रोकर बुरा हाल बना था।

## गोकशी के आरोपितों से मुठभेड़, एसएचओ घायल

- **जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, दो साथी जंगल की ओर भागे, कांबिंग जारी**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** असमोली थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और गोकशी के आरोपितों के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में थाना प्रभारी (एसएचओ) मोहित कुमार घायल हो गए, जबकि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपित के पैर में गोली लगी। घायल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में कांबिंग अभियान चला रही है।

पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी मोहित कुमार मढ़न चौकी प्रभारी अनुज चौहान और पुलिस टीम के साथ नरैठा मोहम्मदपुर गांव की पुलिया के पास गौशाला मार्ग पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने करीब तीन राउंड गोलियां चलाईं। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के मुंडी मिलक निवासी इमरान के पैर में गोली लग गई। वहीं मुठभेड़ के दौरान एसएचओ मोहित कुमार की दाहिनी बांह में भी गोली लगने से वह घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया।


मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह ने बताया कि घायल बदमाश इमरान के साथ सईम और अलीम भी बाइक पर सवार थे। मुठभेड़ का फायदा उठाकर दोनों मौके से फरार हो गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए आसपास के जंगल और संभावित ठिकानों पर कांबिंग अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित इमरान गोकशी के मामलों में संलिप्त रहा है। उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस फरार दोनों आरोपितों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## सीएचसी में हुआ एफआरयू का शुभारंभ, डीएम की पहल रंग लाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जिलाधिकारी की पहल पर सीएचसी में एफआरयू का शुभारंभ कर दिया गया है। शुभारंभ के साथ ही केन्द्र पर पहला सफल सिजेरियन ऑपरेशन सम्पन्न हुआ, जिसमें इस्लामनगर निवासी एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। वर्तमान में जच्चा एवं नवजात शिशु दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। एफआरयू पर सीएचसी प्रभारी डा. हरविंदर सिंह व डा. खेलेन्द्र सक्सेना तथा महिला चिकित्सा अधिकारी डा. सारिका अग्रवाल, निश्चेतक डॉ विश्वनाथ एवं कमल ओ टी टैक्नीशियन तथा स्टाफ नर्स सुमन मौजूद रहे। सीएचसी चन्दौसी के प्रभारी डा. हरविंदर सिंह ने बताया कि एफआरयू की स्थापना से अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य छोटे स्वास्थ्य केन्द्रों से आने वाले गंभीर मरीजों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। यहां सामान्य प्रसव, आपातकालीन प्रसूति सेवाएं एवं सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक ने बताया कि एफआरयू का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं अन्य गंभीर रोगियों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर तथा उपचार संबंधी जटिलताओं में कमी लाना है।

**आत्मनिर्भरता** | संभल में स्वयं सहायता समूहों ने दिखाई आत्मनिर्भरता की राह

## महिलाओं की मेहनत से बदल रही तस्वीर

- **मसाले व मल्टीग्रेन आटा बेचकर हर माह 10 से 20 हजार रुपये तक कमा रहीं महिलाएं**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई/संभल।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत जनपद संभल की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं मसाले, मल्टीग्रेन आटा सहित अन्य खाद्य उत्पाद तैयार कर स्थानीय बाजारों में बिक्री कर रही हैं। इससे उन्हें हर माह 10 से 20 हजार रुपये तक की आय हो रही है, जिससे वे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ घर के खर्च में भी सहयोग दे रही हैं।

जनपद में करीब 10 हजार स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे लगभग एक लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। सरकार की योजनाओं, प्रशिक्षण और बैंक ऋण की सुविधा मिलने के बाद महिलाएं स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।


समूह में कार्य करतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

बहजोई ब्लॉक क्षेत्र के सिद्ध बाबा महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हल्दी, धनिया, लाल मिर्च, गरम मसाला और मल्टीग्रेन आटा तैयार कर बाजार में बेच रही हैं। समूह द्वारा तैयार मल्टीग्रेन आटे में गेहूं, चना, ज्वार, बाजरा, रागी और जौ जैसे पौष्टिक अनाजों का मिश्रण किया जाता है। समूह के उत्पाद स्थानीय बाजार के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों और सरस हाट में भी उपलब्ध हैं।

समूह की सदस्य रानी शर्मा ने बताया कि पहले वह गृहिणी थीं, लेकिन अब स्वयं सहायता समूह से जुड़कर मसालों और मल्टीग्रेन आटे का उत्पादन कर रही हैं। एक वर्ष में समूह का कारोबार करीब तीन लाख रुपये तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना और अधिकारियों के मार्गदर्शन से उन्हें स्वरोजगार शुरू करने का अवसर मिला।

समूह की सदस्य मीना, रूबी शर्मा और शशिवाला ने बताया कि पहले वे केवल घरेलू कार्य करती थीं, लेकिन अब स्वयं सहायता समूह के माध्यम से नियमित आय अर्जित कर रही हैं। समूह में दस महिलाएं मिलकर उत्पाद तैयार करती हैं और उनकी पैकिंग से लेकर बिक्री तक का कार्य स्वयं संभालती हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ा है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि जनपद संभल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लगभग 10 हजार स्वयं सहायता समूह संचालित हैं, जिनमें करीब एक लाख सदस्य जुड़े हुए हैं। समूहों को आरसेटी (कैनरा बैंक) के माध्यम से उत्पाद निर्माण, गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद बैंकों से कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## संभल में राज्य कर विभाग के आधुनिक आवासीय परिसर का भूमि पूजन

- **गंगा एक्सप्रेस-वे के निकट 13.70 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा आवासीय भवन, मंत्री गुलाब देवी ने रखी आधारशिला**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद में विकास कार्यों की कड़ी में राज्य कर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। ग्राम किसौली, सम्भल-बहजोई रोड स्थित गंगा एक्सप्रेस-वे के निकट बनने वाले राज्य कर विभाग के आवासीय भवन परिसर का भूमि पूजन माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू, पूर्व विधान परिषद सदस्य परमेश्वर लाल सैनी और संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर मोहित गुप्ता के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। परियोजना के तहत करीब 13.70 करोड़ रुपये (1370.78 लाख रुपये) की लागत से आधुनिक आवासीय परिसर का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (भवन), मुरादाबाद को सौंपी गई है। शासन की ओर से स्वीकृत धनराशि में से 3.45 करोड़ रुपये (345 लाख रुपये) की प्रथम किस्त भी जारी कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। भूमि पूजन के अवसर पर मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। राज्य कर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आधुनिक आवासीय परिसर बनने से उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और विभागीय कार्यों के संचालन में भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि राज्य कर विभाग व्यापारियों को पारदर्शी और सुगम कर प्रशासन उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है।


भूमि पूजन करतीं राज्यमंत्री व अन्य।

भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू ने कहा कि अधिकारियों के लिए आवासीय परिसर बनने से कार्यसंस्कृति मजबूत होगी तथा प्रशासनिक दक्षता और जनसेवा की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। उन्होंने इसे जनपद के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना बताया। कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख व्यापारियों फूल प्रकाश, कमल कौशल वार्ष्णेय, अरविंद गुप्ता और अंकित जैन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना संभल के विकास को नई दिशा देगी। इस अवसर पर अंकुर अग्रवाल, चन्द्रसैन राणा, कैलाश यादव, वरिष्ठ कर अधिवक्ता अकरम, हमजा, तहसीन अहमद, नाजिम, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रमोद वर्मा, अवर अभियंता कालूराम, अनिल तथा राज्य कर विभाग के उपायुक्त बीरेन्द्र कुमार, बब्बू यादव, लल्लन प्रसाद यादव, धर्मेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त विजय सिंह, रुचि अग्रवाल, राज्य कर अधिकारी ऋषिपाल समेत विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन वर्क्स के प्रबंध निदेशक रविशंकर दुबे ने किया।

## सार संक्षेप

### पागल कुत्ते के हमले में पांच घायल, दो दो की हालत गंभीर हायर सेंटर रेफर



**हसनपुर, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के दो गांवों में एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। कुत्ते ने कुछ ही देर में पांच लोगों को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। सभी घायलों को आनन-फानन में नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर एक पागल कुत्ता अचानक गाव बाई खेड़ा मिलक में घुस आया। उसने घर के बाहर बैठे ग्रामीण ओमवती, जगवती, जगदीश और अपनी मां के साथ रिश्तेदारी में आई आदमपुर के गांव दमगड़ा निवासी 2 वर्षीय मासूम राधिका को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद कुत्ते ने दौड़ते हुए पड़ोसी गांव लठीरा माफी गांव का रुख किया और वहां खेत पर जा रहे गांव निवासी किसान बाबूराम पर हमला कर उन्हें लहुलुहान कर दिया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया और घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने मासूम राधिका और बाबूराम की हालत को गम्भीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### वृक्षारोपण महायज्ञ में जुबिलेंट में लगाए 21 हजार पौधे

**गजरौला।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत जुबिलेंट परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 21 हजार पौधे लगाए गए। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम पांच पौधे रोपित कर उनकी देखभाल करने का आह्वान भी किया गया। बुधवार को जुबिलेंट में प्रबंधक (पर्यावरण) फाल्गुनी शरण ने बताया कि जुबिलेंट में पिछले चार दिनों से पौधरोपण चल रहा है। यहां बरगद, नीम, कनेर, चम्पा, पापड़ी, शीशम आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण के दौरान जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड के यूनिट हेड विनोद झा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय बिजनौर में सहायक पर्यावरण अभियंता सुनील कुमार यश, कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता आशीष शर्मा के साथ ही सुनील ए सिंह, राजीव त्रिपाठी, अनुपम सिंह आदि भी मौजूद रहे। वहीं जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोच्च रखा गया है। वातावरण को शुद्ध बनाए रखने को धरती का हराभरा होना बेहद आवश्यक है। आज लगाया गया एक पौधा भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर हमें प्राणवायु, फल, फूल, औषधियां तथा स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि जुबिलेंट शिक्षा, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, चिकित्सा, खेल, पर्यावरण संरक्षण आदि तमाम क्षेत्रों में कार्य कर रही है।

### यश जिला संगठन सचिव मनोनीत



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव की संस्तुति पर समाज कल्याण मंत्री व समिति अध्यक्ष असीम अरुण के निर्देश पर जिला अपराध निरोध कमेटी (संभल ग्रमीण) की नई जिला कार्यकारिणी का गठन गया है। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता यश मदान को जिला संगठन सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है।

### सड़क में आजमगढ़ के दो युवक घायल

**बहजोई।** गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे में आजमगढ़ निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपीडा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहजोई लाया गया। घायलों की पहचान राजेश पुत्र राजकुमार एवं प्रांजल पुत्र कमलेश निवासीगण जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। दोनों को दोपहर 2:05 बजे घायल अवस्था में सीएचसी बहजोई में भर्ती कराया गया। सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने दोनों का तत्काल प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज की आवश्यकता होने पर दोनों को जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार रेफर करने से पूर्व दोनों की आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी की गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई और समय रहते एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### नई कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ

**चन्दौसी।** इनरव्हील क्लब ऑफ सिटी स्टार का इंस्टॉलेशन व उद्घाटन समारोह का आयोजन जैन पैलेस में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का पदभार ग्राहण समारोह आयोजित किया गया।


कार्यक्रम में मौजूद महिला पदाधिकारी।

जिसमें सचिव सोनिया बिंदल ने अध्यक्ष चारू अग्रवाल को कॉलर पहनाकर औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कराया। अध्यक्ष चारू अग्रवाल ने अपनी नई कार्यकारिणी का परिचय कराया। इसके उपरांत सचिव सोनिया बिंदल, उपाध्यक्ष उपमा बंसल, आईपीपी शालिनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनीला अग्रवाल, आईएसओ दीप्ति अग्रवाल, एडिटर तृप्ति जिंदल ने अपने-अपने पदों का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नीलम चौधरी, नीलम राय, शैली सक्सेना, स्वाति अग्रवाल, श्रुति, दीप्ति, शिखा, रुचि आदि मौजूद रहे।

### एडीएम से वार्ता के बाद समिति ने किया धरना स्थगित

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति का भूमि मुआवजे को लेकर तहसील गेट पर पिछले 9 दिन से धरना प्रदर्शन चल रहा है। एडीएम से समिति के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता के बाद आश्वासन मिलने पर समिति ने धरना प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा कर दी। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि एडीएम एक जिम्मेदार पद पर बैठकर जनपद की व्यवस्थाएं देखते हैं। समिति का प्रतिनिधि मंडल एडीएम से मिला था। यहां एडीएम ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। किसानों को नियमानुसार भूमि का मुआवजा दिलाया जाएगा। एडीएम के आश्वासन के उपरांत समिति ने आंदोलन के स्थगित करने की घोषणा कर दी। इस अवसर पर राहुल कश्यप, वीरेंद्र सिंह, अमर सिंह, उदय पाल सिंह, महावीर सिंह, ओमवीर सिंह, रिंकू सिंह, चीनू जैन, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा को विद्युत पोलों पर पालीथिन व रेडियम टेप लगाने का कार्य आरंभ

**संभल।** सावन माह और कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए बिजली विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शासन और जिला प्रशासन के निर्देश पर कांवड़ मार्गों सहित प्रमुख शिव मंदिरों के आसपास स्थित बिजली के खंभों, स्टे वायर और ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित बनाया जा रहा है। बिजली के खंभों पर पॉलीथिन, पीवीसी पाइप और रेडियम टेप लगाए जा रहे हैं, ताकि करंट की आशंका समाप्त हो और रात के समय भी खंभे स्पष्ट दिखाई दें। अधिशासी अभियंता इं. रघुनाथ तित्तल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में विभाग ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष सुरक्षा अभियान शुरू किया है। सभी बिजली के पोलों की जांच कराई जा रही है, ताकि कहीं भी लीकेज करंट की स्थिति न रहे। खुले स्थानों पर रखे ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कराई जा रही है तथा आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर बिजली के तार नीचे हैं, उन्हें ऊंचा कराया जा रहा है। स्टे वायर पर इंसुलेटर की स्थिति की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा पहली बार विभाग की ओर से बिजली के खंभों पर रेडियम टेप भी लगाया जा रहा है, जिससे रात के समय वाहन चालकों और श्रद्धालुओं को खंभे दूर से ही दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

# लखनऊ कोचिंग हादसे के बाद छोटे संस्थानों पर कार्रवाई का विरोध

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय छात्र परिषद के कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

- बड़े सेंटरों पर भी एक्शन

**मुरादाबाद।** लखनऊ में कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय छात्र परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुरादाबाद कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर छोटे और मध्यम कोचिंग संस्थानों के लिए अलग मानक तय करने तथा सभी संस्थानों पर समान नीति लागू करने की मांग की।



प्रदर्शन करते हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय छात्र परिषद के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

ज्ञापन में कहा गया कि लखनऊ की घटना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है तथा इसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी है। हालांकि, संगठन का कहना है कि हादसे के बाद छोटे और मध्यम कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध की जा रही सीलिंग और दंडात्मक कार्रवाई से अनेक संचालकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि बड़े और छोटे कोचिंग संस्थानों के लिए अलग-अलग मानक निर्धारित किए जाएं। एक या दो कमरों में संचालित छोटे कोचिंग सेंटरों के लिए फायर एनओसी, एमडीए नक्शा और अन्य जटिल औपचारिकताओं को सरल बनाया जाए। साथ ही आवश्यक सुरक्षा मानकों, जैसे अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास और प्राथमिक उपचार किट को अनिवार्य किया जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि सीलिंग की कार्रवाई से पहले नोटिस देकर सुधार का अवसर दिया जाए तथा भविष्य में किसी भी कार्रवाई से पूर्व कोचिंग संचालकों के प्रतिनिधियों से संवाद किया जाए।

# छत काटकर पौने दो लाख की शराब व नगदी ले उड़े चोर



**हसनपुर, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र की मनौटा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत वसी कला मछरई बाईपास पर चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक सरकारी देसी शराब व ठंडी बीयर की दुकान की छत काटकर पौने दो लाख रुपये के माल और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। देसी शराब व ठंडी बियर का ठेका कमल सिंह के नाम पर है, जो मछरई निवासी नजाकत के खेत में बनी एक दुकान में किराए पर चल रहा है। मंगलवार की रात शातिर चोरों ने पहले दुकान के मुख्य गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद पीछे की गोल खिड़की को भी तोड़ने का प्रयास किया गया, पर जगह कम होने से बात नहीं बनी। आखिर में चोरों ने दुकान के पास खड़े पेड़ों का सहारा लिया और छत पर चढ़कर उसे काट डाला। चोर दुकान के अन्दर दाखिल हुए और दुकान से 1732 देसी शराब के पव्वे, 33 बीयर कैन तथा गल्ले में रखी 32 हजार रुपये की नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गए।बुधवार सुबह जब सेल्समैन ताराचंद दुकान खोलने पहुंचा, तो अंदर का नजारा देख उसकी चीख निकल गई। ऊपर छत कटी हुई थी और सारा माल गायब था। चोरों के द्वारा दुकान के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए गए। सूचना मिलते ही डायल 112 और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

# दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल, एक रेफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**हसनपुर, संवाददाता।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बाईपास मार्ग स्थित कचहरी रोड के पास दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी जयप्रकाश सिंह पुत्र बलराज सिंह नगर स्थित न्यायालय में कार्यरत हैं। बुधवार सुबह वह ड्यूटी के लिए न्यायालय आ रहे थे। तभी अस्पताल व कचहरी रोड चौराहे के पास, पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल डलवाकर लौट रहे गांव रामपुर भूड़ निवासी अक्षय पुत्र देवेंद्र सिंह और उसके साथी अमन पुत्र सुरेंद्र की बाइक से



हादसे में घायल।

उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जयप्रकाश सिंह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए, जबकि दूसरी बाइक सवार दोनों युवक भी चोटिल हुए। राहगीरों ने सभी घायलों को तुरंत नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां जयप्रकाश सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।

# राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री मनानीय चौधरी जयंत सिंह ने ली टीम आरएलडी की महत्वपूर्ण बैठक

- राहुल बालियान बने जिला संयोजक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री माननीय चौधरी जयंत सिंह जी के नई दिल्ली स्थित 25 तुगलक आवास पर टीम आरएलडी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार तथा प्रत्येक गाँव स्तर तक टीम आरएलडी को सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।



बैठक में टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अमरीश त्यागी जी ने संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा गाँव-गाँव तक टीम आरएलडी को मजबूत बनाने की कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में माननीय चौधरी जयंत सिंह जी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को प्रत्येक गाँव, बूथ और वार्ड तक पहुँचाया जाए तथा युवाओं, किसानों, महिलाओं और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़कर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल को प्रदेश के प्रत्येक गाँव तक संगठित करना समय की आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए संगठन का विस्तार किया जाएगा, ताकि जनता की आवाज़ को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

इसी अवसर पर संगठन के प्रति उनकी सक्रियता एवं समर्पण को देखते हुए राहुल बालियान को टीम आरएलडी का जिला संयोजक मुरादाबाद नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह जी एवं टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अमरीश त्यागी जी ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जनपद मुरादाबाद में संगठन और अधिक सक्रिय एवं मजबूत होगा।

बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष रोहिलखंड श्री रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष श्री अनिल चौधरी, छात्रसभा जिलाध्यक्ष अमरजीत चीमा, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र जाटव उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को गाँव-गाँव तक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# अंत समय भी एक न हो सके तुषार और महक

- पांचवें दिन आठ किलोमीटर दूर मिला प्रेमिका का शव, रामगंगा में साथ लगाई थी छलांग
- शनिवार को प्रेमी के साथ नदी में कूदी थी किशोरी, तुषार का शव अगले दिन मिल गया था; चार दिन बाद गोताखोरों ने बरामद किया शव

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** रामगंगा नदी में प्रेमी के साथ छलांग लगाने वाली किशोरी महक का शव घटना के पांचवें दिन बरामद होने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गोताखोरों ने बुधवार को घटनास्थल से करीब आठ किलोमीटर दूर नदी से शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर सूरजनगर निवासी तुषार अपनी प्रेमिका महक के साथ रामगंगा पुल पर पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नदी में छलांग लगा दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस, पीएसी और गोताखोरों की टीमों ने संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान तुषार का शव अगले दिन बरामद हो गया, लेकिन किशोरी महक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने नदी के विभिन्न हिस्सों में लगातारसर्च ऑपरेशन चलाया। पांच गोताखोर टीमों ने चार दिनों तक नदी में तलाश की। इस दौरान किशोरी के परिजन भी रामगंगा किनारे डटे रहे और उसके सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए रहे। बुधवार को सर्च अभियान के दौरान गोताखोरों को घटनास्थल से लगभग आठ किलोमीटर दूर नदी में एक शव दिखाई दिया। बाहर निकालने पर उसकी पहचान लापता किशोरी महक के रूप में हुई। सूचना पर कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलने की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस दर्दनाक घटना से दोनों परिवार गहरे सदमे में हैं और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# भोजपुर पुलिस पर झूठे मुकदमे का आरोप, चौकी इंचार्ज समेत 10 लोगों के खिलाफ परिवाद दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** थाना भोजपुर पुलिस पर कथित रूप से झूठा मुकदमा दर्ज कर लोगों को जेल भेजने के आरोपों का मामला अदालत पहुंच गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) मुरादाबाद के आदेश पर सिरसवां गौड़ चौकी प्रभारी, पांच पुलिसकर्मियों और पांच ग्रामीणों सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ परिवाद दर्ज किया गया है। अदालत ने सभी आरोपितों को 4 अगस्त को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। यह मामला थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव जैतपुर का है। गांव निवासी नजारुल ने अपने अधिवक्ता आशकार हुसैन के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद दायर किया। परिवाद में चौकी प्रभारी विपिन कुमार राठी, उपनिरीक्षक अजीत सिंह, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, मनोज कुमार, अनूप यादव तथा ग्रामीण तेजपाल, गिरीश पाल, रमेश, रामरतन और मानसिंह को पक्षकार बनाया गया है। मामले में अब्दुल हसन, आबिद और सुनील को साक्षी बताया गया है। परिवाद के अनुसार, शिकायतकर्ता के भतीजे सालिम पुत्र नजाकत अली, यश उर्फ गोलू तथा खालिद पुत्र नजाकत के खिलाफ पहले एक एफआईआर दर्ज कराई गई थी।t शिकायतकर्ता का कहना है कि 8 मई को उन्हें सूचना मिली कि सालिम और एक युवती कचहरी परिसर में मौजूद हैं और एसएसपी कार्यालय में पेश होने आए हैं। उनका दावा है कि युवती ने स्वयं को बालिग बताते हुए सालिम के साथ अपनी मर्जी से रहने की बात कही थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ ग्रामीण दोनों को जबरन अपने साथ ले गए, जिसके बाद पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर थाना भोजपुर पहुंचाया। आरोप है कि 8 मई से 12 मई तक उन्हें थाने में रखा गया और बाद में 10 मई को एक अन्य झगड़े के मामले में चालान कर दिया गया। परिवाद में यह सवाल भी उठाया गया है कि यदि संबंधित व्यक्ति पहले से पुलिस हिरासत में था तो वह गांव में झगड़ा करने कैसे पहुंच सकता है।

गोष्ठी ‘खेती का वैज्ञानिक प्रबंधन करने से सभी समस्याओं का समाधान संभव है’

# टीएमयू में आईसीएआर के साइंटिस्ट बोले, अब फार्मिंग में वैज्ञानिक प्रबंधन की दरकार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टिट्यूट-आईसीएआर दिल्ली के एग्रोनॉमी के हेड डॉ. संजय सिंह राठौर बोले, हेल्दी फार्मिंग ही सेहत का मूल आधार है। मृदा के स्वास्थ्य के लिए जैविक खादों का प्रयोग करना जरूरी है। खेती का वैज्ञानिक प्रबंधन करने से सभी समस्याओं का समाधान संभव है। डॉ. राठौर बोले, धरतीपुत्रों के पास भी ज्ञान का भंडार है। वे भी नवाचार करते हैं। हम उनके नवाचारों को वैज्ञानिक तरीकों से जोड़कर दीगर धरतीपुत्रों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया, नवाचार करने वाले धरतीपुत्रों को कृषि मेले में प्रोफेसर की पदवी से सम्मानित भी किया जाता है। मुरादाबाद जिले में 02 कृषि विज्ञान केन्द्र होना अपने आप में बड़ी बात है। उन्होंने उम्मीद जताई, आने वाले पूसा कृषि मेले में मुरादाबाद मंडल के किसान भी शिरकत करेंगे। डॉ. राठौर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान- आईएआरआई, नई दिल्ली के सस्य विज्ञान संभाग की ओर से ऑडी में किण्वित जैविक खाद-एफओएम से समृद्ध मृदा, आय वृद्धि एवम् पर्यावरण संतुलन पर किसान गोष्ठी में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। सभी अतिथियों का बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर आईसीएआर की ओर से डॉ. संजय सिंह राठौर के अलावा डॉ. ऋषिराज सिंह, डॉ. प्रवीन कुमार उपाध्याय, मुरादाबाद के डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर डॉ. ऋषि कांत सिंह, जॉर्डस के एमडी डॉ. दीपक मेंदीदत्ता, टीएमयू एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. पीके जैन, मुख्य समन्वयक डॉ. अनिल कुमार चौधरी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



आईसीएआर के साइंटिस्ट डॉ. ऋषिराज सिंह ने कहा, किण्वित जैविक खाद- एफओएम में जैविक खाद से ढाई गुना पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह मृदा के पीएच मान को न्यूट्रल बनाए रखता है।

# ललिता गौतम हत्याकांड, प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष हो जांच

- मेरठ प्रकरण के विरोध में राष्ट्रीय जन आवाज पार्टी का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** मेरठ में चर्चित ललिता गौतम हत्याकांड और उसके विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रीय जन आवाज पार्टी (भारतवर्ष) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुरादाबाद कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा गया।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शफीक अहमद उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि मेरठ में ललिता गौतम हत्याकांड की उच्चस्तरीय एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही 8 जुलाई 2026 को शांतिपूर्ण



ज्ञापन देते कार्यकर्ता।

प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई, लाठीचार्ज तथा अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि यदि जांच में किसी पुलिस अधिकारी या अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। इसके अलावा मृतका के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की भी मांग उठाई गई।

## सार संक्षेप

### विहिप-बजरंग दल द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

**हसनपुर, संवाददाता।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल प्रखंड द्वारा ‘सेवा सप्ताह’ कार्यक्रम के अंतर्गत शिवाला मंदिर के हॉल में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अर्बन पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय नागर ने अपनी टीम के साथ सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन द्वारा पूरे भारतवर्ष में सेवा सप्ताह के तहत पर्यावरण संरक्षण, मठ-मंदिरों की सफाई, रक्तदान और मेडिकल कैंप जैसे सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर में इस शिविर का आयोजन हुआ।इस अवसर पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, मातृशक्ति संयोजिका कविता सैनी, जिला कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह, नन्हे सिंह सैनी एडवोकेट, संगठन मंत्री वैभव कुमार, बजरंग दल संयोजक राहुल हिंदुस्तानी, संजीव गोयल, अनुपम अग्रवाल, अनिल शर्मा व काव्य चंद्र समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### ठेके से घर लौट रहे शराब सेल्समैन की पिटाई

**हसनपुर, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका में स्थित देसी शराब के ठेके से मंगलवार रात अपने घर लौट रहे क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा निवासी शराब सेल्समेन महिपाल पुत्र जय किशन की रास्ते में झुरेरी गांव के निकट बुरी तरह पिटाई कर दी गई। वह गंभीर घायल हो गया।राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।और मंगलवार की देर रात घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया। जहां से गंभीर हालत में शराब सेल्समैन को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सेल्समैन के छोटे भाई की एक जगह शादी तय हुई थी। एक अन्य युवक के साथ लड़की का वीडियो वायरल होने के बाद परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया। इस बात को लेकर लड़की के परिजन नाराज थे आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने ही पिटाई कराई।कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

### बाइक को कार सवार ने मारी टक्कर दोनों भाई बुरी तरह घायल नगर के सीएचसी से हायर सेंटर रेफर

**हसनपुर संवाददाता।** सैदनंगली थाना क्षेत्र के एक लिंक मार्ग पर बाइक से घर लौट रहे दो भाइयों की बाइक को कार सवार ने मारी टक्कर दोनों भाई बुरी तरह घायल नगर के सीएचसी से हायर सेंटर रेफर। सैदनगली थाना क्षेत्र के सैद नगली सकतपुर लिंक मार्ग पर गांव सकतपुर निवासी विनीत व अमित पुत्रगण चरण सिंह बुधवार की दोपहर नगर पंचायत शहर नांगली से बाइक के द्वारा अपने घर लौट रहे थे।जैसे ही वह सैद नंगली से 2 किलोमीटर दूर पहुंचे तो पीछे से आ रहे एक कार चालक ने तेज गति से कार चलाते हुए आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए।राहगीरों के द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल इस मामले में अभी कोई कानून कार्यवाही नहीं की गई है। कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया।



### शिवसेना ने 51 धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दिया ‘धर्म यश सम्मान

**मुरादाबाद।** शिवसेना संगठन की शाखा छत्रपति शिवाजी समिति की ओर से होटल मानसरोवर में ‘धर्म यश सम्मान कार्यक्रम’ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना, हनुमान चालीसा पाठ, शंखनाद, छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और भगवा तिलक के साथ किया गया। कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति और हिंदुत्व से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। शिवसेना के जिला प्रमुख ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य धर्म की रक्षा, युवाओं में संस्कारों का विकास, तीर्थ स्थलों की स्थिति, देवी-देवताओं के सम्मान, हिंदुत्व के प्रति आस्था और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में कामेश्वरनाथ मंदिर, झारखंडी मंदिर, मनोकामना मंदिर, काली माता मंदिर, गुरुद्वारा सिंह सभा ताड़ीखाना, गुरुद्वारा लोकोशेड, रामलीला कमेटी, रामनवमी शोभायात्रा, बालाजी शोभायात्रा और गणपति शोभायात्रा सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े संतों, महंतों और पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। शिवसेना की ओर से कुल 51 धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र गांधी, पंडित अमित नाथ, सुरेंद्र चावला, जसप्रीत सिंह, राजेश रस्तोगी, कुमार देव, अनिल खन्ना, टीटू चड्ढा, जुगनू जादूगर, सुधीर गुप्ता, संत दास, गुरप्रीत बुआ, संतोष नारंग, आशा दीदी, पवन रोहिल्ला और चंचल दास सहित अनेक धार्मिक और सामाजिक हस्तियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल, कुंवर रणविजय सिंह, एसपी सिटी मुरादाबाद, डॉ. मुकेश अग्रवाल, डॉ. जे.पी. टंडन, डॉ. मनोज अग्रवाल, संदीप जैन, वीरेंद्र अरोड़ा, कमल सिंह राव, नरेंद्र सिक्का, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, अरुण ठाकुर, आकाश सिंह, मयंक सैनी, जीतू प्रजापति, उमेश ठाकुर, मनी आनंद, कैलाश और तिलक राज शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### वारसी नगर में मकान की दूसरी मंजिल का लेंटर गिरा, महिला समेत छह घायल

**मुरादाबाद।** मुगलपुरा थाना क्षेत्र के वारसी नगर में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक मकान की दूसरी मंजिल का लेंटर (छत) अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय घर के अंदर मौजूद एक महिला और पांच बच्चे मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।जानकारी के अनुसार, वारसी नगर निवासी शाकिर के घर उनकी साली गुलाफशाह पत्नी अय्यूब एक दिन पहले अपने तीन बच्चों हमजा, अहमद और जेहरा के साथ मेहमान बनकर आई थीं। बुधवार सुबह करीब 10:45 बजे सभी लोग घर के अंदर मौजूद थे, तभी अचानक दूसरी मंजिल का लेंटर भरभराकर गिर पड़ा। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकालकर एंबुलेंस और अन्य साधनों से जिला अस्पताल पहुंचाया।इस हादसे में मकान मालिक शाकिर के दो बच्चे अनम और सलमान, तथा उनकी साली गुलाफशाह और उनके तीनों बच्चे हमजा, अहमद और जेहरा घायल हुए हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## एक नजर

### कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने कूलर की मरम्मत कर रहा था इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव युसुफनगर निवासी अनूप (26) पुत्र मुनेश मंगलवार दोपहर अपने घर में कूलर की मरम्मत कर रहा था। उसने कूलर का प्लग बोर्ड से नहीं निकाला था। जिससे कूलर में करंट दौड़ रहा था। करंट की चपेट में आने से वह जमीन पर गिर गया। बताया जाता है घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। शाम 4 बजे जब परिजन घर पहुंचे तो अनूप कूलर से चिपका पड़ा था। आनन-फानन में परिजन उसे निजी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते चलें कि अनूप की शादी करीब चार वर्ष पहले आंवला निवासी पूजा से हुई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा एक बेटा व बेटी छोड़ गया है।

# चार जिलों को जोड़ने वाली सड़कों की हालत जर्जर

## दबतोरी क्षेत्र में सड़कें बनी तालाब, कांवड़ यात्रियों को भी होगी भारी परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** तहसील बिसौली के दबतोरी क्षेत्र में सड़कों की बदहाली ने ग्रामीणों और राहगीरों का जीना मुश्किल कर दिया है। चार जिलों की सीमा से जुड़े इस क्षेत्र में लंबे समय से सड़कें टूटकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे आवागमन जोखिम भरा बन गया है।

लक्ष्मीपुर से आसफपुर जाने वाला मार्ग सेंटा खेड़ा गांव के पास रेलवे अंडरपास के निकट पूरी तरह तालाब का रूप ले चुका है। खेत और सड़क एक समान दिखाई दे रहे हैं, जिसके चलते लोगों को मजबूरन रेलवे पटरी से जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है। कई स्थानों पर राहगीर खेतों की पगडंडियों के सहारे अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। गुरुवार को एक महिला अपने छोटे बच्चे के साथ पगडंडी से गुजरते समय फिसलकर गिर गई, जिससे दोनों घायल हो गए। दबतोरी-आसफपुर, लक्ष्मीपुर-हरदासपुर मार्ग के साथ ही दबतोरी-सिरौली मुख्य मार्ग और मुसियागंजला-भरतपुर मार्ग भी गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं।

दबतोरी क्षेत्र से बरेली, रामपुर, संभल और मुरादाबाद जिलों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस बिसौली में शिकायत पत्र देकर सड़क मरम्मत की मांग भी की, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

स्थिति यह है कि विभाग ने गड्ढों की मरम्मत तक नहीं कराई और कागजी खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़क सुधार के निर्देशों की भी अनदेखी होती नजर आ रही है। आने वाले दिनों में कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार और कछला से जल लेकर इन्हीं मार्गों से गुजरेंगे। ऐसे में खराब सड़कों के कारण कांवड़ियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

वहीं, हाल ही में हुई हल्की बारिश के चलते सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है और हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौन साधे हुए हैं।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** नव नियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी का बिसौली विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

बरेली-बदायूं सीमा पर स्थित बगरैन नगर में भी कई स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। नगर के प्रमुख चौराहों सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर उनका स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने नारेबाजी कर उत्साह का माहौल बना दिया और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और जनता की सेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# महिला पीएसी बटालियन निर्माण का डीजी पीएसी ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता व सुरक्षा पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जनपद के ग्राम सैजनी (थाना मुसाझाग क्षेत्र) में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन परिसर का मंगलवार को पुलिस महानिदेशक पीएसी उत्तर प्रदेश आलोक सिंह एवं एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा भी मौजूद रहीं।

अधिकारियों ने निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता, सामग्री के मानकों तथा कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक व आवागमन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान परिसर व आसपास की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने और निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष बल दिया। इस मौके पर 8वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक आकाश तोमर, एएसपी नगर अभिषेक कुमार सिंह, सीओ सिटी राहुल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# युवती के अपहरण व दुष्कर्म में सात साल की सजा

**बदायूं।** किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने दोषी करार दिया है। उसे सात साल की सजा के साथ ही 30 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने 10 दिसंबर 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि वह अपने खेत पर काम करने गया था कि घर पर उसकी भतीजी अकेली थी। रात करीब 11:00 बजे कालूपुर का रहने वाला उदयपाल उर्फ काली घर पर आ गया और उसकी भतीजी को घर से बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस ने युवती व आरोपी को गिरफ्तार किया और बयान दर्ज करने के लिए युवती को कोर्ट में पेश किया गया। उसने अपने बयानों में बिना मर्जी के दुष्कर्म करने का आरोप आरोपी पर लगाया।

# परेशानी : नगर पंचायत अलापुर के 147 कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, भुखमरी की कगार पर

जागरण मोर्चा कार्यालय




- कर्मचारियों ने वेतन दिलाने की मांग करते हुए हड़ताल की दी चेतावनी
- नगर पंचायत कार्यालय नहीं आ रहे ईओ, कौन करे भुगतान

**अलापुर।** नगर पंचायत अलापुर में कार्यरत 147 कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि कई महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने से उनके परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) नियमित रूप से कार्यालय नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी हुई है।

कर्मचारियों का कहना है कि कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सोमवार को कर्मचारियों ने एकजुट होकर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द वेतन दिलाने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि वे सफाई, जल आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े कार्य करते हैं, लेकिन वेतन न मिलने के कारण उनका मनोबल टूटता जा रहा है। इसके बावजूद वे अब तक कार्य करते रहे, लेकिन अब हालात असहनीय हो गए हैं। कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर जल्द वेतन दिलाने की मांग की है, ताकि उनके परिवारों को राहत मिल सके। वहीं, इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।

# दहेज के लिए विवाहिता पर जानलेवा हमला

**बदायूं।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर एक विवाहिता के साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शहबाजपुर कटरा सहसवान निवासी इरम की पत्नी रहबर खान ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी 20 नवंबर 2024 को मुस्लिम रीति-रिवाज से मोहल्ला ताल पुल ऊपर पारा निवासी रहबर खान के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में करीब 18 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था और अतिरिक्त 10 लाख रुपये की मांग कर रहा था। पीड़िता का कहना है कि मांग पूरी न होने पर पति रहबर खान, सास अफसाना, ननद सबा और सुमाइला लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

# कादरचौक कांड के बाद बवाल: पुलिस पर हमला, 5 उपद्रवी गिरफ्तार




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना जरीफनगर क्षेत्र के ग्राम कादरचौक में रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद के बाद मामला हिंसक हो गया। 12 जुलाई की रात दो पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट हुई, जिसमें हरिओम पुत्र कृपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने पहले ही छह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

घटना के बाद 14 जुलाई को पोस्टमार्टम के पश्चात बाहरी तत्वों ने माहौल भड़काकर स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया। मृतक का शव ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर सहसवान-नाधा मार्ग पर जाम लगा दिया गया, जिससे करीब पांच घंटे तक आवागमन बाधित रहा और एम्बुलेंस सहित आवश्यक सेवाएं प्रभावित हुईं।

पुलिस द्वारा समझाने के बावजूद उपद्रवियों ने उग्र रूप धारण कर लिया। पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया गया और पुलिस टीम पर लोहे के सरिये, पाइप व डंडों से हमला कर दिया गया। ईंट-पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल हुए, वहीं चौकी नाधा में तोड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। एक व्यक्ति द्वारा आत्मदाह का प्रयास भी किया गया, जिसे पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया।

पुलिस ने संयम बरतते हुए न्यूनतम बल प्रयोग कर स्थिति को काबू में किया और मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सरिया, पाइप, डंडा और पेट्रोल की बोतल बरामद हुई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ख्वाजा गरीब नवाज डिग्री कॉलेज में धूमधाम से हुआ पौधारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा संचालित संघटक संस्थान 'ख्वाजा गरीब नवाज डिग्री कॉलेज', बनकोटा (बदायूं) में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। कॉलेज परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

यह अभियान कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. शाज़िया आलम के कुशल सानिध्य में चलाया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को पौधों के रोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और उन्हें जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने के लिए भी प्रेरित किया। डॉ. शाज़िया आलम ने अपने संबोधन में कहा, "प्रकृति को सुरक्षित रखकर ही हम वातावरण को शुद्ध कर सकते हैं और खुली हवा में सांस ले सकते हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए वृक्षारोपण आज की सबसे बड़ी जरूरत है।"

अभियान के प्रभारी व प्रबंधक हाजी अब्दुल मन्नान ने बताया कि परिसर में प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए, आम, अमरूद, अनार, आंवला, जामुन, बेल और नींबू जैसे फलदार वृक्ष लगाए गए हैं। इसके साथ ही नीम, आंवला, अमलतास और गुलमोहर जैसे औषधीय एवं छायादार पौधों का भी रोपण किया गया, ताकि छात्र प्रकृति के सीधे संपर्क में रह सकें।

इस सफल वृक्षारोपण अभियान को धरातल पर उतारने में नौशाद अहमद, सुम्बुल आलम और नन्ने सिंह का विशेष सहयोग रहा। सभी ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

# बिजली नीतियों के विरोध में व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बिसौली इकाई ने बुधवार को बिजली विभाग की विभिन्न नीतियों के विरोध में नायब तहसीलदार मो. हारिस के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर नगर अध्यक्ष कृष्णावतार शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने एकत्र होकर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में बिजली मीटर की बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने, उपभोक्ताओं की सहमति के बिना विद्युत लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने, अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी की वसूली समाप्त करने तथा बिजली बिलों में लगाए जा रहे 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार को खत्म करने की मांग की गई।

नगर अध्यक्ष कृष्णावतार शर्मा ने कहा कि वर्तमान में बिजली विभाग की नीतियां व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं। एक ओर सरकार व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देना चाहती है, तो इस जनविरोधी नीतियों पर पुनर्विचार करना आवश्यक है। व्यापारियों ने बिजली व्यवस्था में सुधार और उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग करते हुए, चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर कृष्णा गुप्ता, बॉबी गुप्ता, कुंवरपाल मौर्य, राजेश भारद्वाज सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# पत्नी से कहासुनी पर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पत्नी से कहासुनी होने पर मंगलवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव गांव के बाहर खेतिहर इलाके में पेड़ से लटका मिला। बुधवार सुबह शौच को गए ग्रामीणों ने युवक का शव फंदे पर लटका देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही युवक के परिजन व थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव गजरामपुर निवासी रवि कुमार (35) पुत्र व नन्हकी गुड़गांव के एक निजी अस्पताल में सफाईकर्मी के पद पर तैनात था। उसकी पत्नी रेखा भी उसी अस्पताल में सफाईकर्मी थी। परिजनों ने बताया कि 10 जुलाई को रवि शराब पीकर घर आया। इसी बात पर उसका पत्नी रेखा से विवाद हो गया। विवाद के बाद रेखा अपने भाई के पास नोएडा चली गई। पत्नी के भाई के पास जाने से क्षुब्ध होकर रवि अपने गांव आ गया और मंगलवार शाम अपने घर से निकल गया और पिनौनी के गांव के शराब की दुकान पर अपनी बाइक खड़ी कर खेतिहर इलाके में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह ग्रामीण शौच को जब जंगल की ओर गए तो युवक का शव फंदे पर लटका देखा। ग्रामीणों ने शव लटका होने की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लापरवाही | मुख्य विकास अधिकारी ने जताई नाराजगी दिए सुधार के निर्देश

# लचर व्यवस्था व सुस्त कार्य प्रणाली के चलते पिछड़ गया विकास में बदायूं, प्रदेश में मिली 33 वीं रैंक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जनपद में लचर व्यवस्था और धीमी कार्यप्रणाली के चलते विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित होने पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने कड़ी नाराजगी जताई है। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अधूरे निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि जून 2026 की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार बदायूं को प्रदेश में विकास कार्यों में 33वीं रैंक प्राप्त हुई है। वहीं राजस्व कार्यों में जनपद 15वें स्थान पर रहा, जबकि समग्र रैंकिंग में 19वां स्थान मिला है। सीडीओ ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज, राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल जरीफनगर, कस्तूरबा गांधी विद्यालय समेत 50 लाख रुपये से अधिक और कम लागत के भवन व सड़क निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। सीडीओ ने कहा कि जिन परियोजनाओं के लिए बजट की आवश्यकता है, उनकी मांग समय से शासन को भेजी जाए, ताकि कार्यों में देरी न हो।

उन्होंने सड़कों की मरम्मत और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि बदायूं-ककराला और उझानी-ककोड़ा मार्ग पर झाड़ियों की कटाई वन विभाग द्वारा कराई जानी है, जिसके लिए बजट उपलब्ध है। इस पर सीडीओ ने संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर जल्द कार्य कराने को कहा। साथ ही सड़क किनारे मिट्टी भराई का कार्य मनरेगा के माध्यम से कराने के लिए सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि बदायूं-दातागंज मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 83 कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई, जिसमें जनपद को 54 योजनाओं में 'ए' श्रेणी, 6 में 'बी', 1 में 'सी' और 2 में 'डी' श्रेणी प्राप्त हुई है, जबकि 20 कार्यक्रमों में श्रेणी निर्धारित नहीं की जाती। 'बी' श्रेणी प्राप्त करने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, पांचवां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, सेतु निर्माण, नई सड़क निर्माण और सीएमआईएस शामिल हैं। वहीं 'सी' श्रेणी फैमिली आईडी और 'डी' श्रेणी आईसीडीएस पोषण योजना में मिली है।



# सम्पादकीय

## अमेरिका-ईरान टकराव और विश्व शांति की नई चुनौती

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे तनाव के बाद बड़ी कठिनाई से बना संघर्ष विराम अपनी निर्धारित अवधि पूरी करने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ताजा हमलों और उसके जवाब में अमेरिका की भीषण बमबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को युद्ध की आशंकाओं के बीच खड़ा कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानवीय मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है। जिस समय विश्व को महामारी, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी समस्याओं से मिलकर लड़ना चाहिए, उस समय महाशक्तियों का युद्धोन्माद पूरी मानवता को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न विवाद ने इस संघर्ष को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो केवल तेल की कीमतें ही नहीं बढ़ेंगी, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति श्रृंखलाएं टूटेंगी और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित होगी। युद्ध की आग कभी सीमाओं में नहीं रहती, उसकी तपिश अंततः पूरी दुनिया को झुलसाती है। इस संघर्ष का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इसमें निर्दोष नागरिकों, नाविकों और आम जनजीवन को सबसे अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। हाल के घटनाक्रम में भारतीय नाविकों के प्रभावित होने और भारत के सहयोग से विकसित रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह परियोजना को नुकसान पहुंचने से यह स्पष्ट हो गया है कि युद्ध किसी एक देश तक सीमित नहीं रहता। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक विश्वास-तीनों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अमेरिका स्वयं को लोकतंत्र और विश्व व्यवस्था का संरक्षक बताता है, लेकिन उसकी विदेश नीति लंबे समय से प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और शक्ति प्रदर्शन पर आधारित रही है। किसी भी राष्ट्र को झुकाने के लिए आर्थिक प्रतिबंध, सैन्य हमले और राजनीतिक दबाव स्थायी समाधान नहीं हो सकते। महाशक्ति होने का अर्थ केवल सैन्य सामर्थ्य नहीं, बल्कि संयम, दूरदृष्टि और विश्व समुदाय के प्रति नैतिक उत्तरदायित्व भी है। यदि शक्ति विवेक से संचालित न हो तो वही शक्ति विनाश का कारण बन जाती है। दूसरी ओर ईरान को भी यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को अपने रणनीतिक हितों के लिए बंधक बनाना न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही वैश्विक विश्वास के अनुकूल। किसी भी देश की सुरक्षा तब तक स्थायी नहीं हो सकती जब तक वह पड़ोसी देशों और विश्व समुदाय के साथ सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण निर्मित न करे। भय और प्रतिशोध पर आधारित सुरक्षा व्यवस्था अंततः स्वयं को ही असुरक्षित बना देती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ने इस पूरे संकट को और अधिक अनिश्चित बनाया है। एक ओर वे कठोर सैन्य कार्रवाई करते हैं, दूसरी ओर वार्ता और समझौते की बातें करते हैं। इस प्रकार के विरोधाभासी संदेश न केवल कूटनीतिक विश्वास को कमजोर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा करते हैं। महाशक्तियों के नेताओं के प्रत्येक वक्तव्य का प्रभाव केवल उनके देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था, निवेश, ऊर्जा बाजार और करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए नेतृत्व में धैर्य, स्थिरता और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। यदि अंत में संवाद ही करना है, तो शुरूआत भी संवाद से ही क्यों नहीं हो सकती? यही प्रश्न आज पूरी मानवता के सामने खड़ा है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा का मार्ग दिखाया है। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर और महात्मा गांधी की भूमि ने यह सिखाया कि वास्तविक विजय शत्रु को पराजित करने में नहीं, बल्कि शत्रुता को समाप्त करने में है। भारत की विदेश नीति भी ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल और ह्यविश्वबंधुत्वह्ल के आदर्शों पर आधारित रही है। भारत ने हमेशा संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। यही कारण है कि भारत आज विश्वसनीय मध्यस्थ, संतुलित शक्ति और जिम्मेदार वैश्विक भागीदार के रूप में सम्मान प्राप्त कर रहा है। वर्तमान संकट में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। भारत के अमेरिका, ईरान और खाड़ी देशों के साथ संतुलित संबंध हैं। भारत यदि संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से सक्रिय शांति पहल करे, तो तनाव कम करने में उसकी भूमिका प्रभावी सिद्ध हो सकती है। साथ ही भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और विदेशों में कार्यरत भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी दूरदर्शी रणनीति अपनानी होगी। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष की विजय की नहीं, बल्कि मानवता की विजय की है। हथियारों की होड़ से न तो समृद्धि आती है और न ही सम्मान। वास्तविक शक्ति मिसाइलों, बमों और युद्धपोतों में नहीं, बल्कि विश्वास, सहयोग और संवाद में निहित होती है। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, वह केवल नई समस्याओं को जन्म देता है। अहिंसा कायरता नहीं, बल्कि आत्मबल, धैर्य और दूरदर्शिता का सर्वोच्च स्वरूप है। विश्व समुदाय को अब यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि किसी भी देश की मनमानी, सामरिक अहंकार और युद्धोन्माद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रभावी, निष्पक्ष और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। यदि आज भी दुनिया ने युद्ध की राजनीति पर अंकुश नहीं लगाया, तो भविष्य की पीढ़ियां हमें क्षमा नहीं करेंगी। आज पूरी दुनिया की प्रार्थना यही है कि अमेरिका को शक्ति के साथ सद्बुद्धि मिले, ईरान को संयम और विवेक का मार्ग मिले तथा दोनों राष्ट्र हथियारों की भाषा छोड़कर संवाद की संस्कृति अपनाएं। शांति ही विकास का आधार है, संवाद ही स्थायी समाधान का मार्ग है और अहिंसा ही मानव सभ्यता का सबसे बड़ा अस्त्र है। यही समय की पुकार है, यही मानवता की अपेक्षा है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।

## ‘रिवर्स ब्रेन ड्रेन’ और भारत की चमक



आलोक मेहता

आजकल इस बात की चर्चा कभी सराहना के रूप में होती है, तो कभी आलोचना के रूप में कि क्या भारत छोड़कर विदेश जाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह प्रश्न आज संसद से लेकर विश्वविद्यालयों, उद्योग जगत और आम नागरिकों तक चर्चा का विषय है। पिछले कुछ वर्षों में एक और तथ्य ने इस बहस को तेज किया है। हर वर्ष दो लाख से अधिक भारतीय अपनी नागरिकता त्यागकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी तथा अन्य देशों की नागरिकता ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन क्या इसका अर्थ यह है कि भारत से प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) लगातार बढ़ रहा है, अथवा यह कि अवसर, योग्यता और भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा से प्रभावित होकर दुनिया के अनेक देश भारतीय प्रतिभाओं का स्वागत करने को उत्सुक हैं? इतना ही नहीं, विदेशों में रहने वाले भारतीय अपनी आय और बचत का बड़ा हिस्सा परिवारों तथा भारत में निवेश के लिए भेजते हैं। इसलिए इस प्रश्न का उत्तर केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि तथ्यों, आँकड़ों और बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में खोजा जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार, वर्ष 2011 से 2024 के बीच 20.6 लाख से अधिक भारतीयों ने भारतीय नागरिकता का त्याग किया। केवल 2022, 2023 और 2024 में ही यह संख्या लगातार दो लाख से अधिक प्रति वर्ष रही। 2024 में 2,06,378 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी, जबकि 2023 में यह संख्या 2,16,219 और 2022 में 2,25,620 थी। लगभग 140 करोड़ की आबादी वाले देश के संदर्भ में यह संख्या बहुत बड़ी नहीं कही जा सकती। हालाँकि इन आँकड़ों को समझते समय एक महत्वपूर्ण तथ्य ध्यान में रखना चाहिए कि इनमें अधिकांश वे लोग हैं जो कई वर्ष पहले छात्र, इंजीनियर, डॉक्टर, शोधकर्ता, उद्यमी या अन्य पेशेवर के रूप में विदेश गए थे और वहाँ स्थायी निवास प्राप्त करने के बाद नागरिकता के पात्र बने। इसलिए नागरिकता त्याग का आँकड़ा उसी वर्ष भारत छोड़कर जाने वालों की संख्या का प्रत्यक्ष संकेतक नहीं है।

भारत सरकार के देशवार आँकड़ों और विभिन्न देशों के आधिकारिक अभिलेखों से स्पष्ट है कि भारतीय मुख्यतः अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, न्यूज़ीलैंड, सिंगापुर, नीदरलैंड, फ्रांस और इटली की नागरिकता ग्रहण कर रहे हैं। इन देशों में भारतीय समुदाय पहले से स्थापित है तथा उच्च शिक्षा, चिकित्सा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, अनुसंधान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

लोकप्रिय धारणा यह है कि लोग केवल अधिक शक्तिशाली पासपोर्ट पाने के लिए भारतीय नागरिकता छोड़ते हैं, किंतु यह पूरी सच्चाई नहीं है। इसके पीछे अनेक कारण हैं। पहला, स्थायी जीवन और रोजगार की सुरक्षा। दूसरा, बच्चों का भविष्य, क्योंकि विदेशी नागरिक बनने पर उन्हें स्थानीय विश्वविद्यालयों में कम शुल्क, छात्रवृत्ति तथा रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं। तीसरा, सामाजिक सुरक्षा, जिसमें पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोज़गारी सहायता और वृद्धावस्था सुरक्षा जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। चौथा, वैश्विक स्तर पर रोजगार के अधिक अवसर।

भारत पूर्ण दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं देता। इसलिए जब कोई भारतीय किसी दूसरे देश की नागरिकता ग्रहण करता है, तो उसे भारतीय नागरिकता त्यागनी पड़ती है। विदेश मंत्रालय के अनुसार विश्व में 3.5 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के लोग और अनिवासी भारतीय रहते हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। यह समुदाय केवल रेमिटेंस ही नहीं भेजता, बल्कि निवेश, तकनीक, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और भारत की वैश्विक छवि को भी सुदृढ़ करता है। इनकी उल्लेखनीय उपस्थिति अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, फिजी तथा यूरोप के अनेक देशों में है।

विश्व बैंक के अनुसार भारत कई वर्षों से दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस प्राप्त करने वाला देश बना हुआ है। विदेशों में रहने वाले भारतीय हर वर्ष 100 अरब डॉलर से अधिक की धनराशि भारत भेजते हैं। अनेक वर्षों में यह राशि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई) के बराबर या उससे भी अधिक रही है। यह धन केवल परिवारों के खर्च तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, कृषि, लघु उद्योग, सेवा क्षेत्र और स्थानीय अर्थव्यवस्था में निवेश के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केरल, पंजाब, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों की अर्थव्यवस्था में इसका विशेष योगदान है।

भारत अब ‘ब्रेन ड्रेन’ की पुरानी बहस से आगे बढ़कर ‘ब्रेन गेन’ और ‘ब्रेन नेटवर्क’ का वैश्विक उदाहरण बन सकता है। भारतीय नागरिकता त्यागने वालों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय अवश्य हो सकती है, लेकिन इसे केवल नकारात्मक दृष्टि से देखना उचित नहीं होगा। वैश्वीकरण के इस दौर में प्रतिभा सीमाओं में बँधी नहीं रहती। आज भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल अपने युवाओं को रोकना नहीं, बल्कि दुनिया भर में फैली भारतीय प्रतिभा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। यदि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करना है, तो विदेशों में बसे भारतीयों को ‘खोई हुई प्रतिभा’ नहीं, बल्कि ‘वैश्विक भारतीय शक्ति’ के रूप में देखना होगा। यही दृष्टिकोण भारत को ज्ञान, पूँजी, नवाचार और वैश्विक प्रभाव - इन चारों क्षेत्रों में नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है।

बीसवीं शताब्दी में जब भारतीय वैज्ञानिक, डॉक्टर और इंजीनियर स्थायी रूप से विदेशों में बस जाते थे, तब इसे ‘ब्रेन ड्रेन’ कहा जाता था। आज स्थिति बदल चुकी है। अमेरिका की सिलिकॉन वैली, लंदन, सिंगापुर, टोरंटो, सिडनी और बर्लिन में बसे भारतीय केवल विदेशी अर्थव्यवस्थाओं का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे भारत में निवेश कर रहे हैं, स्टार्टअप स्थापित कर रहे हैं, विश्वविद्यालयों के साथ शोध सहयोग बढ़ा रहे हैं, भारतीय कंपनियों को वैश्विक बाज़ारों से जोड़ रहे हैं और हर वर्ष बड़ी मात्रा में धन भारत भेज रहे हैं। विश्व बैंक के अनुसार 2024 में भारत को लगभग 135 अरब अमेरिकी डॉलर का रेमिटेंस प्राप्त हुआ। यह धन करोड़ों भारतीय परिवारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और छोटे व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है।

बदलते समय में एक नई प्रवृत्ति भी उभरकर सामने आई है। अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका तथा कई एशियाई देशों में कार्यरत अनेक भारतीय अब वापस लौटकर भारत में नए उद्यम और व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। यहाँ उन्हें परिवार के साथ आधुनिक जीवन-सुविधाएँ, बेहतर अवसंरचना, विश्वस्तरीय हवाई अड्डे, आधुनिक रेल सेवाएँ, विकसित नगर और व्यापार के अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो रहा है।

पिछले दो वर्षों में ब्रिटेन, कनाडा और कुछ अन्य देशों में आव्रजन नियम कड़े हुए हैं। ब्रिटेन में छात्र वीज़ा नियमों में बदलाव, आश्रितों पर प्रतिबंध, रोजगार बाज़ार में मंदी और बढ़ती जीवन-यापन लागत के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र और पेशेवर अन्य विकल्प तलाशने लगे हैं। इसी प्रकार कनाडा ने भी अस्थायी निवास और छात्र वीज़ा संबंधी नियमों को अधिक कठोर बनाया है।

यह भी उतना ही सत्य है कि पिछले दशक में भारत की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का प्रमुख केंद्र बन चुका है तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में बड़े निवेश आकर्षित कर रहा है। आधार, यूपीआई, ओएनडीसी और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना ने भारत को वैश्विक नवाचार का एक सफल मॉडल बना दिया है।

इसी कारण विदेशों में कार्यरत अनेक भारतीय विशेषज्ञ भारत में निवेश कर रहे हैं अथवा परियोजना-आधारित कार्यों के लिए लौट रहे हैं। यद्यपि इसकी आधिकारिक संख्या उपलब्ध नहीं है, फिर भी उद्योग जगत में ‘ब्रेन सर्कुलेशन’ अर्थात प्रतिभा के वैश्विक आवागमन की चर्चा निरंतर बढ़ रही है।

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, एप्पल, जेपी मॉर्गन, गोल्डमैन सैक्स, डेलॉइट, एरिक्सन, बोइंग, एयरबस, मर्सिडीज़-बेंज और बीएमडब्ल्यू जैसी अनेक वैश्विक कंपनियों ने भारत में अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित किए हैं। आज बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, गुरुग्राम, नोएडा और चेन्नई विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं इंजीनियरिंग केंद्र बन चुके हैं। इन केंद्रों में विदेशों में कार्य कर चुके भारतीय विशेषज्ञों की माँग लगातार बढ़ रही है।

भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और चिप डिज़ाइन के क्षेत्र में बड़े निवेश आरंभ हो चुके हैं। इन क्षेत्रों में ताइवान, अमेरिका और यूरोप में कार्यरत भारतीय विशेषज्ञों के लिए आकर्षक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। रक्षा उत्पादन, ड्रोन, मिसाइल, उपग्रह, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और निजी अंतरिक्ष उद्योग के विस्तार ने भी उच्च कौशल वाले भारतीय इंजीनियरों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। यूपीआई, आधार, डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस और ओएनडीसी जैसी व्यवस्थाओं ने भारत को विश्व का एक अनूठा डिजिटल बाज़ार बना दिया है। विदेशी कंपनियाँ अब भारत को केवल ‘आउटसोर्सिंग सेंटर’ नहीं, बल्कि ‘नवाचार केंद्र’ के रूप में देखने लगी हैं।

कुछ विशेषज्ञ इस प्रवृत्ति को ‘रिवर्स ब्रेन ड्रेन’ कहते हैं, किंतु अधिक उपयुक्त शब्द है - ‘ब्रेन सर्कुलेशन ‘, अर्थात प्रतिभा का वैश्विक आवागमन। यही वह नई वास्तविकता है, जो भारत को वैश्विक ज्ञान-आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**(लेखक पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ संपादक हैं)**

## गौ अर्थव्यवस्थाः अवसर और भविष्य



डॉ. एस. के. द्विवेदी

भारत में गौ पर चर्चा अक्सर दो ध्रुवों के बीच सिमट जाती है - एक ओर धार्मिक आस्था और दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श। इस कारण एक तीसरा और अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष पीछे छूट जाता है - गौ आधारित अर्थव्यवस्था। जबकि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था जिस दिशा में आगे बढ़ रही है, उसमें भारतीय गौवंश केवल दुग्ध उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि हरित विकास, ग्रामीण उद्यमिता और जैव-आधारित उद्योगों का सशक्त आधार बन सकता है।

विश्व आज जलवायु परिवर्तन, रासायनिक कृषि के दुष्प्रभाव और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से लेकर यूरोप की ग्रीन डील तक, दुनिया ऐसे विकास मॉडल खोज रही है जो पर्यावरण पर कम बोझ डालें। भारत के पास इस परिवर्तन में योगदान देने की विशिष्ट क्षमता है, क्योंकि यहां कृषि, पशुपालन और प्रकृति के बीच संतुलन पर आधारित जीवन-पद्धति सदियों से विकसित हुई है। भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अनुसार देश का दुग्ध उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और यह लाखों ग्रामीण परिवारों की आय का प्रमुख स्रोत है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या हमने गौ आधारित अर्थव्यवस्था की संभावनाओं का पूरा उपयोग किया है? उत्तर स्पष्ट रूप से नहीं है। हमारी अधिकांश आर्थिक गतिविधियां दूध तक सीमित हैं, जबकि गौ आधारित मूल्य श्रृंखला इससे कहीं अधिक व्यापक है। गोबर से जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, बायोगैस, बायो-सीएनजी, प्राकृतिक पेंट, ईंटें, धूप-अगरबत्ती, बागवानी उत्पाद तथा पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सामग्री तैयार की जा सकती है। आज अनेक स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूह इन क्षेत्रों में सफल प्रयोग कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना ने यह सिद्ध किया कि यदि सरकार, स्थानीय निकाय और ग्रामीण समुदाय मिलकर कार्य करें, तो गोबर भी आर्थिक संपदा में बदल सकता है। योग और आयुर्वेद की वैश्विक स्वीकार्यता ने सिद्ध किया है कि पारंपरिक ज्ञान, यदि वैज्ञानिक अनुसंधान और गुणवत्ता मानकों से जुड़ जाए, तो वह विश्व बाजार में सम्मान प्राप्त कर सकता है। पंचगव्य और गौ-आधारित उत्पादों पर अनुसंधान जारी है, किंतु किसी भी स्वास्थ्य संबंधी दावे का प्रचार कठोर वैज्ञानिक परीक्षण और नियामकीय स्वीकृति के बिना नहीं किया जाना चाहिए। भारत की विश्वसनीयता का आधार वैज्ञानिक प्रमाण होना चाहिए, न कि अतिरंजना।

देशी गौ नस्लों का संरक्षण भी केवल भावनात्मक विषय नहीं है। गिर, साहीवाल, थारपारकर, राठी और लाल सिंधी जैसी नस्लें स्थानीय जलवायु के अनुकूल हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता रखती हैं और टिकाऊ पशुपालन का आधार बन सकती हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में यह जैव विविधता भारत की दीर्घकालिक कृषि सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण पूंजी है। फिर भी प्रश्न बना रहता है कि यदि इतनी संभावनाएं हैं, तो भारत अब तक वैश्विक नेतृत्व क्यों नहीं कर पाया? इसका उत्तर तीन प्रमुख कमियों में छिपा है - अनुसंधान और नवाचार का अभाव, गुणवत्ता एवं मानकीकरण की कमी तथा प्रभावी ब्रांडिंग और विपणन का अभाव। यदि भारत वास्तव में इस क्षेत्र में अग्रणी बनना चाहता है, तो अब समय आ गया है कि गौ आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एक राष्ट्रीय मिशन प्रारंभ किया जाए। इसमें कृषि विश्वविद्यालयों, पशु चिकित्सा संस्थानों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, प्रबंधन संस्थानों, जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं और निजी उद्योगों को एक साझा मंच पर लाकर अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जाए।

इससे ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसान उत्पादक संगठनों के लिए नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को स्थायी आधार मिलेगा। गौशालाओं की भूमिका भी पुनर्परिभाषित करने की आवश्यकता है। उन्हें केवल आश्रय केंद्र नहीं, बल्कि नस्ल संरक्षण, जैविक उत्पादन, कौशल विकास, अनुसंधान और सामाजिक उद्यमिता के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। यदि गौशालाएँ आत्मनिर्भर आर्थिक इकाइयों में परिवर्तित होती हैं, तो गौ संरक्षण की पूरी अवधारणा अधिक व्यावहारिक और टिकाऊ बन जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस विषय पर राष्ट्रीय विमर्श भावनाओं और विरोध की राजनीति से ऊपर उठे। न तो अतिशयोक्तिपूर्ण दावे इस क्षेत्र का भला करेंगे और न ही इसकी संभावनाओं को केवल वैचारिक दृष्टि से देखने से कोई लाभ होगा। भारत को वही दृष्टिकोण अपनाना होगा जिसने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, आयुर्वेद और मिलेट्स जैसे अभियानों को वैश्विक पहचान दिलाई–परंपरा का सम्मान, विज्ञान का समर्थन और बाज़ार की समझ।

भारत के पास संसाधन हैं, समृद्ध परंपरा है, जैव विविधता है और विशाल ग्रामीण मानव संसाधन भी है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि इन सभी को एक सुविचारित आर्थिक रणनीति से जोड़ा जाए। यदि ऐसा हुआ, तो गौ आधारित अर्थव्यवस्था केवल ग्रामीण भारत की आय का अतिरिक्त स्रोत नहीं रहेगी, बल्कि हरित विकास, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला भी बन सकती है।

आने वाला दशक यह तय करेगा कि भारत गौ को केवल सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखता है या ज्ञान, विज्ञान और नवाचार के सहारे उसे वैश्विक हरित अर्थव्यवस्था की एक सशक्त शक्ति में परिवर्तित करता है। यदि अनुसंधान, गुणवत्ता, उद्यमिता और बाज़ार की दृष्टि को समान महत्व दिया गया, तो गौ आधारित अर्थव्यवस्था भारत के ग्रामीण विकास का नया मॉडल बन सकती है। यही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**( लेखक गुरु घासीदास विवि बिलासपुर के वाणिज्य विभाग में सहायक आचार्य हैं।)**

## कुरैशी की पुस्तक से उठा सवाल, मनमोहन को 'आत्महत्या' के लिए क्यों 'मजबूर' कर रहे थे कांग्रेसी मंत्री?

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी की आने वाली पुस्तक ने देश की राजनीति में जोरदार हलचल मचा दी है। सबसे सनसनीखेज खुलासा उस घटना का है, जब वर्ष 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने उनसे कथित तौर पर कहा, "यदि आप ऐसा सोचते हैं तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।" यह टिप्पणी उस समय सामने आई, जब कुरैशी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री से शिकायत की थी कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ मंत्री और नेता चुनाव आयोग की संवैधानिक गरिमा पर लगातार चोट कर रहे हैं। कुरैशी ने इस पूरे घटनाक्रम को अपनी पुस्तक के उस अध्याय में दर्ज किया है, जिसका शीर्षक है, "वह दिन जब प्रधानमंत्री ने अकल्पनीय बात कह दी।" कुरैशी के अनुसार यह पूरा विवाद उस समय चल रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान शुरू हुआ था। उस समय तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चुनाव प्रचार के दौरान मुसलमानों के लिए नौकरियों में आरक्षण साढ़े चार प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत करने का वादा किया था। भारतीय जनता पार्टी ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की। आयोग ने चार दिन तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सलमान खुर्शीद को फटकार लगाई। चुनाव आयोग के पास यही सबसे कड़ी



कार्रवाई उपलब्ध थी। इसके बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने चुनाव आयोग को घमंडी और मनमाना तक कहना शुरू कर दिया। कुरैशी लिखते हैं कि आलोचना से उन्हें कभी परेशानी नहीं हुई, लेकिन जब संवैधानिक संस्था की साख पर चोट पहुंचाने की कोशिश हुई तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया।

कुरैशी के अनुसार उन्होंने अपनी पीड़ा प्रधानमंत्री के तत्कालीन प्रेस सलाहकार हरीश खरे के सामने रखी। अगले ही दिन प्रधानमंत्री कार्यालय से तत्काल बुलावा आया। शाम को हुई मुलाकात में मनमोहन सिंह बेहद व्यथित नजर आए। कुरैशी के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा, "यदि आपको ऐसा लगता है तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।" यह सुनकर वह खुद भी स्तब्ध रह गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी शिकायत प्रधानमंत्री से नहीं, बल्कि कुछ मंत्रियों के व्यवहार से थी। इसके बाद मनमोहन सिंह ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें इस तरह की टिप्पणियों की कोई जानकारी नहीं थी। यदि पहले पता होता तो वह संबंधित मंत्रियों को कड़ी फटकार लगाते। उन्होंने यह भी कहा कि आगे कभी ऐसी कोई बात हो तो सीधे उन्हें बताई जाए। कुरैशी के अनुसार मनमोहन सिंह ने चुनाव आयोग को भारत के लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए कहा कि यदि यह संस्था कमजोर हुई तो सब कुछ कमजोर हो जाएगा। कुरैशी का दावा है कि इस मुलाकात के बाद चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी थम गई। हालांकि यहां एक सवाल यह उठता है कि क्या तत्कालीन कांग्रेसी मंत्री मनमोहन सिंह को आत्महत्या जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर कर रहे थे?

साथ ही पुस्तक में कुरैशी ने एक और चौंकाने वाली बात कही है। उनका कहना है कि सरकार का हाथ हमेशा लंबा होता है, जबकि विपक्ष को सहारे की जरूरत पड़ती है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अपने कार्यकाल के दौरान उनके उदार रवैये का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला। यह टिप्पणी सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में नई बहस शुरू हो गई है कि आखिर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त किस संदर्भ में यह बात कह रहे थे और इसका वास्तविक अर्थ क्या है। उधर, कुरैशी की पुस्तक के इन खुलासों पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना कांग्रेस की पुरानी राजनीतिक रणनीति रही है। उन्होंने कहा कि जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार सत्ता में थी, तब भी उसके मंत्री आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर चुनाव आयोग के खिलाफ बयान देते थे और आज विपक्ष में बैठकर भी कांग्रेस चुनावी नतीजे मनमाफिक नहीं आने पर आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है। अमित मालवीय ने यह भी कहा कि कुरैशी के खुलासे से साफ है कि स्वयं मनमोहन सिंह अपने मंत्रियों की टिप्पणियों से दुखी थे और उन्हें अपने सहयोगियों पर नियंत्रण नहीं था। दूसरी ओर कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के हमलों को पुरानी घटना के सहारे ध्यान भटकाने की कोशिश बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने कहा कि चुनिंदा घटनाओं और सुनी सुनाई बातों के आधार पर आज उठ रहे गंभीर सवालों को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता, निर्णय लेने की व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता के भरोसे को लेकर उठाए जाने वाले सवाल किसी संस्था पर हमला नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस हमेशा चुनाव आयोग को संविधान के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक मानती रही है और जहां जरूरी हो वहां जवाबदेही मांगना लोकतांत्रिक अधिकार है। देखा जाये तो कुरैशी की पुस्तक केवल इस एक विवाद तक सीमित नहीं है। उन्होंने अपने लंबे प्रशासनिक जीवन के सौ महत्वपूर्ण प्रसंग इसमें शामिल किए हैं। वह लिखते हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव का पद इसलिए स्वीकार नहीं किया, क्योंकि उन्हें डर था कि एक मुसलमान होने के कारण उनकी योग्यता से अधिक उनके धर्म की चर्चा होगी। उनका दावा है कि बाद में एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह तक कह दिया था कि वहां पहले से एक मुसलमान मौजूद है। पुस्तक में यह भी उल्लेख है कि पंजाब विधानसभा चुनाव के बाद चुनाव आयोग ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को मादक पदार्थों के चुनावी इस्तेमाल को लेकर आगाह किया था, लेकिन इस पर गंभीर ध्यान कई वर्ष बाद गया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल आयोजन से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं पर भी चिंता जताने, उत्तर प्रदेश चुनाव में हाथी की मूर्तियों को ढकने के फैसले का बचाव करने और दूरदर्शन में अपनी नियुक्ति के समय सुषमा स्वराज द्वारा उनका खुलकर समर्थन किए जाने जैसी कई घटनाओं का भी विस्तार से जिक्र किया है। कुल मिलाकर कुरैशी की पुस्तक ने एक साथ कई पुराने राजनीतिक घाव फिर से खोल दिए हैं। कहीं मनमोहन सिंह की संवेदनशील छवि सामने आती है, कहीं कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच टकराव की कहानी दिखाई देती है, तो कहीं भारतीय जनता पार्टी इन खुलासों के सहारे कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करती नजर आती है। चुनाव आयोग, सत्ता, विपक्ष और संवैधानिक संस्थाओं के इर्द गिर्द घूमती यह कहानी आने वाले दिनों में राजनीतिक बहस का नया केंद्र बनने वाली है।

**–नीरज कुमार दुबे**

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# 11 करोड़ चार लाख की लागत से भारामल बाबा, खटीमा में छठ घाट, निर्माण कुटिया आश्रम का होगा कायाकल्प

## जसपुर व खटीमा गुजर बस्तियों में सोलर व हाई मास्क लाईटें, एसडीएम व तहसील कार्यालय की मरम्मत व रंगाई- पुताई

जागरण मोर्चा कार्यालय

- जिला पंचायत क्षेत्रों में बटेंगी सीमेंट निर्मित बैंचे
- ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत बटेंगे कूड़ेदान

**खटीमा।** जिला पंचायत उधम सिंह नगर की देखरेख में खटीमा सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 11 करोड़, 4 लाख,18 हजार की लागत से विकास कार्य संपन्न किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने खटीमा व जिला पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य संपन्न कराए जा रहे हैं ।

जिपंअ मौर्य ने बताया कि ग्राम हल्दी में लगभग 8करोड़ की लागत से लगभग दो हजार पशुओं की क्षमता वाली गौशाला का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री धामी जी शीघ्र ही इसका लोकार्पण करेंगे। खटीमा के वार्ड संख्या 14 में एक करोड, चार लाख, 52 हजार की लागत से संजय रेलवे पार्क स्थित छठ पूजा घाट का सौंदर्यीकरण किया जा रहा हैं। छठ पूजा स्थल को


संजय रेलवे पार्क के छठ पूजा स्थल पर चल रहा निर्माण कार्य। -जागरण मोर्चा

भव्य आधुनिक बनाने का कार्य तेजी से चल रहा हैं। जिपंअ मौर्य ने बताया कि यह कार्य लगभग दो माह में पूराकर लिया जाएगा। साथ ही भारामल बाबा के मंदिर तथा वार्ड संख्या 14 स्थित निर्माण कुटिया आश्रम को एक करोड़ 19 लाख 95 हजार की लागत से एक-एक धर्मशाला मंदिर में टाईल्स रोड व फर्श में टायल बिछाने का कार्य होगा। खटीमा व जसपुर विकासखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले गुजरों के डेरों में सोलर व हाई मास्क लाइटें लगाई जाएगी।

सीएम धामी के प्रयास से खटीमा में 44 लाख 71 हजार की लागत से एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय भवन की मरम्मत व रंगाई पुताई का कार्य होना है। जनपद के जिला पंचायत क्षेत्र में तीन करोड़ 60 लाख की लागत से कूड़ेदान बटेंगे। जनपद के जिला पंचायत क्षेत्रों में तीन करोड़ 25 लाख की लागत से सीमेंट निर्मित बेंच स्थापना कार्य होना है।

जिला पंचायत उधम सिंह नगर के उक्त निर्माण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया 27 फरवरी 2026 को पूर्ण कर ली गई हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयास से उनके गृह क्षेत्र में विकास कार्य विधिवत संपन्न कराए जा रहे हैं। क्षेत्र के विकास में बजट की नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने विकास कार्यों को मानकों के अनुरूप संपन्न कराने संबंधी निर्देश जारी किए हैं

## उपग्राम प्रधान झनकट के लिए मोनिका मनोला निर्विरोध निर्वाचित

**खटीमा।** ग्राम पंचायत झनकट के लिए मोनिका मंनोला निर्विरोध उप प्रधान निर्वाचित हुई हैं। निर्वाचित मोनिका मंनोला का ग्राम प्रधान रीता बोरा एवं भाजपा नेता ललित बोरा ने फूलमाला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है। मोनिका मनोला के निर्विरोध निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत के सभासद भावना भाटिया, भावना देवी, प्रिया बिष्ट, सपना, अंतर कला, संजना, नीतू , सीता देवी, राजकुमारी, रेखा, जोगिंदर सिंह व वैजयंती ने अपना समर्थन देते हुए बधाई की है।


नवनिर्वाचित उपग्राम प्रधान मोनिका मंनोला का रीता बोरा एवं भाजपा नेता ललित बोरा ने फूलमाला पहनाकर बधाई दी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### कांवड़ यात्रा के मार्ग से मीट-मछली, मांस की दुकानें बंद हों– राष्ट्रीय योगी सेना

**खटीमा।** राष्ट्रीय योगी सेना उत्तराखंड ने कांवड़ यात्रा एवं सावन माह के मद्देनजर उत्तराखंड पुलिस और प्रशासन से बाजारों तथा प्रमुख मार्गों पर संचालित मीट–मछली की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद कराने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री हयात सिंह बिष्ट ने जारी बयान में कहा कि कांवड़ यात्रा हिंदू आस्था का एक प्रमुख धार्मिक पर्व है, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर यात्रा करते हैं। ऐसे में यात्रा मार्गों और बाजारों में धार्मिक भावनाओं का सम्मान बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू आस्था के विरुद्ध कोई गतिविधि सामने आती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संगठन ने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय योगी सेना उत्तराखंड इसका विरोध करेगी। राष्ट्रीय योगी सेना ने प्रशासन से कांवड़ यात्रा के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित करने की अपील की है।

## संक्षेप समाचार

### सड़कों को जाम से मुक्त कर फिर शहर को सुंदरम बनाएंगे कोतवाल सुंदरम शर्मा



**सितारगंज।** एसएसपी अजय गणपति ने कोतवाली परिसर में थाना दिवस के अवसर पर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान आमजन ने उनसे पूर्व की भांति सड़कों को जाम से मुक्ति, यातायात व्यवस्था सुधारने, पुलिस गश्त बढ़ाने, अतिरिक्त पुलिस स्टाफ की नियुक्ति, सिडकुल पुलिस चौकी को रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में अपडेट करने आदि की समस्याओं से अवगत कराया। इससे पूर्व एसएसपी अजय गणपति ने विधि विधान से कोतवाली परिसर में स्थापित मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कर परिसर में कराए गए नवीन कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कोतवाली परिसर को सुंदर, स्वच्छ बनाने में भूमिका निभाने वाले विभिन्न कारीगरों को सम्मानित कर पुलिस और पब्लिक के जुड़ाव की मिसाल कायम की। बुधवार को कोतवाली परिसर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सर्वप्रथम शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठता कर पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने कोतवाली परिसर में कराए गए नवीन कार्य आधुनिक कार्यालयों, महिला बैरक, मैंस भवन, पुलिस आवास इत्यादि का फीता काटकर लोकार्पण किया। जिसके बाद परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसएसपी अजय गणपति ने की। यहां उद्योगपति शिवकुमार मित्तल ने पुलिस गश्त बढ़ाने और स्टाफ की अतिरिक्त नियुक्ति करने का सुझाव रखा। गवर्नमेंट कांट्रेक्टर सुरेश जैन ने शहर की सड़कों से पूर्व की भांति अतिक्रमण हटाकर जाम से मुक्ति दिलाने की समस्या से एसएसपी को अवगत कराया। सिडकुल एसोसिएशन के अध्यक्ष समाजसेवी दुर्गेश मोहन गुप्ता ने सिडकुल पुलिस चौकी को रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में अपडेट करने और औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण सिडकुल चौकी में महिला स्टाफ की तैनाती की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सर्वप्रथम अगले थाना दिवस तक शहर की सड़कों को पूर्व की भांति जाम से मुक्ति दिलाकर अधीनस्थ यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### खटीमा की 59 ग्राम पंचायतों में उपप्रधान चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, 31 निर्विरोध और 28 पर मतदान के बाद विजेता घोषित


नवनिर्वाचित उप प्रधान को विजय प्रमाण पत्र देते चुनाव अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** विकासखंड खटीमा की 59 ग्राम पंचायतों में उपप्रधान पद के चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो गए। जिसमें से 31 ग्राम पंचायतों में उपप्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि शेष 28 ग्राम पंचायतों में मतदान कराया गया। मतदान के बाद हुई मतगणना में सभी 28 ग्राम पंचायतों के विजेताओं की घोषणा कर उन्हें मौके पर ही विजय प्रमाण पत्र सौंप दिए गए। निर्वाचन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई गई। मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं। उन्होंने बताया कि जिन 28 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ, वहां मतगणना मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद कराई गई। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों को संबंधित मतदान केंद्रों पर ही विजय प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

# हरेला पर्व पर सेंट जेवियर स्कूल में वृक्षारोपण भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का उत्तराखंड की लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक हरेला पर्व के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंधक फादर पीटर मलिथारा एवं प्राचार्या सिस्टर थेरेसा एंटनी के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव सक्रिय रहने का संकल्प


हरेला पर्व पर वृक्षारोपण करते विद्यालय प्रबंधन। -जागरण मोर्चा

लिया। कार्यक्रम के तहत जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने हरेला पर्व, प्रकृति संरक्षण और वृक्षों के महत्व पर प्रभावशाली विचार रखे। वहीं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत कर प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने कहा कि हरेला केवल एक पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला जन-आंदोलन है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तथा सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों द्वारा हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण का सामूहिक संकल्प लेने के साथ हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में हरेला पर्व को लेकर उत्साह और उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व का वातावरण देखने को मिला।

# तराई विकास सहकारी संघ लिमिटेड रुद्रपुर की प्रबंध कार्यकारिणी के मोहन सिंह चुफाल बने सदस्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** कार्यालय निबंधक सहकारी समितियां, उत्तराखंड के आदेश पर तराई विकास सहकारी संघ लिमिटेड, रुद्रपुर की प्रबंध कार्यकारिणी में भाजपा नेता मोहन सिंह चुफाल को सदस्य नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति पर खटीमा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशन में जिला सहायक निबंधक, सहकारी समितियां ऊधम सिंह नगर हरीश चंद्र खंडूड़ी के आदेश पर ग्राम बग्गा-54 निवासी मोहन सिंह चुफाल (पुत्र डिगर सिंह) को प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामित किया गया। नियुक्ति के



बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या के आवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोहन सिंह चुफाल का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्य, सदानंद जोशी, गुरप्रीत सिंह खिंडा, सतीश मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, त्रिभुवन चौहान, मनोहर चौहान, टार्जन सिंह, अमित चौहान सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 81 मीटर लंबे पुल का सांसद अजय भट्ट ने किया शुभारम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सितारगंज।** सितारगंज काशीपुर नेशनल हाईवे से गुजरने वाली बैगुल नदी पर पुल निर्माण कार्य का सांसद अजय भट्ट ने भूमि पूजन और नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। 10 करोड़ से अधिक की लागत में वर्ष 2027 तक 81 मी लंबे पुल का निर्माण होना है। बुधवार को पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट ने ग्राम बरी के पास सितारगंज काशीपुर नेशनल हाईवे पर 10.72 करोड़ की लागत से बनने वाले बेगुल नदी पर पुल निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। उन्होंने पीडी एन एचएआई को निर्देश दिए कि समय



सीमा के भीतर पुल का निर्माण करना सुनिश्चित करे। ताकि सड़क में लगने वाले जाम से आमजन को निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जिस कार्य का शिलान्यास करती है उसका लोकार्पण भी करती है। उन्होंने फुल निर्माण कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री उत्तर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद गंगवार, जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायण, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अंचल जिंदल आदि मौजूद रहे।

# हरेला पर्व पर सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में हुआ वृक्षारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खटीमा। हरेला पर्व के अवसर पर सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता को समर्पित भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल एवं प्रधानाचार्य रामयश ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया,


बच्चों को जागरूक करती शिक्षिकाएं।

जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नोजगे पब्लिक स्कूल के जतिन जोशी बने गणित ओलम्पियाड में स्टेट टॉपर, विद्यालय को मिला गोल्डन स्कूल सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल (ट्विंकल) के छात्र-छात्राओं ने इंडियन टैलेंट ओलम्पियाड द्वारा आयोजित वर्ष 2025-26 की द्वितीय स्तर की गणित, अंग्रेजी एवं कंप्यूटर साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों की शानदार उपलब्धियों के चलते विद्यालय को 'गोल्डन स्कूल 2025-26' के सम्मान से भी नवाजा गया। विद्यालय के कक्षा 7 के छात्र जतिन जोशी ने गणित ओलम्पियाड में स्टेट रैंक-4 प्राप्त कर राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके लिए उन्हें 1,000 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके अलावा कक्षा 3 की छात्रा गुरबानी कौर ने कंप्यूटर साइंस ओलम्पियाड में स्टेट रैंक-19 तथा



छात्रों की शानदार उपलब्धियों उन्हें सम्मानित करती प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता।

कक्षा 9 की छात्रा सताक्षी अग्रवाल ने अंग्रेजी ओलम्पियाड में स्टेट रैंक-23 हासिल कर एक्सीलेंस मेडल अवार्ड प्राप्त किया। विद्यालय में विभिन्न ओलम्पियाड प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन शिक्षिका रश्मि मिश्रा के निर्देशन में कराया गया। विजेता छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। उनकी सफलता में शिक्षिकाओं विमला जोशी, रश्मि मिश्रा, श्वेता बत्रा एवं शैफाली अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता, अकादमिक अधिकारी डॉ. विनय जैन, उपप्रधानाचार्या शैफाली अग्रवाल तथा समस्त स्टाफ ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# टीवीएस के निर्विरोध अध्यक्ष बने गोपाल बोरा का खटीमा में भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** तराई विकास संघ (टीवीएस) उधम सिंह नगर के अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल बोरा का बुधवार को खटीमा पहुंचने पर आम जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। नगर के मुख्य चौराहे पर निर्विरोध निर्वाचित बोरा का माल्यार्पण, आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण के साथ कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। स्वागत के बाद मुख्य चौराहे से शहीद स्मारक तक ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला गया। शहीद स्मारक पहुंचकर गोपाल बोरा ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और अपने पुनः निर्विरोध निर्वाचन


टीवीएस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल बोरा का स्वागत करते भाजपाई।

को राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष को समर्पित बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्य सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष दान सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में पंचायत से लेकर सहकारिता तक भाजपा को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गोपाल बोरा का लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के विश्वास का प्रतीक है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल बोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने एक सामान्य कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने अपने निर्विरोध निर्वाचन में सहयोग के लिए दान सिंह रावत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या सहित सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में भाजपा की यह सफलता मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व और संगठन की मजबूत कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने गोपाल बोरा को पुनः अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान गणेश ठकुराठी, मोहनी पोखरिया, रामू जोशी, गंभीर सिंह धामी, नंदन सिंह खड़ायत, नवीन बोरा, हिमांशु बिष्ट, गौरव सोनकर, माया जोशी, जीवन्ती बोरा, धाना भंडारी, लीला बोरा, सतीश गोयल, सत्यम अग्रवाल, राम सिंह जेठी, भुवन जोशी, किशोर जोशी, प्रकाश तिवारी, नीरू खोलिया, अमित, चन्द्र थापा आदि मौजूद रहे।

## चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध का कानून लेकर आएगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ को सूचित किया है कि वह घातक चीनी मांझा के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाने पर विचार कर रही है।राज्य सरकार के अधिवक्ता ने कहा कि प्रस्तावित कानून के तहत पीड़ितों के लिए मुआवजे पर भी विचार किया जा रहा है, जिसका नाम संभवतः यूपी घातक मांझा (निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध) अधिनियम रखा जाएगा। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया गया कि चीनी मांजा अब ऑनलाइन उपलब्ध है और इस संबंध में अखबारों में भी खबर छपी है। इसपर कोर्ट ने निर्देश दिया कि पक्षकारों के अधिवक्ता इस पहलू पर भी गौर करें।

# हरेला पर्व पर खटीमा तहसील परिसर में पौधरोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर बुधवार को खटीमा तहसील परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम तुषार सैनी एवं तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एस.के. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर एसडीएम तुषार सैनी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से जल संरक्षण, स्वच्छता, कूड़ा डस्टबिन में डालने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने कहा कि पौधा लगाना महत्वपूर्ण है, लेकिन उसे


वृक्षारोपण करते एसडीएम तुषार सैनी।

वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना ही वास्तविक पर्यावरण सेवा है। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की नींव बनेंगे। कार्यक्रम में एस.के. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जल संरक्षण, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। विद्यार्थियों ने "जल ही जीवन है, हर बूंद अनमोल है" और "पर्यावरण बचाओ, भविष्य बचाओ" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह एवं प्रबंधक जगजीत सिंह ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्षारोपण प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों ने कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जयदीप सिंह, प्रशांत शर्मा, उज्ज्वल, संदीप कौर, गरजा शंकर पंत सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर से निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**पूरनपुर।** क्षेत्र की निवासी एक महिला करीब दस दिन पहले बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जानकारी के अनुसार महिला करीब दस दिन पहले घर से निकली थी। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी इंतजार के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और अन्य संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चल सका। महिला का सुराग न मिलने पर उसके ससुर ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस महिला के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ-साथ संभावित स्थानों पर उसकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। महिला की जल्द से जल्द तलाश कर उसे सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अनियंत्रित होकर ट्रक पेड़ से टकराया, चालक की मौत

## सूचना पर पहुंची पुलिस में शब पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



छतिग्रस्त ट्रक। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** आलू लाद कर लखीमपुर खीरी जा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेंड से टकरा गया। जिसमे पूरनपुर क्षेत्र के ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक का फाइल फोटो।

मृतक के परिजन भी पहुंच गए। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के हजारा थाना क्षेत्र के गांव राना प्रतापनगर कबीरगंज निवासी नसीम अख्तर (53 वर्ष) ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।वह बुदवार को ट्रक में आलू भरकर लखीमपुर खीरी जा रहे थे। इसी दौरान खुटार क्षेत्र में सुबह बंडा मार्ग पर रूरा गांव के गुरुद्वारा के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना पाकर बडी संख्या में आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों ने केबिन में फंसे ट्रक चालक को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भारी संख्या में लोग मौके पर उमड पडे। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी को मौके पर मंगवाया। जेसीबी से ट्रक की केबिन को तोड़कर चालक के शव को निकाला। ट्रक में आलू भरकर बदायूं से लखीमपुर खीरी मंडी ले जाया जा रहा था। ट्रक चालक नसीम की मौत की जानकारी पाकर मां सायरा बानो, पत्नी सरदुंनिशा, पुत्र सुहैल, फैज अली, भाई रियासुद्दीन, शब्बीर अंसारी आदि परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। सीओ प्रवीण मलिक ने बताया कि चालक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया जा रहा है। हादसे के कारणों की जांच कराई जा रही है। घटना से परिवार का रो रो कर वुराहाल है।

## छात्रा से छेड़छाड़, दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गतच एक मोहल्ले में स्कूल आते-जाते समय नाबालिग छात्रा का पीछा करने, अश्लील इशारे करने और विरोध करने पर अभद्रता व धमकी देने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, कक्षा 7 की 13 वर्षीय छात्रा को उसके ही मोहल्ले के दो युवक—जितेंद्र कुमार और राहुल—काफी समय से स्कूल आते-जाते समय परेशान कर रहे थे। आरोप है कि बीती 13 जुलाई को आरोपियों ने छात्रा को बहला-फुसलाकर स्कूल परिसर के बाहर बुलाया। जब वहां मौजूद छात्रा के भतीजे ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए छात्रा से अभद्रता की और उसके कपड़े फाड़ दिए। आरोपियों ने किसी फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पेट्रोल पंप के नाम पर सिक्योरिटी मनी के 2 लाख रुपये हड़पे, एसपी के आदेश पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन की विज्ञप्ति के आधार पर पेट्रोल पंप खोलने के नाम पर एक व्यक्ति से 2 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जमीन मालिक और उसके पति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी कृपा शंकर शुक्ला ने पुलिस अ धीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के एक विज्ञापन को देखकर ईंट गांव-बमरौली मार्ग पर पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए आवेदन किया था। इसके लिए उन्होंने ग्राम नगरिया तिलागिरी निवासी भू-स्वामी सरोज कुमारी पत्नी सत्यपाल शुक्ला से उनकी गाटा संख्या 114/2 की भूमि के लिए 16 अक्टूबर 2023 को एक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराया था। अनुबंध के समय पीड़ित ने भू-स्वामी को बतौर जमानत 2 लाख रुपये का एक चेक भारतीय स्टेट बैंक, बीसलपुर दिया था, जिसे आरोपियों ने बैंक से कैश करा लिया। कुछ समय बाद भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने अपरिहार्य कारणों से उक्त विज्ञापन को निरस्त कर दिया। पेट्रोल पंप की योजना रद्द होने के बाद पीड़ित ने भू-स्वामी सरोज कुमारी और उनके पति सत्यपाल शुक्ला से मुलाकात कर मौखिक रूप से अनुबंध रद्द करने और अपनी 2 लाख रुपये की धनराशि वापस मांगी। आरोप है कि धनराशि मांगने पर उक्त लोग लगातार टालमटोल करते रहे और कोई न कोई बहाना बनाकर पैसे वापस करने से इनकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों की नीयत में खोट आ गया है और वे उनकी मेहनत की कमाई को बेईमानी से हड़पना चाहते हैं। थाना पुलिस द्वारा शुरुआत में कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने उच्चाधिकारियों की शरण ली। अब इस मामले में बीसलपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते के विरोध में किसानों की बाइक रैली

जागरण मोर्चा कार्यालय



फ्री ट्रेड समझौते के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन देने जाते किसान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** देश बचाओ किसान मोर्चा के बैनर तले राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं और सैकड़ों किसान-मजदूरों ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते के विरोध में बुधवार को विशाल बाइक रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पूरनपुर को सौंपा। बाइक रैली का शुभारंभ शेरपुर कलां से हुआ। रैली टांडा फाटक, स्टेशन रोड सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए तहसील परिसर पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रस्तावित फ्री ट्रेड समझौते को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता किसानों,खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। संगठन का आरोप है कि इस समझौते से भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी, इसलिए इसे किसी भी स्थिति में लागू नहीं किया जाना चाहिए। देश बचाओ किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार से समझौते को तत्काल समाप्त करने और किसानों व आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों की अनदेखी की गई तो लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि 21 जुलाई को दिल्ली स्थित किसान घाट पर देशभर के 250 से अधिक किसान संगठनों की विशाल किसान पंचायत आयोजित की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में "दिल्ली चलो" अभियान में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि यह आंदोलन किसानों, मजदूरों और देश की आर्थिक संप्रभुता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण होगा। रैली और ज्ञापन कार्यक्रम में हाजी रियाजत नूर खां, मनजीत सिंह, जावेद खां, अमन खान, तालिब खान, दानिश खान, आयाज खान (बबलू), जुनैद खान (मेंबर), परवेज खान, अनीस अहमद, ईश्वर दयाल, साबेस खान, शान मियां, सोनी दोसांझ, सोनू मान, इन्द्रजीत सिंह, कुलवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह गुरदासपुरिया, मनप्रीत सिंह मीराकोटिया, सतिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर मौजूद रहे।

## चेन्नई से लौटे श्रमिकों के लाखों रुपये लेकर ठेकेदार चपंत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** चेन्नई में मजदूरी कर लौटे कई श्रमिकों ने एक ठेकेदार पर उनकी मेहनत की लाखों रुपये की मजदूरी हड़पने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित श्रमिकों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। संपूर्ण नगर के रहने वाले अफरोज ने बताया कि गहलुइया क्षेत्र का रहने वाला एक ठेकेदार उन्हें व कई लोगों को रोजगार दिलाने के नाम पर चेन्नई ले गया था। प्रति महीना बीस हजार रुपये देने की वात कही। वहां उन्होंने कई महीनों तक विभिन्न निर्माण कार्यों में मजदूरी की। काम पूरा होने के बाद जब मजदूरी का भुगतान होना था, तब ठेकेदार ने रुपये दिलाने का आश्वासन देकर उन्हें वापस भेज दिया। आरोप है कि बाद में उसने मजदूरी की लाखों रुपये की रकम अपने पास रख ली और भुगतान करने से इंकार कर दिया। श्रमिकों का कहना है कि जब उन्होंने अपने मेहनताने की मांग की तो ठेकेदार ने उन्हें धमकाया। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई। इससे श्रमिकों में आक्रोश फैल गया और सभी एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे। श्रमिकों ने पुलिस को दी। तहरीर में बताया कि उनकी मेहनत की कमाई बकाया है। जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोपित ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बकाया मजदूरी दिलाने तथा कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पूरनपुर।** दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दवोच लिया। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। हजारा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि आठ जुलाई को वह घर पर नही थी। उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। इसी दौरान एक युवक ने घर में घुस कर उसकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने महिला की ओर से गगन सिंह उर्फ अमरजीत सिंह निवासी हजारा थाना क्षेत्र के टिल्ला नंबर चार बमनपुरी भगीरथ के खिलाफ दुष्कर्म करने पाक्सो एक्ट की धाराओ रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कई दिनों से फरार चल रहा था।15 जुलाई को मुखबिर के जरिए सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को सुतिया नाले के पास पकड़ लिया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया आरोपी कई दिन से फरार चल रहा था। उसको जेल भेजा गया है।

### भगौतीपुर देवी मंदिर में जातों का मेला शुरू

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव भगौतीपुर स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध देवी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जातों का मेला 15 जुलाई से शुरू हो गया। यह धार्मिक मेला 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा तक चलेगा। लगभग पंद्रह दिनों तक चलने वाले इस मेले में क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के जनपदों से श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता के दर्शन-पूजन करते हैं, प्रसाद चढ़ाते हैं तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। कई श्रद्धालु हाथ जोड़कर मंदिर की परिक्रमा लगाते हैं, जबकि अनेक लोग अपनी मनौतियां पूरी होने पर विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन भी करते हैं। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ ग्रामीण संस्कृति की भी सुंदर झलक देखने को मिल रही है। मंदिर परिसर और आसपास विभिन्न प्रकार की दुकानों से रौनक बढ़ गई है। मेले में मिठाइयों,खिलौनों, श्रृंगार सामग्री, पूजा सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुओं तथा बच्चों के लिए झूले और अन्य मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं। खेल-तमाशे और विभिन्न आकर्षण बच्चों एवं युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शाम होते ही मेले की चहल-पहल और भी बढ़ जाती है तथा श्रद्धालु परिवार सहित मेले का आनंद लेते नजर आते हैं।

### भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई तक: जल संरक्षण अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ




**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में भूजल सप्ताह (16 से 22 जुलाई) के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने गांधी सभागार से जल संरक्षण जनजागरूकता अभियान के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूजल सप्ताह के दौरान जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां प्रभावी ढंग से आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि सप्ताह भर चिन्हित जल निकायों के पुनरुद्धार के लिए श्रमदान, ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठकें, जनजागरूकता रैलियां, दीवार लेखन, पोस्टर प्रदर्शन, वर्षा जल संचयन स्थलों की पहचान, पौधारोपण, रिचार्ज पिट निर्माण, जल संरक्षण की शपथ, पूर्व निर्मित जल संरचनाओं का निरीक्षण, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई का प्रदर्शन तथा विद्यालयों में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। अभियान का मुख्य नारा "जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प" रखा गया है। उन्होंने कहा कि "जल है तो जीवन है, जल है तो कल है"। जनपद के तालाबों का पुनर्जीवन कर भूजल स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से भूजल सप्ताह में सक्रिय भागीदारी निभाने और जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बरहा पहुंचे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों को दिया समर्थन

**पीलीभीत।** सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरहा में सड़क निर्माण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा गांव पहुंचे। उन्होंने हाल ही में पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध जताने वाले युवक राजकुमार से मुलाकात की और ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क निर्माण का मुद्दा प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए हेमराज वर्मा ने कहा कि बरहा गांव की सड़क लंबे समय से बदहाल है, जिससे लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि अच्छी सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की बुनियादी जरूरत भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। पूर्व मंत्री ने युवक राजकुमार से भी बातचीत की और कहा कि जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन किसी भी आंदोलन में अपनी जान जोखिम में डालना उचित नहीं है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की।

## अप्राकृतिक संबंध ना वनाने पर विवाहिता को निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अतिरिक्त दहेज न देने व अप्राकृतिक संबंध बनाने से मना करने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने चार पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता ने बताया कि उसका निकाह दो साल पहले एक युवक के साथ हुआ था। मायके वालों ने अपनी सार्मथ के तहत दहेज दिया। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ठ नही हुए। कुछ ही महीना बाद ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज में एक बुलेट बाइक व अन्य सामान की मांग शुरू कर दी। विवाहिता ने मायके से दहेज लाने से मना कर दिया। जिससे नाराज ससुरालियों ने उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया। आरोप है कि उसका पति अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए उस पर दबाव डालता है। मना करने पर उसके साथ मारपीट करता है। 18 जून को पति ने फिर से उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने का जबरन प्रयास किया। विरोध करने पर 11 माह की पुत्री को छीनकर पिटाई लगाते हुए उसको घर से निकाल दिया। विना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पंचायत के दौरान उसको पुत्री वापस मिली।विवाहिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने पति चांद मियां,कबीर हसन,आशीरा बेगम और मुस्तकीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में उतरे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय




राष्ट्रीय किसान मजदूरी संगठन के कार्यकर्ता न्यायिक उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के 'देश बचाओ मोर्चा' अभियान के तहत स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भारत- अमेरिका मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते के विरोध में नगर में जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया व एसडीएम न्यायिक को अपना ज्ञापन दिया। संगठन के वरिष्ठ किसान नेता व मंडल संयोजक मो. साबिर उर्फ गुल्लू पहलवान की अगुवाई में बुधवार को कार्यकर्ता बीसलपुर पीलीभीत मार्ग स्थित संगठन के कार्यालय पर एकत्र हुए। प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन न्यायिक उप जिलाधिकारी लाल सिंह यादव को सौंपा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों के लिए एक गंभीर खतरा है। यह समझौता देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता पर सीधा चोट करता है। मोर्चे के नेताओं का कहना है कि यदि यह समझौता लागू होता है, तो इससे भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पूरी तरह से तबाह हो जाएगी। किसानों ने इस फ्री ट्रेड समझौते को किसानों के लिए 'डेथ वारंट' करार देते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।देश बचाओ मोर्चा ने भारत सरकार से पुरजोर मांग की है कि इस जनविरोधी समझौते को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और देश के अन्नदाताओं व आम जनता के हितों की रक्षा की जाए। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि यदि सरकार ने इस न्यायोचित मांग की अनदेखी की, तो मोर्चा देश भर में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से मो. साबिर उर्फ गुल्लू पहलवान (मंडल संयोजक, बरेली), वीरपाल, मो. अली, अंगद सिंह, मो. अय्यूब खां, अंग्रेज सिंह और अब्दुल कय्यूम सहित भारी संख्या में किसान प्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सुविधा** नव-निर्मित द्वितीय उपखंड वाइफरकेशन कार्यालय और आवासीय परिसर का लोकार्पण

## सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता : जल शक्ति मंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



लोकार्पण करते सिचाई मंत्री व भूमि पूजन के दौरान मौजूद डीएम व अन्य। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के कलीनगर मंडल अंतर्गत ग्राम पिपरिया संतोष में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे,इसके बाद जल शक्ति मंत्रालय के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत नव-निर्मित द्वितीय उपखंड वाइफरकेशन कार्यालय एवं आवासीय परिसर का विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया, लोकार्पण समारोह का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और फीता काटकर किया गया। इसके बाद मंत्री ने नव-निर्मित भवन का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों से परियोजना की लागत, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि कार्यालय के संचालन से क्षेत्र की सिंचाई परियोजनाओं के संचालन, रखरखाव तथा निगरानी व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित और प्रभावी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि नहरों का आधुनिकीकरण किया जाए, जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए और सिंचाई व्यवस्था को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नव-निर्मित द्वितीय उपखंड वाइफरकेशन कार्यालय से विभागीय कार्यों में गति आएगी और किसानों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर शीघ्रता से किया जा सकेगा। जल संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग,नहरों का रखरखाव, जल संरक्षण अभियान और सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इन प्रयासों का उद्देश्य किसानों की लागत कम करना, फसलों की उत्पादकता बढ़ाना और कृषि को अधिक लाभकारी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने परिसर में पौधारोपण कर कहा कि एक पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी सभी का दायित्व है। इस दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, भाजपा विधायक वावूराम पासबान, भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,महादेव गाइन,अनुराग अग्निहोत्री सहित कई मौजूद रहे। कार्यक्रम से पहले केबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया।

## शारदा नदी के बाढ़ सुरक्षा कार्यों का जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता परखी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को शारदा नदी के दाहिने तट स्थित मार्जिनल बंध पर बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्व निर्मित स्पर संख्या-8ए की नोज की मरम्मत, लॉन्चिंग एप्रन निर्माण तथा स्पर संख्या-8बी एवं 8सी के विस्तार कार्यों का बारीकी से निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता का परीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति एवं तकनीकी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि यह परियोजना मार्जिनल बंध की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से शारदा नदी के कटान से निकटवर्ती गांवों के साथ-साथ शारदा सागर जलाशय को भी बेहतर सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत जियो बैग एवं बोल्डर का उपयोग कर निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कराया गया है। जल शक्ति मंत्री ने मौके पर प्रयुक्त निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी परखी तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि संभावित बाढ़ के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता शारदा एच.एन. सिंह, अधीक्षक अभियंता बरेली त्रयंबक त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता हेड वर्क्स खंड बरेली, अधिशासी अभियंता शारदा सागर खंड , अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड पूरनपुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नगर निगम के पूर्व अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह बने एसडीए के ओएसडी

**शाहजहांपुर।** नगर निगम के पूर्व अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह को शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण (एसडीए) में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के पद पर तैनात किया गया है। नगर निगम से सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। एस.के. सिंह इससे पूर्व शाहजहांपुर नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। प्रशासनिक कार्यों के संचालन और नगर निगम की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। अब विकास प्राधिकरण में ओएसडी के रूप में वे प्रशासनिक एवं विकास संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी निभाएंगे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उनके नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दी हैं।

# "कशिश हत्याकांड: शिकायत के बाद भी नहीं जागा प्रशासन, घटना के अगले दिन पहुंचीं प्राचार्य; परिजनों ने कहा- 'कार्रवाई होती तो बेटी आज जिंदा होती"

**जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल छात्रा कशिश पटेल की हत्या के बाद कॉलेज प्रशासन पर गंभीर सवाल, प्राचार्य पर लापरवाही के आरोप, परिजनों ने एफआईआर, फास्ट ट्रैक कोर्ट और आरोपी को फांसी की मांग उठाई**

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पीलीभीत।** जिला अस्पताल परिसर स्थित मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल छात्रा कशिश पटेल की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या के बाद अब मामला केवल हत्या तक सीमित नहीं रह गया है। इस जघन्य वारदात ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और शिकायत निस्तारण प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना के अगले दिन प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा अस्पताल पहुंचीं, जहां मृतका के परिजनों ने उनसे तीखे सवाल पूछे और सीधे तौर पर उन्हें इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया। बुधवार को मृतका के पिता रोहताश पटेल, मां गिरजा देवी, भाई आशीष पटेल तथा चाचा विकास कुमार पटेल अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने प्राचार्य से पूछा कि जब कशिश ने पहले ही आरोपी छात्र सागर सिंह की शिकायत की थी, तब उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उनका कहना था कि यदि समय रहते कॉलेज प्रशासन ने शिकायत को गंभीरता से लिया होता, तो आज उनकी बेटी जीवित होती। हालांकि प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने शिकायत दबाने के आरोपों से इनकार किया, लेकिन परिजन उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उनका आरोप है कि शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया और मामले को दबाने का प्रयास किया गया। परिजनों ने स्पष्ट कहा कि अब वे पुलिस को लिखित शिकायत देकर प्राचार्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराने की मांग करेंगे।

**'15 दिन की छुट्टी देकर छोड़ दिया गया आरोपी' :** मृतका के चाचा विकास कुमार पटेल ने आरोप लगाया कि घटना से पहले भी कशिश ने सागर की शिकायत प्राचार्य से की थी। छात्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत के बाद आरोपी को केवल 15 दिन का अवकाश देकर छोड़ दिया गया। यदि उसी समय कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती, तो यह दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी। परिजनों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के कारण ही आरोपी अस्पताल के सीटी स्कैन कक्ष तक चाकू लेकर पहुंच गया और उसने कशिश पर जानलेवा हमला कर दिया।

**बात बढ़ी तो बुला लिया गार्ड :** परिजनों का आरोप है कि जब प्राचार्य से सवाल-जवाब तेज हुए तो उन्होंने अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्ड को बुला लिया। इससे परिजनों का आक्रोश और बढ़ गया। नाराज परिजन कार्यालय से बाहर निकल आए और कहा कि संस्थान में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह विफल साबित हुई है।

**डीएम और एसपी से लगाई न्याय की गुहार :** बुधवार को कशिश के परिजन जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव से मिले। उन्होंने आरोपी को फांसी की सजा, मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। अधिकारियों ने उन्हें कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**पुराने विवाद ने ली जान :** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सागर सिंह और कशिश के बीच लगभग एक माह पहले विवाद हुआ था। जांच के अनुसार सागर काफी समय से कशिश का पीछा कर रहा था। दोनों के बीच बातचीत की जानकारी जब दोनों परिवारों को हुई तो विवाद बढ़ गया। परिजनों ने सागर को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान उसकी पिटाई भी हुई, जिससे वह अपमानित महसूस कर रहा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इसी अपमान का बदला लेना चाहता था।

**सीटी स्कैन कक्ष में चाकू से ताबड़तोड़ हमला :** मंगलवार सुबह करीब नौ बजे जिला अस्पताल स्थित सीटी स्कैन कक्ष में दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान आरोपी ने अपने बैग से करीब 12 इंच लंबा चाकू निकाला और कशिश की गर्दन व पेट पर लगातार कई वार कर दिए। बीच-बचाव करने पहुंची स्टाफ नर्स निधि सहगल भी घायल हो गईं। गंभीर रूप से घायल कशिश को पहले जिला अस्पताल और फिर बरेली के श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी सागर सिंह को मौके से गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

## शैमरॉक किरन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 10वाँ स्थापना दिवस

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, केक कटिंग और रंगारंग कार्यक्रमों ने बांधा समां**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** शैमरॉक किरन स्कूल में बुधवार को 10वाँ स्थापना दिवस (फाउंडेशन डे) हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें स्कूल के डायरेक्टर हर्ष कंचन ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की 10 वर्षों की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कक्षा पांच के बच्चों ने 'टुडे वी स्टैंड विद जॉय एंड प्राइड' गीत प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा चार के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली स्किट का मंचन किया। कक्षा तीन के बच्चों ने 'है ठान लिया हमने' गीत अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा दो के विद्यार्थियों ने 'बम बम बोले, मस्ती में डोले' गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'अपनी तो पाठशाला, मस्ती की पाठशाला', 'आई गो टू शैमरॉक एवरी डे' और 'वी शैल ओवरकम' गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने हैंड प्रिंटिंग गतिविधि में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की संस्थापक किरन सक्सेना, डायरेक्टर हर्ष कंचन और प्रधानाचार्या अदिति सक्सेना ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ स्थापना दिवस का केक काटा। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप फूड पैकेट वितरित किए गए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर सदफ, ज्योति, सिदरा, सुबह, दिव्यांशी, इकरा, मंजरी, शानि, सायमा, लव, सागर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना में फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा बिना आवेदन वालों के नाम पर निकाली सब्सिडी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर योजना में बड़े घोटाले के संकेत मिले हैं। जांच में सामने आया है कि कई ऐसे लोगों के नाम पर सरकारी सब्सिडी जारी कर दी गई, जिन्होंने योजना के लिए कभी आवेदन ही नहीं किया था। इतना ही नहीं, कुछ मृत व्यक्तियों को भी लाभार्थी दर्शाकर सरकारी धन का भुगतान कर दिया गया। शुरुआती जांच में नौ आवेदनों में से आठ फर्जी मिलने पर यूपीनेडा ने संबंधित वेंडर के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। यूपीनेडा के वरिष्ठ लिपिक रघुवर दयाल की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी के निर्देश पर सनराइज एंटरप्राइजेज की जांच कराई गई। जांच के दौरान फर्म के संचालक आशु गुप्ता की भूमिका संदिग्ध मिलने पर 29 रूफटॉप सोलर आवेदनों की पड़ताल शुरू हुई। इनमें से नौ आवेदनों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें केवल एक स्थान पर ही सोलर सिस्टम लगा मिला, जबकि आठ आवेदन पूरी तरह फर्जी पाए गए। जांच में आरोप है कि फर्जी मोबाइल नंबर, कूटरचित आवेदन पत्र, दस्तावेजों में हेरफेर और चेक में बदलाव कर सरकारी सब्सिडी की राशि विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई। कई लाभार्थियों ने जांच टीम को बताया कि उन्होंने कभी योजना के लिए आवेदन नहीं किया और उनके घरों पर कोई सोलर पैनल भी नहीं लगाया गया। यूपीनेडा ने पूरे मामले में कुछ बैंक कर्मचारियों की संभावित मिलीभगत की आशंका भी जताई है। कैंट थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी वेंडर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार



तहसील परिषद तिलहर में मुंह चिढ़ाता वाटर कूलर। -जागरण मोर्चा

### करोड़ो खर्च कर लगाए गए वाटर कूलर बने सफेद हाथी

**तिलहर शाहजहाँपुर।** भीषण गर्मी के बीच तहसील तिलहर परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा लगाया गया शुद्ध शीतल पेयजल कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है। इससे तहसील में आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को तहसील परिसर में देखा गया कि पानी का कूलर बंद पड़ा है और नलों से पानी नहीं आ रहा। कूलर के नीचे लगी ट्रे में गंदगी और जंग भी साफ दिखाई दे रही है, जिससे स्पष्ट है कि काफी समय से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। गर्मी में दूर-दराज से आने वाले लोग प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। तिलहर नगर में 30 अधिक संख्या में करोड़ो रुपया खर्च कर विगत वर्ष नगर पालिका प्रशासन द्वारा जनहित में लगाए गए शीतल पेय जल वाटर कूलर फिलहाल आधे से अधिक पूरी तरह खराब हुए सफेद हाथी से नजर आ रहे है जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कई महीनों से एक यही नहीं बल्कि तिलहर नगर में 30 अधिक संख्या में करोड़ो रुपया खर्च कर विगत वर्ष नगर पालिका प्रशासन द्वारा जनहित में लगाए गए शीतल पेय जल वाटर कूलर फिलहाल आधे से अधिक पूरी तरह खराब हुए सफेद हाथी से नजर आ रहे है लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक इसे ठीक कराने की कोई पहल नहीं की बल्कि यूं कहना भी गलत नहीं होगा कि इस संबंध शिकायत को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है। लोगों ने नगर पालिका परिषद एवं तहसील प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े शीतल पेयजल कूलर की तत्काल मरम्मत कराकर इसे चालू कराया जाए, ताकि आम जनता को गर्मी में स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके।

### कांवड़ यात्रा से पहले पुलिस सतर्क, बिल्सी में धर्मगुरुओं संग बैठक, पैदल गश्त भी की



**बिल्सी।** सावन माह में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया ने थाना बिल्सी क्षेत्र में धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों और डीजे संचालकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी समुदायों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही डीजे संचालकों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुसार ही करने के निर्देश दिए गए। एएसपी ग्रामीण ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे और पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहेगा। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। बैठक के बाद पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

### पेड़ से टकराया आलू का ट्रक, चालक की मौत, जेसीबी से केबिन काटकर निकाला गया शव



र्घटना ग्रस्त ट्रक का फोटो। -जागरण मोर्चा

**खुटार शाहजहांपुर।** खुटार-बंडा मार्ग पर रूरा गांव के पास बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार आलू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक की केबिन में दबकर मौत हो गई। शव बुरी तरह फंस जाने के कारण पुलिस को जेसीबी की मदद से केबिन तोड़कर बाहर निकालना पड़ा। हादसा रूरा गांव स्थित गुरुद्वारे के पास हुआ। ट्रक बदायूं से आलू लेकर लखीमपुर खीरी मंडी जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चालक को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद जेसीबी बुलाकर ट्रक की केबिन काटी गई, तब जाकर चालक का शव बाहर निकाला जा सका। मृतक की पहचान पीलीभीत जनपद के थाना हजारा क्षेत्र के गांव राना प्रतापनगर कबीरगंज निवासी नसीम अख्तर (53) के रूप में हुई। हादसे की सूचना मिलते ही उनकी मां सायरा बानो, पत्नी सरदुंनिशा, पुत्र सुहैल व फैज अली समेत अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए। परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया हादसा वाहन के अनियंत्रित होने से प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## खेत से चोरी हुए 7 सोलर पैनल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



चोरी के पैनल सहित पुलिस गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** मदनापुर थाना पुलिस ने खेत से चोरी हुए सात सोलर पैनल बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त ऑटो भी सीज कर दिया है, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। मदनापुर पुलिस क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बुधवाना से जलालाबाद जाने वाली सड़क पर गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के पास एक ऑटो की छत पर सोलर पैनल लादकर कुछ लोग जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर ऑटो संख्या UP-27 BT-0574 को रोक लिया। ऑटो में सवार तीन लोगों को पकड़ लिया गया, जबकि पीछे मोटरसाइकिल से चल रहे दो साथी पुलिस को देखकर फरार हो गए। पुलिस ने ऑटो से LOOM SOLAR कंपनी के सात चोरी के सोलर पैनल बरामद किए। पूछताछ के बाद आरोपियों की पहचान विपिन निवासी कुडरी (थाना जलालाबाद), पिंकू उर्फ पिंटू निवासी तारापुर (थाना मिर्जापुर) और मीनू सिंह निवासी बारिया (थाना मिर्जापुर) के रूप में हुई। 14 जुलाई को केशौपुर गौटिया निवासी रतनपाल ने खेत से सात सोलर पैनल चोरी होने की रिपोर्ट मदनापुर थाने में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो टीमों का गठन किया था। अगले ही दिन पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया। आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपियों पर चोरी, मारपीट, धोखाधड़ी और अन्य मामलों के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## पत्नी को बुलाने की जिद : टंकी पर चढ़ा सफाई कर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय





**इस्लामनगर।** पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद नाराज युवक नगर पंचायत परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया और पत्नी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और करीब चार घंटे तक उसे समझाने का प्रयास करती रही, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। आखिरकार पुलिस ने सूझबूझ से योजना बनाई। पानी और खाना देने के बहाने एक व्यक्ति को टंकी पर भेजा गया, जिसने युवक को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारकर थाने भेज दिया।

मामला इस्लामनगर नगर पंचायत परिसर का है। यहां नगर पंचायत में सफाईकर्मी के पद पर तैनात दीपक पुत्र रामदास मंगलवार दोपहर करीब 12:20 बजे अचानक परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया और हाईवोल्टेज ड्रामा करने लगा। सूचना मिलते ही इस्लामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसे काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह पत्नी को बुलाने की मांग पर अड़ा रहा। नगर पंचायत परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। करीब चार घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारने के लिए विशेष योजना बनाई।

पुलिस की योजना के तहत एक व्यक्ति पानी और खाने का सामान देने के बहाने टंकी पर चढ़ा। बातचीत के दौरान उसने मौका मिलते ही दीपक को पकड़ लिया। इसी बीच पीछे से पुलिसकर्मी और अन्य लोग भी टंकी पर पहुंच गए और युवक को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर नीचे उतार लिया। इसके बाद पुलिस उसे जीप में बैठाकर थाने ले गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दीपक का अपनी पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद उसकी पत्नी चली गई थी। इसी से नाराज होकर वह टंकी पर चढ़ा था। पुलिस मामले में पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

**आयोजन** युवाओं ने लिया एक बुराई का त्याग कर अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प, देवकन्याओं ने प्रज्ज्वलित किए दीप

## आदर्श नागरिक बनकर देवसंस्कृति के पुनर्जागरण का आधार बनेंगे बच्चे : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**उझानी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा का ग्राम तिगोड़ा स्थित मां दुर्गा मंदिर पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत हुआ। मातृशक्तियों-देवकन्याओं ने 24 सौ तीर्थों के जल-रज से युक्त शक्ति कलश और 100 वर्षों से प्रज्ज्वलित दीप के दर्शन कर पूजन किया। इसके बाद शाम को विराट दीपक हुआ। सुंदर रंगोली के बीच ओम और स्वास्तिक के रूप में सजे दीपकों की झिलमिलाती रोशनी आकर्षण का केंद्र रही। युवाओं ने एक बुराई का त्याग कर अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया। गायत्री शक्तिपीठ से आए नत्थूलाल शर्मा ने कहा कि सुसंस्कारों और सत्पुरुषार्थ से मनुष्य में देवत्व का प्राकट्य होता है। जीवन की वास्तविक विभूति धन-संपदा नहीं, अपितु लोकमंगल के लिए समर्पित सत्कर्म और उज्ज्वल चरित्र है। उन्होंने कहा कि सेवा, साधना और सदाचार से जीवन को आदर्श बनाएं। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को शिक्षित ही नहीं, संस्कारवान, तेजस्वी, ओजस्वी एवं राष्ट्रनिष्ठ बनाएं। यही बच्चे आदर्श नागरिक बनकर देवसंस्कृति के पुनर्जागरण का आधार बनेंगे। वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा और डा.सोहनपाल ने वेद मंत्रोच्चारण कर पूजन कराया। मुख्य यजमान मुलायम सिंह पत्नी मुनीशा देवी ने शक्ति कलश का पूजन किया। मोरम सिंह पत्नी गुड्डू देवी ने गुरु पूजन, ओमवीर-लक्ष्मी और नबाव सिंह-मीरा ने वेदमाता गायत्री का पूजन किया।मातृ-शक्तियों और देवकन्याओं ने हम बदलेंगे-युग बदलेगा के जयघोष के साथ प्रज्ज्वलित किए। वातावरण दीपकों की रोशनी से चमक उठा। भव्य आरती के बाद प्रसाद वितरण हुई। इस मौके पर उदयपाल सिंह, महाराज सिंह, सौरभ चौहान, शिवानी रश्मि आदि मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सख्त, यात्रा मार्ग पर नॉनवेज और अंडे की बिक्री पर रोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** श्रावण माह और कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार के नॉनवेज खाद्य पदार्थ और अंडों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। साथ ही मार्ग पर संचालित सभी होटल, ढाबों और खानपान प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम प्रदर्शित करने वाली नेमप्लेट लगाना अनिवार्य होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी कांवड़ मार्ग पर स्थित सभी खाद्य प्रतिष्ठानों पर फूड सेफ्टी कनेक्ट एप का स्टीकर लगाया जाएगा। इसके माध्यम से श्रद्धालु सीधे खाद्य सुरक्षा विभाग को शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर जिले में खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण की संख्या में कम से कम 20 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। इसके अलावा होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई और खाद्य दुकानों का औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई, गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। बरसात के मौसम में संक्रमण की आशंका को देखते हुए खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों, कटे फलों, गन्ने के जूस, सड़े-गले फल एवं सब्जियों की विशेष निगरानी करने के निर्देश।

आज के मुकाबले में हैरी केन और लियोनेल मेसी पर होगी नजर

# दो दशक बाद फीफा विश्व कप में इंग्लैंड और अर्जेंटीना की टक्कर

■ 1962 में हुई थी पहली भिड़ंत ■ आंकड़ों में इंग्लैंड का पलड़ा भारी

**अटलांटा**



अटलांटा, आरएनएन। इंग्लैंड और अर्जेंटीना की टक्कर दो दशक बाद गुरुवार को फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में होगी। दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले से वर्ल्ड कप की सबसे पुरानी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक हो गया है।

इंग्लैंड और अर्जेंटीना पांच मुकाबले में आमने सामने हुए हैं। इस दौरान इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। इंग्लैंड की टीम तीन मुकाबले जीती है, जबकि अर्जेंटीना को दो मैचों में जीत मिली है, जिसमें एक पेनल्टी भी शामिल है। इंग्लैंड और अर्जेंटीना पहली बार वर्ष 1962 में विश्व कप में आमने-सामने हुए थे। जब इंग्लैंड ने ग्रुप चरण में 3-1 से जीत हासिल की थी, टीमों ने 1966 के क्वार्टर फाइनल में वेम्बली में प्रतिद्वंद्विता की नींव रखी थी। इंग्लैंड ने उस मैच में 1-0 से जीत हासिल की, जिसे ज्योफ हर्स्ट के देर से विजेता के रूप में कम, अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन की बर्खास्तगी के लिए याद किया जाता है। इस मुकाबले में इंग्लैंड ने ट्रॉफी तो जीत ली थी, लेकिन उस मुकाबले की खराब भावना दशकों तक बनी रही।

**हेड-टू-हेड**

मुकाबले
14

अर्जेंटीना जीता
3

इंग्लैंड जीता
6

ड्रॉ
5

### 60 साल बाद फाइनल में जगह बनाना चाहेगा इंग्लैंड

दोनों टीमों की विश्व कप में आखिरी भिड़ंत 2002 फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में हुई थी। उस मुकाबले में इंग्लैंड ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड की ओर से डेविड बेकहम ने पहले हाफ में पेनल्टी पर मैच का इकलौता गोल दागा था, जो टीम की जीत का अंतर साबित हुआ। अब 20 वर्ष बाद मेक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम में फाइनल में जगह बनाने की जंग होगी। एक ओर मौजूदा विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना है, तो दूसरी ओर इंग्लैंड, जो 60 साल के सूखे को खत्म कर दूसरी बार विश्व कप जीतने का सपना देख रहा है.अर्जेंटीना लगातार दूसरे फाइनल में पहुंचना चाहेगा, जबकि इंग्लैंड 1966 के बाद दूसरी बार फाइनल में अपनी जगह बनाना चाहेगा

## फीफा विश्व कप के समापन समारोह में दिखेंगे टॉम क्रूज और रॉबी विलियम्स

**नई दिल्ली**



अब तक के सबसे बड़े फीफा विश्व कप का समापन समारोह भी अभूतपूर्व होगा और न्यूजर्सी स्टेडियम पर होने वाले इस कार्यक्रम में टॉम क्रूज, लौरा पाउसिनी, रॉबी विलियम्स और आईशोस्पीड जैसे वैश्विक सुपरस्टार नजर आएंगे।

फीफा ने एक बयान में कहा कि तीन मेजबान देशों और 16 शहरों में हुए इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में 48 टीमों के यादगार सफर का जश्न मनाया जाएगा। एमी, ग्रैमी, आस्कर और टोनी पुरस्कार विजेता जेनिफर हडसन फीफा विश्व कप फाइनल से पहले अमेरिका का राष्ट्रगीत गाएंगी। फीफा विश्व कप 2026 के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिरगी ने कहा, उद्घाटन समारोह की भावना को आगे बढ़ाते हुए समापन समारोह में संगीत, संस्कृति और फुटबॉल के जरिये फीफा विश्व कप 2026 का समापन किया जायेगा। इसके बाद उस बहुप्रतीक्षित मैच की शुरुआत होगी जो इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट के चैंपियन का फैसला करेगा।

## एजबेस्टन में धोनी का दिल जीतने वाला अंदाज, बच्चे से पॉपकॉर्न लेकर बटोरी सुर्खियां

**बर्मिंघम**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर अपने सादगी भरे अंदाज से फैंस का दिल जीतते नजर आए। भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में खेले गए पहले वनडे मुकाबले के दौरान धोनी स्टैंड्स में मैच का आनंद लेते दिखाई दिए। इस दौरान एक छोटे बच्चे के साथ उनका प्यारा सा पल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

मैच के दौरान टीवी कैमरों की नजर जैसे ही धोनी पर पड़ी, पूरे एजबेस्टन स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत किया। इसी बीच धोनी के पास बैठा एक छोटा बच्चा उन्हें पॉपकॉर्न ऑफर करता नजर आया। धोनी ने बच्चे की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुस्कुराकर पॉपकॉर्न स्वीकार किया और उससे बातचीत भी की। कुछ देर बाद बच्चे ने दोबारा पॉपकॉर्न ऑफर किया, लेकिन इस बार धोनी ने मुस्कुराते हुए इशारे से कहा कि वह पहले ही खा चुके हैं और विनम्रता से मना कर दिया। उनका यह सादगी भरा व्यवहार सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है।

एमएस धोनी इस साल भारतीय टीम के मुकाबलों में लगातार नजर आ रहे हैं। इससे पहले मार्च में उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबला देखा था। इसके बाद वह अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भी मौजूद थे, जहां भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने के साथ रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। हाल ही में धोनी ने अपना 45वां जन्मदिन भी इंग्लैंड के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर भारत-इंग्लैंड के तीसरे टी20 मुकाबले के दौरान मनाया था। उनकी मौजूदगी जहां भी होती है, वहां फैंस की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है।

### आईपीएल भविष्य पर अब भी बना हुआ है सस्पेंस

धोनी के भविष्य को लेकर अभी भी कोई स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आई है। वह आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलते नजर नहीं आए, जिससे उनके आईपीएल करियर को लेकर अटकलें और तेज हो गई हैं। हालांकि, धोनी हमेशा से अपने संन्यास या वापसी के फैसले खुद लेने के लिए जाने जाते हैं। आईपीएल 2027 में वह वापसी करेंगे या नहीं, इस पर अभी तक न तो धोनी और न ही चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से कोई आधिकारिक बयान आया है।

### फैंस के लिए अब भी खास हैं 'कैप्टन कूल'

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कई साल बाद भी एमएस धोनी की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। मैदान पर हों या स्टैंड्स में, उनका हर अंदाज फैंस के लिए खास बन जाता है। एजबेस्टन में एक छोटे बच्चे के साथ उनकी यह मुलाकात भी यही साबित करती है कि धोनी सिर्फ एक महान क्रिकेटर ही नहीं, बल्कि अपने सहज और विनम्र स्वभाव की वजह से करोड़ों लोगों के दिलों पर आज भी राज करते हैं।

## ट्रॉट बने आयरलैंड क्रिकेट टीम के नए सलाहकार

**बर्मिंघम**

क्रिकेट जगत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट ने क्रिकेट आयरलैंड का हाथ थाम लिया है। वे एक शॉर्ट-टर्म कंसल्टेंसी भूमिका के तहत आयरलैंड की पुरुष टीम के साथ जुड़े हैं। गौरतलब है कि ट्रॉट का नाम इन दिनों इंग्लैंड की टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद की रेस में सबसे आगे चल रहा है, क्योंकि सोमवार को ही ब्रेंडन मैकुलम को इंग्लैंड के टेस्ट कोच पद से बर्खास्त किया गया है। जोनाथन ट्रॉट का आयरलैंड टीम के साथ यह कार्यकाल बेहद सीमित समय के लिए होगा।



## पंजाबी रेसलर शेरा के कड़े प्रहार को नहीं झेल सके डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन

### एक वार में जमीन पर गिर पड़े जैक हेजर

**फिरोजपुर**



पंजाब के फिरोजपुर निवासी रेसलर अमनप्रीत सिंह उर्फ महाबली शेरा ने पावर स्लैप प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर करते हुए डब्ल्यूडब्ल्यूई के पूर्व वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियन जैक हेजर को नॉकआउट कर दिया।

लास वेगास में 10 जुलाई को हुए पावर स्लैप-21 मुकाबले में शेरा के जोरदार थप्पड़ के बाद हेजर जमीन पर गिर पड़े और दोबारा खड़े नहीं हो सके। मुकाबले के शुरुआती दो राउंड में जैक हेजर बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन तीसरे राउंड में शेरा के पहले ही थप्पड़ ने मैच का रुख बदल दिया। रेफरी ने हेजर को नॉकआउट घोषित करते हुए शेरा को विजेता घोषित किया। जीत के बाद शेरा ने अपनी टी-शर्ट उतारकर जश्न मनाया। अमनप्रीत सिंह इससे पहले टीएनए रेसलिंग, डब्ल्यूडब्ल्यूई एनएक्सटी और ओवीडब्ल्यू हेवीवेट में हिस्सा ले चुके हैं।

## भारतीय टीम से अलग होना चाहते हैं कोच रयान डोएशे

**नई दिल्ली**



असिस्टेंट कोच रयान टेन डोएशे टीम इंडिया से नाता तोड़ना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज उनका आखिरी असाइनमेंट हो सकती है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) और हेड कोच गौतम गंभीर ने अभी तक रयान को हरी झंडी नहीं दी है।

नीदरलैंड के पूर्व क्रिकेटर रयान दो साल से भारतीय टीम से जुड़े हैं। उनके कॉन्ट्रैक्ट में विस्तार का प्रावधान है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रयान बीसीसीआई को जिम्मेदारी छोड़ने की इच्छा के बारे में पहले ही बता चुके है। सूत्रों का कहना है कि उनके फैसले के पीछे कई कारण हैं लेकिन नौकरी से नाखुशी जैसी चीज नहीं। ऐसे में कहा जा सकता है कि अगर उनका टीम से नाता टूटा तो यह आपसी सहमति से एक सौहार्दपूर्ण विदाई होगी। नीदरलैंड्स के पूर्व खिलाड़ी का बीसीसीआई के साथ शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट पूरा हो चुका है।

## सिंधू जापान ओपन के दूसरे दौर में पहुंचीं



**तोक्यो**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे की समस्या के कारण उन्हें और चिराग शेट्टी को मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट में मैच के बीच से हटना पड़ा जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सात्विक और चिराग की विश्व में चौथे नंबर की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया ओपन में भाग नहीं लिया था। जापान ओपन में उन्होंने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से पहला गेम 19-21 से हारने के बाद हटने का फैसला किया। भारतीय टीम के मुख्य युगल कोच टैन किम हर ने कहा कि भारतीय जोड़ी अगले सप्ताह होने वाले चीन ओपन में हिस्सा नहीं लेगी और अगस्त में भारत में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए चोट से उबरने की प्रक्रिया पर ध्यान देगी।

## तीन जूडो खिलाड़ी भारतीय टीम में चयनित

**भोपाल**



भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), केंद्रीय क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी), भोपाल के तीन खिलाड़ियों के एशियाई कैडेट जूडो चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम में चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 14 से 18 जुलाई तक अम्मान, जॉर्डन में आयोजित की जाएगी। भारतीय टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों में हर्षवर्धन पुरुष -60 किग्रा, वैभव सैनी पुरुष -73 किग्रा और आकांक्षा श्रीवास्तव महिला -70 किग्रा शामिल हैं। तीनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासित प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प के बल पर भारतीय दल में स्थान बनाया है। इनका चयन एसएआई एनसीओई भोपाल में उपलब्ध उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता को दर्शाता है । एसएआई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## चार खिलाड़ियों का भारतीय टीम में हुआ चयन

### अब एशिया में गूंजेगी मप्र की हॉकी प्रतिभा

**भोपाल**



मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। पुरुष वर्ग में आयुष रजक (गोलकीपर) एवं करण गौतम तथा महिला वर्ग में महक परिहार (गोलकीपर) एवं नौशीन नाज़ (फॉरवर्ड) का भारतीय टीम में चयन यूथ हॉकी5एस एशियन चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 20 से 25 जुलाई तक मस्कट, ओमान में आयोजित होगी। पुरुष वर्ग की भारतीय हॉकी टीम में आयुष रजक और करण गौतम का चयन किया गया है वहीं महिला वर्ग में महक परिहार और नौशीन नाज़ को भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

### काव्या मारन और अनिरुद्ध नवंबर में ले सकते हैं 7 फेरे

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद की सह-मालकिन काव्या मारन और मशहूर संगीतकार एवं गायक अनिरुद्ध रविचंदर इसी वर्ष नवंबर में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, दोनों की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल ही में अनिरुद्ध रविचंदर के चाचा और अभिनेता वाई.जी. महेंद्र ने हाल ही में एक इंटरव्यू में संकेत दिया था कि परिवार में शादी की तैयारियां चल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनिरुद्ध और काव्या की शादी तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की आगामी फिल्म जेलर 2 की रिलीज के बाद नवंबर में हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में परिवार या दोनों की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दोनों के रिश्ते की चचाएं वर्ष 2022 से लगातार सामने आती रही हैं।

## भारत में क्रिकेट के बहाने ड्रग्स की तस्करी करते थे पाक क्रिकेटर

**नई दिल्ली**

पाकिस्तानी क्रिकेटर मैदान पर और उसके बाहर विवादों के लिए बदनाम हैं, अब उनकी एक और घिनौनी करतूत सामने आई है जिसने पूरे खेल जगत को शर्मसार कर दिया है। पाकिस्तान के पूर्व बड़े क्रिकेटरों पर ड्रग्स तस्करी में शामिल होने का दावा किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के पूर्व अंडर सेक्रेटरी आरवीएस मणि ने एक इंटरव्यू में जो खुलासा किया है, उसने यह साफ कर दिया है कि पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ी केवल क्रिकेट खेलने के बहाने भारत आते थे, जबकि उनका असली मकसद यहां ड्रग्स की स्मगलिंग करना होता था। एक पॉडकास्ट में आर.वी.एस. मणि ने आरोप लगाया कि भारत दौरे पर आने वाले पाकिस्तानी डेलिगेशन, जिनमें पत्रकार और हाई प्रोफाइल क्रिकेटर्स भी शामिल थे, भारत में ड्रग्स की तस्करी करते थे। उन्होंने साल 2006 के आसपास भारत आए एसएएफएमए डेलिगेशन का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में ड्रग्स धकेलना हमेशा से पाकिस्तान की आधिकारिक और सोची-समझी नीति का हिस्सा रहा है।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।